RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 33 ■ अंक 255 ■ मुंबई, सोमवार 7 अप्रैल 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



जीवन शैली के प्रणेता भगवान महावीर

पेज-4



रामनवमी : मुस्लिम महिलाओं ने उर्दू में पढ़ी राम आरती

पेज-6



RCB के खिलाफ मैच से पहले लौट आया मुंबई इंडियंस का 'शेर'

पेज-9



इंसान नहीं असल जिंदगी में 'सुपरमैन' हैं माधवन!

पेज-10

## Short News एक नजर

### पंजाब व जम्मू का खतरनाक अपराधी गिरफ्तार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आप को बता दें कि पुलिस द्वारा एक ऐसे अपराधी को गिरफ्तार किया गया है, जिसने पंजाब व जम्मू में कई अपराध किए हैं। इस कुख्यात अपराधी का नाम आमिर खान है, जिसे उधमपुर जिले में रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बता दें कि इस अपराधी पर रेप, कत्ल का प्रयास व हथियार रखने जैसे कई मामले दर्ज हैं। बताया जा रहा है कि इस कुख्यात अपराधी को खुफिया सूचना के आधार पर पकड़ा गया है।

### G-20 देशों से टॉप पर भारत

**नई दिल्ली।** भारत की मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री इस समय एशिया में सबसे तेज रफ्तार से बढ़ रही है। मार्च 2025 में भारत का मैन्युफैक्चरिंग PMI 58.1 पर पहुंच गया, जो एशिया में सबसे ज्यादा है। भारत ने इंडोनेशिया (52.4) और चीन (51.2) को भी पीछे छोड़ दिया है। जी-20 देशों में भी भारत टॉप पर है। पिछले तीन महीनों का औसत PMI 57.37 रहा है, जो दिखाता है कि यह कोई एक महीने का उछाल नहीं है, बल्कि लगातार अच्छी ग्रोथ हो रही है।

### दरगाह पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने फहराया भगवा झंडा

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज में रामनवमी के मौके पर हिंदू संगठन के सदस्यों ने सालार मसूद गाजी की दरगाह पर चढ़कर बवाल काटा। कार्यकर्ताओं ने भगवा झंडा लेकर दरगाह की छत पर चढ़ गए और गुंबद के पास लहराते हुए जय श्रीराम के नारे लगाए। उधर, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तो सभी कार्यकर्ता हंगामा कर वापस जा चुके थे। हालांकि दरगाह के भीतर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। जिला मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर बहरिया थाने के सिकन्दरा इलाके में शाम के करीब 4 बजे हिंदू संगठन के कार्यकर्ता सालार मसूद गाजी की दरगाह पर पहुंच गए।

### सांसद जियाउर्रहमान बर्क के बिना अनुमति निर्माण मामले में सुनवाई टली

**संभल।** संभल जिले के दीपासराय स्थित आवास में बिना अनुमति निर्माण के मामले में शनिवार को संभल के एसडीएम वंदना मिश्रा की कोर्ट में सुनवाई नहीं हो सकी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 15 अप्रैल को निर्धारित की गई है। सांसद के अधिवक्ता मोहम्मद नईम ने बताया कि सुनवाई न होने के चलते कोर्ट ने अगली तिथि तय की है। इस मामले में 11 दिसंबर 2024 को समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को नियत प्राधिकारी/उपजिलाधिकारी विनियमित क्षेत्र की ओर से नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में आरोप लगाया गया कि सांसद ने दीपासराय स्थित अपने आवास पर बिना अनुमति के निर्माण कार्य कराया है, जिसका नक्शा पास नहीं कराया गया।

# रामलला का हुआ सूर्य तिलक

## रामलला के सूर्य तिलक के साथ दीपों से नहाई 'रामनगरी'

## अयोध्या में रामनवमी पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब





**महानगर नेटवर्क**

**अयोध्या**

अयोध्या नगरी रविवार को एक बार फिर उस दिव्य क्षण की साक्षी बनी, जब त्रेता युग में भगवान श्रीराम का धरती पर प्राकट्य हुआ था। रामनवमी के पावन पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने सरयू तट से लेकर श्रीराम जन्मभूमि मंदिर तक उमड़कर भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया। दोपहर ठीक 12 बजे जैसे ही भगवान रामलला के जन्म की घड़ी आई, मंदिर प्रांगण में शंखनाद गूंज उठा, घंटे-घड़ियाल बजने लगे और जय श्रीराम के नारों से अयोध्या का कण-कण गूंज उठा। हजारों श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। रामलला के सूर्य तिलक, विशेष श्रृंगार और जन्माभिषेक का दृश्य देख भक्त अभिभूत हो उठे। इस दौरान जब संतों और श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से तुलसीदासजी का दोहा- "नवमी तिथि मधुमास पुनीता, सुकल पच्छ अभिजित हरि प्रीता। मध्यान काल परम अनुहावा, सरजू तीर प्रगट भए श्रिरघु राजा॥" का उच्चारण किया, तो मानो वह दिव्य क्षण फिर सजीव हो उठा।

शेष पेज 7 पर

### मंदिर परिसर में मनाया गया दीपोत्सव

रामनवमी के अवसर पर न केवल श्रीराम जन्मभूमि, बल्कि पूरी अयोध्या दीपों, फूलों और भक्ति की रोशनी से जगमगा उठी। सुबह 9:30 बजे से जन्मोत्सव की विधियां शुरू हुईं। अभिषेक, श्रृंगार और आरती के बाद दोपहर 12 बजे भगवान रामलला का सूर्य तिलक हुआ। ड्रोन के माध्यम से श्रद्धालुओं पर सरयू जल की फुहारें छोड़ी गईं। ड्रोन पर जय श्री राम लिखा था।

# PM का तमिलनाडु सरकार पर हमला

## मोदी ने रामेश्वरम में नए पम्बन ब्रिज का किया उद्घाटन

### कम से कम अपना साइन तो तमिल में करो

**महानगर नेटवर्क**

**चेन्नई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रामेश्वरम द्वीप और भूमि क्षेत्र के बीच रेल संपर्क की सुविधा प्रदान करने वाले पंबन समुद्री पुल का उद्घाटन किया और नई रामेश्वरम-तांबरम (चेन्नई) ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने रामेश्वरम में विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने तमिलनाडु के कुछ नेताओं द्वारा तमिल भाषा में साइन नहीं किए जाने पर आश्चर्य जताया और उन्हें संदेश दिया कि कम-से-कम अपना साइन तो तमिल में करें। पीएम मोदी ने रामेश्वरम में सत्तारूढ़ डीएमके का नाम लिए बिना हमला बोलते हुए कहा कि केंद्र द्वारा तमिलनाडु का आंवटन बढ़ाए जाने के बाद भी कुछ लोग धन के लिए प्रलाप कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि मैं तमिलनाडु सरकार से कहना चाहता हूं कि वे तमिल भाषा में मेडिकल कोर्स जारी करें, ताकि अंग्रेजी न जानने वाले गरीब परिवार के बेटे-बेटी भी डॉक्टर बन सकें।



### 'श्रीराम का जीवन राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार'

तमिलनाडु में प्रधानमंत्री मोदी ने एक विशाल जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'आज राम नवमी का पावन पर्व है, अब से कुछ समय पूर्व अयोध्या के भव्य राम मंदिर में रामलला का सूर्य की किरणों ने भव्य तिलक किया है। भगवान श्रीराम का जीवन, उनके राज्य से मिलने वाली सुशासन की प्रेरणा राष्ट्र निर्माण का बड़ा आधार है।'

# राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद वक्फ बिल बना कानून

- लागू होने की तारीख तय करेगा केंद्र
- मुस्लिम संगठनों का विरोध
- सुप्रीम कोर्ट में 6 याचिकाएं




**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

वक्फ संशोधन विधेयक के संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इसे मंजूरी दे दी है। वक्फ संशोधन बिल 2025 अब कानून बन गया है। इस नये कानून को कांग्रेस, एआईएमआईएम और आम आदमी पार्टी (AAP) ने अलग-अलग याचिकाओं के साथ सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। देश के अलग-अलग राज्यों में कई मुस्लिम संगठन इसके विरोध में प्रदर्शन भी कर रहे हैं। केंद्र सरकार के अनुसार यह कानून मुस्लिम विरोधी नहीं और इसका उद्देश्य पक्षपात, वक्फ संपत्तियों के दुरुपयोग को रोकना है।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) ने इस कानून पर अपनी चिंता जताने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से तत्काल मुलाकात का समय भी मांगा था।

# पश्चिम बंगाल में रामनवमी पर बीजेपी का 'शक्ति प्रदर्शन'

- भगवामय हो गईं सड़कें
- ड्रोन से निगरानी

**महानगर नेटवर्क**

**कोलकाता**

पश्चिम बंगाल में रविवार सुबह ही रामनवमी का पर्व शोभायात्राओं और 'जय श्री राम' के नारों के साथ शुरू हो गया। इस दौरान लाखों श्रद्धालु सड़कों पर उमड़ पड़े। रामनवमी पर्व के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। सुबह से ही सड़कों पर उत्सव का माहौल दिखाई दिया। भगवा रंग के झंडे, भक्ति संगीत और रामायण के दृश्यों को दिखाने वाली झांकियां निकाली गईं। अकेले कोलकाता में 60 से ज्यादा शोभायात्राओं का आयोजन किया गया। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और हिंदू जागरण मंच सहित भाजपा से संबद्ध हिंदूवादी संगठन भी पश्चिम बंगाल में शोभायात्राएं आयोजित किया। इस बीच राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर इस अवसर को सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि सभी शोभायात्राओं की निगरानी के लिए ड्रोन और सीसीटीवी का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया गया। कोलकाता के एंटाली, कोसीपुर, खिदरपुर और चितपुर जैसे संवेदनशील स्थानों पर त्वरित प्रतिक्रिया दल भी तैनात किए गए हैं।



# जम्मू-कश्मीर के दौरे पर शाह

## सुरक्षा-व्यवस्था और विकास कार्यों की करेंगे समीक्षा

**महानगर नेटवर्क**

**जम्मू**

गृहमंत्री अमित शाह तीन दिवसीय दौरे के लिए जम्मू-कश्मीर पहुंच चुके हैं। अभी कुछ देर पहले गृहमंत्री अमित शाह जम्मू के टेक्निकल एयरपोर्ट पर उतरे हैं। गृहमंत्री अमित शाह को रिसीव करने के लिए जम्म-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, जम्मू कश्मीर बीजेपी के प्रधान सत शर्मा के साथ-साथ अन्य नेता भी मौजूद थे। जानकारी के अनुसार अमित शाह एयरपोर्ट से सीधा राजभवन की तरफ रवाना हुए हैं। इसके बाद राज भवन से गृहमंत्री अमित शाह जम्मू के बीजेपी कार्यालय त्रिकुटा नगर भी जाएंगे। क्योंकि आज रामनवमी के साथ-साथ भाजपा स्थापना दिवस भी है, गृहमंत्री अमित शाह वहां पर अपने कार्यकर्ताओं को संबोधित भी करेंगे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे के दूसरे दिन आज वह कठुआ जिले के संवेदनशील हीरानगर सेक्टर का दौरा करेंगे, जहां वे पाकिस्तान से सटे अंतरराष्ट्रीय सीमा पर स्थित अग्रिम सीमा चौकी का निरीक्षण करेंगे।



# नंदीग्राम में बनेगा अयोध्या जैसा भव्य राम मंदिर

## शुभेंदु अधिकारी ने कर दिया शिलान्यास

**महानगर नेटवर्क**

**नंदीग्राम**

पश्चिम बंगाल के नंदीग्राम जिले में अयोध्या जैसे भव्य राम मंदिर के निर्माण का कार्य रामनवमी के मौके से ही शुरू हो गया है। विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने रविवार को रामनवमी के अवसर पर पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम में राम मंदिर की आधारशिला रखी। राम मंदिर की आधारशिला सोनाचूरा गांव में रखी गई, जहां छह जनवरी 2007 को स्थानीय प्रशासन के भूमि अधिग्रहण का विरोध कर रहे कम से कम सात लोगों की उपद्रवियों द्वारा की गई गोलीबारी में मौत हो गई थी।



समर्थकों और भक्तों के 'जय श्री राम' के उद्घोष के बीच अधिकारी ने मंदिर की नींव रखी। इससे पहले भाजपा के वरिष्ठ नेता रामनवमी शोभायात्रा का नेतृत्व करते हुए सोनाचूरा स्थित शहीद मीनार से प्रस्तावित मंदिर स्थल पर पहुंचे।

### 1.5 एकड़ भूमि पर बनेगा राम मंदिर

शुभेंदु अधिकारी ने बताया था कि सोनाचूरा का राम मंदिर डेढ़ एकड़ जमीन पर बनेगा। वहीं इस मंदिर को अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर ही डिजाइन किया जाएगा। यह मंदिर पश्चिम बंगाल का सबसे बड़ा राम मंदिर होगा।

### नंदीग्राम में 18 साल पहले क्या हुआ था

नंदीग्राम में 14 मार्च 2007 को भूमि अधिग्रहण का विरोध करने वाले कम से कम 14 पुलिस की गोली का शिकार हो गए थे। नंदीग्राम में ममता बनर्जी और शुभेंदु अधिकारी दोनों की ही अच्छी पकड़ मानी जाती है।

# भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ न लगाने की अपील

**लोंगवा।** नगालैंड के मोन जिले के एक नगा जनजातीय मुखिया ने केंद्र सरकार से भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ (फेंसिंग) लगाने और 'फ्री मूवमेंट रीजीम' (एफएमआर) क्षेत्र को कम करने के फैसले को तुरंत रद्द करने की अपील की है। टोन्येई फावांग, जो कि अंग (राजा) के 10वीं पीढ़ी के मुखिया हैं, ने कहा कि मोन जिले के दोनों ओर रहने वाले लोग कोन्याक नगा जनजाति से हैं और वे आपस में बहुत गहराई से जुड़े हुए हैं। उनके परिवार और रिश्तेदार दोनों देशों में बसे हुए हैं, और उनका रोजमर्रा का जीवन एक-दूसरे पर निर्भर करता है। अंग टोन्येई फावांग ने कहा, हम भारत-म्यांमार सीमा पर बाड़ नहीं चाहते।

## हाथों में भगवा झंडे, जुबां पर जय श्रीराम

# संभल में पहली बार निकली रामनवमी पर शोभायात्रा

**महानगर नेटवर्क**

**संभल**

रविवार को रामनवमी के अवसर पर संभल जिले में पहली बार वीएचपी की ओर से भव्य भगवा शोभायात्रा निकली। शोभायात्रा में संस्कृति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। रामनवमी शोभायात्रा में युवतियों ने हाथों में तलवार लेकर करतब दिखाए। साहस और आत्मविश्वास की अनूठी मिशाल पेश की। भगवा झंडे लेकर युवक पूरे जोश और उत्साह में झूमते नजर आए। शोभायात्रा में भगवान राम, हनुमान और अन्य देवी-देवताओं की झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा में शामिल लोग जय श्रीराम के जयकारे लगाते रहे। वहीं, संभल में रविवार को वीएचपी के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सोहन सोलंकी का भव्य स्वागत किया गया। वीएचपी के सदस्यों ने 'जय श्रीराम' के उद्घोष के साथ उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर आयोजित स्वागत समारोह में सोलंकी ने राम जन्मोत्सव के महत्व और हिंदू समाज की ऐतिहासिक संघर्ष यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर सोहन सोलंकी ने पश्चिम उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के क्षेत्र में वीएचपी के कार्यों और योजनाओं पर भी प्रकाश डाला और समाज में धार्मिक एकता और समरसता के लिए विहिप के प्रयासों की सराहना की।



# इस्राइल ने गाजा पर रातभर बरसाए बम, 15 लोगों की मौत

## मरने वालों में ज्यादातर महिलाएं और बच्चे शामिल

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

इस्राइल ने गाजा पट्टी पर रातभर बमबारी की। इस्राइली हमलों में 15 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 10 महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों ने रविवार को इस्राइली हमलों के बारे में जानकारी दी। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इस्राइली हमलों में अब तक कम से कम 50,695 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। हालांकि, मंत्रालय ने यह जानकारी नहीं दी कि मरने वालों में कितने नागरिक और लड़ाके थे। स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि इस्राइली हमलों में लगभग 115,338 लोग घायल हुए हैं। वहीं, इस्राइल का कहना है कि उसने 20,000 आतंकवादियों को मार गिराया है। इस्राइल ने पिछले महीने हमास के साथ युद्धविराम तोड़ दिया और आतंकवादी संगठन पर दबाव बनाने के लिए फिर से हवाई और जमीनी स्थर पर हमले शुरू कर दिए। इस्राइल ने हमास आतंकियों पर युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के लिए नए समझौते को स्वीकार करने का दबाव बनाने के लिए कई हमले किए। साथ ही कई इलाकों पर कब्जा भी कर लिया है। इसके साथ ही इस्राइल ने गाजा में भोजन, ईंधन और मानवीय सहायता रोक दी है।



# उत्तर भारत में भीषण गर्मी का कहर, दिल्ली सहित इन राज्यों में येलो अलर्ट

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई राज्यों के लिए अगले कुछ दिनों तक हीटवेव (लू) को लेकर चेतावनी जारी की है। खासतौर पर 7 से 9 अप्रैल तक दिल्ली में भीषण गर्मी पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए 'येलो अलर्ट' जारी किया है और अधिकतम तापमान 40 से 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

दिल्ली में इस समय तापमान सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। अधिकतम तापमान 38 से 40 डिग्री सेल्सियस के बीच है। मौसम विभाग का कहना है कि 7 और 8 अप्रैल को पारा 42 डिग्री तक जा सकता है, जिससे राजधानी में हीटवेव जैसे हालात बन सकते हैं। दिल्ली में न्यूनतम तापमान अभी 17 से 22 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जो सामान्य के करीब है, लेकिन अधिकतम तापमान 1 से 3 डिग्री ज्यादा है। बीते 24 घंटों में पश्चिमी-उत्तर-पश्चिमी दिशा से 18 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं। आसमान साफ बना हुआ है, जिससे धूप तेज महसूस हो रही है।

मौसम विज्ञान विभाग के वैज्ञानिक अखिल श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि 8 से 10 अप्रैल के बीच पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र (जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड) में पश्चिमी विक्षोभ के कारण बारिश, तेज हवाएं और गरज-चमक के साथ बौछारें हो सकती हैं। इससे कुछ हद तक गर्मी में राहत मिल सकती है, लेकिन दिल्ली-एनसीआर और आसपास के मैदानी इलाकों में इसका असर सीमित होगा। राजस्थान में आने वाले 4 से 5 दिनों तक भीषण लू चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने यहां के लिए भी चेतावनी जारी की है। गुजरात और सौराष्ट्र-कच्छ क्षेत्र में 6 से 10 अप्रैल के बीच हीटवेव बने रहने की उम्मीद है, जिसमें 6 और 7 अप्रैल को स्थिति ज्यादा गंभीर हो सकती है। मध्य प्रदेश में 8 से 10 अप्रैल के बीच कुछ इलाकों में लू चलने की चेतावनी दी गई है।



### यूपी में भीषण गर्मी के साथ लू का अलर्ट जारी

उत्तर प्रदेश में अप्रैल, मई और जून महीने में सामान्य से अधिक तापमान और भीषण गर्मी पड़ने की आशंका है। साथ ही तेज उष्ण लहर का भी पूर्वानुमान है। इन संभावित चुनौतियों से निपटने के लिए उप्र सरकार के चिकित्सा तथा पशुपालन विभाग ने एहतियातन तैयारी शुरू कर दी है। वैसे तो पूरे प्रदेश में भारी गर्मी के आसार हैं लेकिन विशेषज्ञों ने खासतौर पर चेतावनी दी है कि राज्य के बुंदेलखंड क्षेत्र को सबसे गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ सकता है, जिससे मानव और पशु दोनों के स्वास्थ्य को काफी खतरा हो सकता है।



# भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी : फडणवीस

महानगर संवाददाता
मुंबई

भारतीय जनता पार्टी (BJP) आज अपना स्थापना दिवस मना रही है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भारतीय जनता पार्टी (BJP) को दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दिग्गज नेताओं के प्रयासों को दिया है।

**1980 में बीजेपी की हुई स्थापना**

बीजेपी की स्थापना साल 1980 में हुई थी। बीजेपी के गठन के बाद 1984 में हुए पहले लोकसभा चुनाव में पार्टी ने केवल दो सीट जीती थीं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा नागपुर में बीजेपी के नए कार्यालय की आधारशिला रखे जाने के बाद फडणवीस ने कहा कि ऐसा लग रहा है जैसे 'हमारे अपने घर का शिलान्यास हो रहा है।'



### पीएम मोदी और श्यामा प्रसाद मुखर्जी समेत कई नेताओं का नाम

इस दौरान भावुक भाषण में फडणवीस ने कहा, 'श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।' उन्होंने बीजेपी के नए कार्यालय के लिए पांच लाख रुपये दिया और पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं से अपनी क्षमता के अनुसार योगदान देने का अनुरोध किया है।

### इस तरह बनी भाजपा

बता दें कि भाजपा का उदय भारतीय जनसंघ से जुड़ा है, जो 1951 में श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा स्थापित किया गया था। जनसंघ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) से प्रेरित था और हिंदू राष्ट्रवाद व सांस्कृतिक एकता के विचारों को बढ़ावा देता था। यह पार्टी मुख्य रूप से कांग्रेस के विकल्प के रूप में उभरी और 1977 में आपातकाल के बाद जनता पार्टी के गठन में शामिल हुई। हालांकि, जनता पार्टी का प्रयोग असफल रहा और 1980 में मतभेदों के कारण जनसंघ के नेताओं ने नई पार्टी यानी भारतीय जनता पार्टी (BJP) की स्थापना की।

### 'भाजपा के कार्यकर्ता ही हमारी जात, भाजपा के विचार ही हमारी निष्ठा': गडकरी



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि हम जाति से बड़े नहीं होते। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता यही हमारी जात है ,भारतीय जनता पार्टी का विचार ही हमारी निष्ठा है , राष्ट्र हमारे लिए सर्वोपरि है। गडकरी ने यह बात महाराष्ट्र के नागपुर शहर में भाजपा के नए कार्यालय की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित करने दौरान कही। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस और भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले भी उपस्थित थे। भाजपा आज अपना स्थापना दिवस भी मना रही है।

### भाजपा कार्यालय में मनाया गया स्थापना दिवस



भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस पर 6 अप्रैल रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद किरीट सोमैया के हाथों ध्वजारोहण और भारत माता की प्रतिमा का पूजा किया गया .इस अवसर पर रामनवमी के दिन भगवान श्रीराम के प्रतिमान का पूजा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश समन्वयक विश्वास पाठक, मुख्य प्रदेश प्रवक्ता केशव उपाध्ये,वरिष्ठ नेता मधु चव्हाण,शैला सामंत, प्रदेश प्रवक्ता अतुल शाह, ओमप्रकाश चौहान,कार्यालय मंत्री मुकुंद कुलकर्णी और अर्जुन गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### विधायक राजहंस सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ मनाया भाजपा स्थापना दिवस



रविवार 6 अप्रैल को रामनवमी एवं भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस के अवसर पर भाजपा,दिंडोशी की ओर से मुंबई उपाध्यक्ष व विधायक राजहंस सिंह की उपस्थिति में मंडल अध्यक्ष राजन सिंह सहित सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दिंडोशी विधानसभा जनसंपर्क कार्यालय में एकत्रित होकर भाजपा का झंडा फहराकर हर्षोल्लास के साथ भाजपा स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने जय श्रीराम व भारत माता की जय के जयघोष करते हुए एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। विधायक राजहंस सिंह ने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के ऐतिहासिक विकासकार्यों का संदेश प्रभावी ढंग से बूथ स्तर पर जनता से संपर्क कर जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश देते हुए सभी को रामनवमी और भाजपा स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## उलवे में युवक की निर्मम हत्या
### प्रेमी-प्रेमिका नाशिक से गिरफ्तार

महानगर संवाददाता
नवी मुंबई



नवी मुंबई के उलवे इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां 40 वर्षीय संजय पांडे की निर्मम हत्या कर दी गई। संजय पांडे वहाल गांव, उलवे के निवासी थे और गाड़ी चलाने का काम करते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक महिला ने अपने प्रेमी और दो अन्य साथियों के साथ मिलकर पहले संजय के सिर पर हथौड़े से हमला किया। जब वे फिर भी खड़े हो गए,तो दोबारा सिर पर वार किया गया। इतना ही नहीं, हत्या के दौरान उनकी आंखें भी फोड़ दी गईं, जिससे वारदात की क्रूरता सामने आती है। हत्या के बाद आरोपियों ने शव को गद्दे में लपेट कर घर में बंद कर दिया और संजय की गाड़ी लेकर फरार हो गए। वे पहले पुणे पहुंचे, जहां गाड़ी का एक्सीडेंट हुआ। गुरुवार सुबह आरोपी ने संजय के भाई को उनके मोबाइल नंबर से मैसेज कर तीन हजार रुपए की मांग की,लेकिन कॉल न उठाने के कारण संदेह हुआ। इसके बाद उलवे पुलिस स्टेशन में मिसिंग की रिपोर्ट दर्ज की गई। शनिवार को आरोपी नासिक पहुंचे,जहां फिर से गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई। घटना के खुलासे के बाद प्रेमी और प्रेमिका ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया और हत्या की बात कबूल की। नासिक पुलिस ने तुरंत उलवे पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए कामोठे एमजीएम अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आगे की जांच में जुटी है नासिक पुलिस के मदद से दो लोगों को हिरासत में लिया है बाकी आरोपियों की तलाश जारी है।

## समाजसेवी मिठाई लाल सिंह नहीं रहे



**मुंबई।** उत्तर भारतीय समाज के गौरव कहे जाने वाले,उत्तर भारतीय संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहे 96 वर्षीय मिठाई लाल सिंह का निधन हो गया है। वे वर्षों से समाजहित के विविध कार्यों में योगदान दे रहे थे। उनके निधन से समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। दि प्रताप कोआपरेटिव बैंक के संस्थापक, महाराणा प्रताप सेवा मंडल के अध्यक्ष,दयानंद वेदिक विद्यालय एंड जूनियर कॉलेज मुलुंड,माटुंगा और चारकोप के अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यों और व्यक्तित्व से संस्था आज शीर्ष स्थान पर है। अदम्य इच्छाशक्ति और सकारात्मक सोच रखने वाले मिठाईलाल सिंह ने हमेशा उत्तर भारतीय समाज को संगठित और मजबूत करने का काम किया। सादा जीवन और उच्च विचार में विश्वास रखने वाले मिठाईलाल सिंह,गांधीवादी परंपरा के रूप में देखे जाते थे। संघर्षों से उन्होंने कभी हार नहीं मानी है। वे अपने पीछे बेटा,बेटी ,नाती,पोतों का भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने तथा उनका अंतिम दर्शन करने के लिए दयानंद स्कूल,आर्य समाज, माटुंगा पुर्व, नप्पू गार्डन में मंगलवार (8 अप्रैल) को सुबह नौ बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। 9:30 बजे उनका अंतिम संस्कार सायन हॉस्पिटल के पास स्थित सायन श्मशान भूमि में किया जाएगा। शोक सभा/प्रार्थना बुधवार की शाम को में रखा गया है।

उनके निधन पर उत्तरभारतीय संघ के अध्यक्ष संतोष आरएन सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है। सिंह ने कहा कि वे समाज कल्याण के लिए समर्पित व्यक्ति थे उन्होने उनके निधन को समाज की अपूर्णीय क्षति बताते हुए कहा कि मैं इस दुखः की घड़ी में परिवार के साथ हूं।

## पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे को शिवसेना का खुला ऑफर

**मुंबई।** आगामी मुंबई मनपा सहित अन्य निकाय चुनाव को देखते हुए सभी राजनीतिक पार्टियां जोर शोर से तैयारी में जुट गई हैं। नेताओं और कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारी में लग जाने का आदेश दिया गया है। इसी कड़ी में सभी पार्टियां संगठन को बढ़ाने के लिए दूसरे पार्टी के नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कर रही है। इसमें शिवसेना (शिंदे) पार्टी के नेता और मंत्री संजय शिरसाट ने पूर्व सांसद और यूबीटी के वरिष्ठ नेता चंद्रकांत खैरे को पार्टी में शामिल होने का खुला ऑफर दिया है। शिरसाट के इस ऑफर के बाद प्रदेश की सियासत गर्म हो गई है। संजय शिरसाट ने कहा है कि चंद्रकांत खैरे के लिए हमारी पार्टी के दरवाजे हमेशा खुले हैं। शिरसाट ने कहा कि शिवसेना ठाकरे गुट को दूसरे लोगों की सलाह लेने के बजाय जय श्री राम का नाम लें, राम का नाम लेने पर सब कुछ अच्छा होगा। मैं पूर्व सांसद चंद्रकांत खैरे से कभी नाराज नहीं हुआ। क्योंकि उन्होंने ईमानदारी से पार्टी की सेवा की है। इसलिए मैंने उनसे कहा है कि हमारी पार्टी के दरवाजे ऐसे लोगों के लिए हमेशा खुले हैं। दूसरों के लिए नहीं, मैंने आधिकारिक तौर पर उन्हें पार्टी में शामिल होने की पेशकश की है।



### वक्फ संशोधन बिल पर देश में बवाल
## लेकिन ठाणे में शांति, पुलिस ने संभाला मोर्चा




**ठाणे।** केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में पारित वक्फ कानून संशोधन बिल को लेकर देश के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। इस बिल को लेकर मुस्लिम समुदाय में नाराज़गी देखी जा रही है। लेकिन महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अब तक शांति बनी हुई है। ठाणे पुलिस ने इस संवेदनशील विषय पर पूरी सतर्कता बरती है, खासकर मुंब्रा जैसे मुस्लिम बहुल इलाके में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बता दें कि पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सोशल मीडिया पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि कोई भड़काऊ पोस्ट या अफवाहें फैलने न पाए। स्थानीय समुदाय से भी बातचीत कर शांति बनाए रखने की अपील की गई है। वहीं कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी पुलिस की तत्परता की सराहना की है और जनता से संयम बनाए रखने की अपील की है। मुंब्रा, कोसा, कौसा मस्जिद, और अमृतनगर जैसे क्षेत्रों में पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है और संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त बल तैनात किया गया है। ठाणे पुलिस का यह निर्णय निश्चित तौर पर अन्य शहरों के लिए एक उदाहरण बन सकता है, जहां अभी भी विरोध प्रदर्शन और तनाव की स्थिति बनी हुई है। फिलहाल, ठाणे में हालात पूरी तरह नियंत्रण में हैं और प्रशासन स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। मुंब्रा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अनिल शिंदे ने बताया, "मुंबई या अन्य राज्यों की तरह ठाणे में फिलहाल कोई तनाव की स्थिति नहीं है। फिर भी हमने सुरक्षा के लिहाज से पूरी तैयारी कर ली है।

## जानवरों के अस्पताल की मांग




**भायंदर।** मिरा-भायंदर शहर यह मुंबई से सटा परिसर है। इस शहर की आबादी 15 लाख से ज्यादा है। इस शहर में सभी सुविधा मौजूद है। यहां की मनपा का करोड़ों का बजट है। यहां के जीवदया प्रेमियों का आरोप है की इतना बजट होने के बावजूद मनपा यहां पर जानवरों के लिए एक भी अस्पताल शुरू नहीं कर पाई है । इस शहर में अहिंसा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा मनपा के सहयोग से निशुल्क पशु-पक्षियों का उपचार किया जाता है। इसके अलावा घायल पशु- पक्षियों को रखने की सुविधा भी इनके पास है,परन्तु यह संस्था भी घायल जानवरों का सिर्फ उपचार करती है। अगर किसी जानवर की ज्यादा ही हालत नाजुक हो तो इनके पास ऐसी कोई व्यवस्था नही है की उन जानवरों को भर्ती करके उनका इलाज किया जा सके। मिरा - भायंदर शहर से बाहर की कई संस्थाओं द्वारा भी इस शहर के जानवरों का इलाज किया जाता है, परन्तु वह सिर्फ इलाज करते है इनको अस्पताल में भर्ती नही करते। यहां पर कई जानवरों की इलाज के अभाव में मौत हो जाती हैं। पशु-प्रेमियों द्वारा मनपा से कई बार यहां पर जानवरों के लिए अस्पताल की मांग की गयी है,परन्तु अभी तक यहां पर अस्पताल शुरू नहीं हो पाया है । हालांकि मनपा एवं सहयोगी जीवदया प्रेमी संस्थाओं द्वारा इन जानवरों के उपचार हेतु वैकल्पिक प्रयास किया जाता है परन्तु गंभीर रूप से घायल या बीमार जानवरों को भर्ती करके उनका उपचार करने जैसी कोई व्यवस्था मनपा के पास नहीं है ।

## मालेगांव ब्लास्ट मामले की सुनवाई कर रहे जज का ट्रांसफर
### फैसला सुरक्षित रखने से कुछ दिन पहले आया ऑर्डर



**मुंबई।** मुंबई कोर्ट के विशेष एनआईए जज एके लाहोटी जिनके अधीन 2008 मालेगांव ब्लास्ट केस की सुनवाई हो रही थी, उनको बॉम्बेहाई कोर्ट द्वारा जारी जिला जजों की सामान्य स्थानांतरण सूची में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्हें मुंबई से नासिक भेजा गया है और यह आदेश 9 जून से प्रभावी होगा।

**जज लाहोटी को बनाए रखने की अपील :** मालेगांव ब्लास्ट पीड़ितों के परिवारों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से पत्र लिखकर जज लाहोटी को मुंबई में बनाए रखने की अपील की थी। उनका कहना था कि मालेगांव केस में तर्क लगभग समाप्त हो चुके हैं और अब केस के निर्णय के लिए समय का दबाव है।

वकील ने अपने पत्र में यह भी कहा कि जज लाहोटी का 2-3 साल का कार्यकाल जून 2022 में पूरा हो चुका है और अब उनकी संभावित स्थानांतरण की संभावना के कारण पीड़ित परिवार चिंतित हैं। उन्हें डर है कि बिना निर्णय दिए ही उनका स्थानांतरण न हो जाए।

## उल्हासनगर मनपा ने प्रापर्टी टैक्स वसूली में बनाया रिकार्ड




**उल्हासनगर।** शहर विकास को लेकर निरंतर स्मार्ट योजनाओं को लागू करने में लगी मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया है,और नागरिकों को सुविधाएं देने के प्रयास में जुटी है,हालांकि उल्हासनगर मनपा आर्थिक तंगी के चलते विकास कार्य को आगे बढ़ाते बढ़ाते रुक जाती रही है,अब शहर विकास करने की जिम्मेदारी आयुक्त मनीषा आव्हाले को मिली है,आयुक्त व टैक्स विभाग अधिकारी नीलम कदम के अथक प्रयास से वर्ष 2024-2025 के वित्तीय वर्ष में टैक्स वसूली में इसके पूर्व के सभी रिकॉर्ड तोड़कर 126,84 करोड़ रुपये की टैक्स वसूली की गई है,जबकी पिछले वर्ष 112 करोड़ रुपया मनपा टैक्स विभाग ने वसूली किया था, इस वर्ष पिछले वर्ष की अपेक्षा 117 करोड़ रुपए टैक्स वसूली का टारगेट था,परंतु मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले की पहल व टैक्स विभाग निर्धारक नीलम कदम व टैक्स विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों ने अथक मेहनत करके पिछले वर्ष के वसूली का रिकॉर्ड तोड़ दिया, और 126,84 करोड़ रुपये वसूली की,बता दे की उल्हासनगर मनपा अंतर्गत में 1 लाख 26 हजार 543 निवासी और 47 हजार व्यवसायी संपत्ति के मालिक हैं, हालांकि इस वर्ष मनपा टैक्स विभाग कर निर्धारनकर्ता व कलेक्टर नीलम कदम व उनकी टीम के कर्मचारियों ने रिकॉर्ड 126.84 करोड़ रुपये का संपत्ति टैक्स वसूली कर अभी तक के टैक्स वसूली के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिया है, लेकिन अभी भी 825 करोड़ रुपये का संपत्ति टैक्स बकाया है, वित्तीय वर्ष 2024-25 का बकाया 833 करोड़ और चालू वर्ष का संपत्ति कर 117.80 करोड़ कुल 951 करोड़ बकाया था.यह,मनपा की ओर से जानकारी दी गई है। उल्हासनगर मनपा प्रतिवर्ष अभय योजना लाती है,इस वर्ष लाये गये अभय योजना में 51 करोड़ से अधिक की वसूली हुई है।

## रामभक्ति में लीन हुआ स्वानंद बाबा आश्रम
### रामनवमी पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब



**ठाणे।** ठाणे पश्चिम के येऊर स्थित परम पूज्य स्वानंद बाबा आश्रम में रामनवमी के शुभ अवसर पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत नजारा देखने को मिला। स्वानंद बाबा सेवा न्यास द्वारा आयोजित इस धार्मिक आयोजन में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए और भगवान श्रीराम की पूजा-अर्चना कर जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। स्वानंद बाबा की समाधि को धीरज मिश्र द्वारा विशेष रूप से सजाया गया था, जहां नवदुर्गा की छवि सभी के आकर्षण का केंद्र रही। इस पावन अवसर पर प्रमुख ट्रस्टी एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ल, पं. दुर्गाप्रसाद पाठक और ट्रस्टी शांति शुक्ला ने उपस्थित भक्तों का स्वागत किया। कार्यक्रम में ठाणे के विधायक संजय केलकर,राज मिश्रा, अनिल गलगली, आचार्य पवन त्रिपाठी, पत्रकार अभय मिश्र, योगेश शुक्ला सहित कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे।

## एआईयू ने शाहरुख खान को किया गिरफ्तार
### जेद्दाह से पहुंचा था मुंबई, मां के लगेज में छिपाया था सोने की छड़ें

**मुंबई।** एअर इंटेलिजेंस यूनिट (एआईयू) ने शाहरुख खान को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी शाहरुख के मुंबई पहुंचने के बाद की गई। शाहरुख खान जेद्दाह से अपनी परिवार के साथ इंडिगो फ्लाइट नंबर 6E92 से मुंबई आया था। एआईयू के अधिकारियों के अनुसार, एयरपोर्ट पर शाहरुख की मां के बैग की ऑनलाइन स्कैनिंग के दौरान कुछ संदिग्ध वस्तु दिखी। जब अधिकारियों ने उनकी मां से इसके बारे में सवाल किया, तो उन्होंने इसके बारे में किसी प्रकार की जानकारी होने से मना कर दिया। इसके बाद, बैग की जांच करने पर दो आयरन बॉक्स (प्रेस) से 16 सोने की छड़ें बरामद हुईं। इन छड़ों का कुल वजन 1200 ग्राम था, और उनकी कीमत करीब 1 करोड़ 2 लाख 25 हजार 728 रुपये के आसपास निकली।



### कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में भेजा

आधिक जांच करने पर यह खुलासा हुआ कि शाहरुख को जेद्दाह के एक होटल में पार्सल के रूप में यह सोना दिया गया था। शाहरुख ने यह सोना अपनी मां के लगेज में बिना उन्हें बताए छिपा दिया था। शाहरुख को विश्वास था कि उनकी मां के कारण वह पकड़े नहीं जाएंगे। सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के तहत सोने की तस्करी का यह मामला दर्ज किया गया। शाहरुख के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया और 5 अप्रैल को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस गिरफ्तारी के बाद एआईयू के अधिकारियों ने अदालत से अनुरोध किया कि यदि शाहरुख को रिहा किया जाता है, तो वह देश से भाग सकता है और जांच में रुकावट आ सकती है। अदालत ने इसे गंभीर मानते हुए शाहरुख को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में शाहरुख की मां का बयान भी लिया गया, जिसमें उन्होंने इस तस्करी के बारे में किसी प्रकार की जानकारी होने से इंकार किया। एआईयू अधिकारियों ने कहा कि यह एक अंतरराष्ट्रीय तस्करी नेटवर्क का हिस्सा हो सकता है।

## टोरेंट पावर ने अधिक बिलिंग के आरोपों को किया खारिज
### कहा-टैरिफ निर्धारण हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं

**भिवंडी।** भिवंडी और शील-मुंब्रा-कलवा क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को अधिक बिजली बिल भेजने के आरोपों पर टोरेंट पावर ने सफाई दी है। कंपनी ने स्पष्ट किया है कि बिजली टैरिफ तय करना उनके अधिकार में नहीं है, वे केवल एमईसीडीसीएल (महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड) द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार ही बिल भेजते हैं। टोरेंट पावर ने बताया कि वे इन क्षेत्रों में एमईसीडीसीएल की फ्रेंचाइज़ी के रूप में कार्यरत हैं और महाराष्ट्र विद्युत नियामक आयोग (MERC) द्वारा स्वीकृत टैरिफ को ही लागू करते हैं, जैसा कि पुणे, नासिक, नागपुर और ठाणे जैसे अन्य शहरों में होता है। कंपनी के मुताबिक, इन क्षेत्रों में कुल 6.20 लाख आवासीय उपभोक्ता हैं, जिनमें से 55% को 100 यूनिट से कम का मासिक बिल आता है, 52% को 1000 रुपये से कम और 80% उपभोक्ताओं को 2000 रुपये से कम का बिल प्राप्त होता है।

## डॉ. नरेश चन्द्र याज्ञवल्क्य पुरस्कार से सम्मानित

महानगर संवाददाता
कल्याण



बी. के.बिड़ला महाविद्यालय,कल्याण के शिक्षा निदेशक और मुंबई विश्वविद्यालय के पूर्व प्र.कुलगुरु डॉ. नरेश चन्द्र को उनके शैक्षणिक, धार्मिक,सांस्कृतिक एवं सामाजिक योगदान के लिए "याज्ञवल्क्य पुरस्कार 2024-25" से सम्मानित किया गया । पिछले पांच दशकों से अधिक समय से कार्यरत "शुक्ल यजुर्वेदीय माध्यंदिन ब्राह्मण संस्था" द्वारा यह पुरस्कार डॉ. नरेश चन्द्र को समाजोत्थान के लिए किये गए कार्यों के लिए प्रदान किया गया।

अत्रे रंगमंदिर में आयोजित कार्यक्रम में यह पुरस्कार महाराष्ट्र राज्य के सांस्कृतिक कार्य मंत्री आशिष शेलार एवं प्रसिद्ध समाजसेवी पद्मश्री डॉ. प्रकाश आमटे के करकमलों डॉ. नरेश चंद्र को प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. नरेश चन्द्र ने संस्था को धन्यवाद देते हुए उन सभी महानुभावों को याद किया,जिन्होंने कल्याण शहर के विकास के लिए आजीवन प्रयास किया। पिछले पचास वर्षों से निरंतर ऊंचाइयों की तरफ अग्रसर बिड़ला महाविद्यालय की उपलब्धियों का सम्पूर्ण श्रेय उन्होंने बिड़ला परिवार,प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओ. आर. चितलांगे और पूर्व एवं वर्तमान प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को दिया। शहर के विकास पर भावुक होते उन्होंने कहा कि 'मैं चाहता हूं कि कल्याण शहर की पहचान अब पूरे देश में शिक्षा के केंद्र के रूप में बने और पूरी दुनिया से विद्यार्थी यहां अध्ययन के लिए आएं।' इस अवसर पर पूर्व विधायक नरेन्द्र पवार,श्रीकांत बोजेवार, बिड़ला महाविद्यालय की प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओ. आर. चितलांगे, उपाध्यक्ष सुबोध दवे, मिलिंद कुलकर्णी, राजीव जोशी आदि गण्यमान्य विशेषरूप से उपस्थित थे । ज्ञातव्य हो कि डॉ. नरेश चन्द्र पिछले पैतालीस वर्षों से कल्याण स्थित बिड़ला महाविद्यालय और स्थानीय अन्य शिक्षण संस्थानों के विकास के साथ-साथ कल्याण शहर के बहुविध विकास के लिए भी अनेक रूपों में क्रियाशील हैं।

## भाषण देते हुए लड़की को आया हार्ट अटैक, मौत

**मुंबई।** धाराशिव में कॉलेज इवेंट के दौरान भाषण देते हुए अचानक एक लड़की को हार्ट अटैक आ गया और उसकी मौत हो गई। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना महाराष्ट्र के धाराशिव के परंडा तालुका की है। एक कॉलेज इवेंट के दौरान भाषण देते हुए 20 वर्षीय लड़की की हार्ट अटैक की वजह से मृत्यु हो गई। घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें लड़की हंसते हुए भाषण देते हुए नजर आ रही है और अचानक जमीन पर गिर जाती है। इसके बाद उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर द्वारा लड़की को मृत घोषित कर दिया गया।

## श्री नागरदास डी. भूता हाई स्कूल में आकर्षक पपेट शो का सफल आयोजन

महानगर संवाददाता
मुंबई



श्री नागरदास डी. भूता हाई स्कूल, अंधेरी (पूर्व) में शनिवार, 5 अप्रैल को नर्सरी, जूनियर के.जी और सीनियर के.जी के छात्रों के लिए श्रम का महत्व विषय पर आधारित टिनी - मिनी नामक एक आकर्षक पपेट शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वेदा मोंटेसरी की संस्थापक, खुशबू परिख मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं । इस अवसर पर स्कूल के ट्रस्टी कमलेशभाईजी भूता, देवांगीबेन भूता और तेजश्री भूता उपस्थित थे। शिक्षकों की एक टीम, जिसमें प्रियंका शेठ, मिस सोनाली झवेरी, उमामहेश्वरी देवेंद्र, हेमाली गांधी, ज्योति नाथ और शिक्षा कुंभार शामिल थीं, जिन्होंने अपने कौशल्य द्वारा दो गिलहरियों - टिनी और मिनी की कहानी पर आधारित पपेट शो को बहुत ही प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्हें सुपरवाइजर, मिस मारिया नवाब और प्री-प्राइमरी और प्राइमरी इन-चार्ज मिस सायली बोर्डे का अमूल्य मार्गदर्शन मिला।

### मनोरंजनपूर्ण शिक्षा देने के दृष्टिकोण से आयोजित किया गया

पपेट शो का आयोजन स्कूल प्रशासन द्वारा छात्रों को आनंद प्रदान करने, उनकी कल्पनाशक्ति को बढ़ाने, श्रवण कौशल्य विकसित करने, आत्मविश्वास बढ़ाने, सामाजिक कौशल को विकसित करने, भाषा कौशल और नैतिक मूल्यों को विकसित करने के उद्देश्य से किया गया था। यह शो स्कूल में मनोरंजनपूर्ण शिक्षा देने के दृष्टिकोण से आयोजित किया गया था। आकर्षक कहानी और कुशल संवाद ने छात्रों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि खुशबू पारिख को यह शो बहुत पसंद आया और उन्होंने इसे बहुत सराहा और स्कूल प्रशासन और पपेट शो में शामिल सभी शिक्षकों को बधाई दी। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उन्होंने विद्यालय प्रशासन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। अपने सम्बोधन में उन्होंने पपेट शो जैसे कार्यक्रमों को पाठ्यक्रम में शामिल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा हम मानते हैं कि पपेट शो छोटे बच्चों में कौशल विकसित करने एक उत्कृष्ट तरीका है, जिससे उनके भाषा कौशल विकसित होती है। विगत कई वर्षों से श्री नागरदास डी. भूता हाई स्कूल छात्रों के लिए शैक्षणिक,आनंददायी व प्रेरणादायक कार्यक्रमों का आयोजन करता आ रहा है। अभिभावकों ने विद्यालय प्रशासन के प्रति अपना आभार व्यक्त किया जिसने इतने सुंदर कार्यक्रम का आयोजन किया। इस तरह उक्त कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।

# वक्फ बोर्ड कानून को लेकर कोर्ट नहीं जायेंगे : उद्धव




महानगर संवाददाता

मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति में आए दिन आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। शिवसेना (UBT) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने एक बार फिर केंद्र सरकार और महायुती सरकार पर जमकर निशाना साधा है। इस बार उन्होंने वक्फ बोर्ड से लेकर मराठी भाषा के मुद्दे तक पर तीखी टिप्पणियां की हैं। बीजेपी के स्थापना दिवस के मौके पर आज (6अप्रैल) ठाकरे ने चुटकी लेते हुए कहा, "तारीख के अनुसार आज भाजपा का स्थापना दिवस है या सुविधा के अनुसार,ये वही जानें, लेकिन आज रामनवमी का अवसर भी है, ऐसे में मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। अगर वे रामराज्य की बात करते हैं, तो प्रभु श्रीराम के जैसे आचरण करें।"

**क्या मैं उन 27 सालों को वनवास मानूं?**

27 सालों तक भाजपा के साथ वाले सवाल पर ठाकरे बोले,"क्या मैं उन 27 सालों को वनवास मानूं?" उन्होंने भाजपा पर तीखा कटाक्ष करते हुए कहा कि चुनाव के समय लाडली बहना योजना, किसानों की कर्ज माफी जैसे वादे किए गए,लेकिन अब 'प्राण जाए पर वचन न जाए' यह सिद्धांत सिर्फ कहने भर का रह गया है।

**वक्फ बोर्ड पर साफ किया रुख**

वक्फ बोर्ड कानून को लेकर उद्धव ठाकरे ने कहा, "हमने इस मुद्दे पर अपना स्टैंड साफ कर दिया है। हम कोर्ट नहीं जाएंगे। कांग्रेस या कोई और जाए, उन्हें जाने दो। हम समय आने पर बोलते रहेंगे।" विवादास्पद ऑर्गनाइजर लेख का हवाला देते हुए ठाकरे ने आरोप लगाया कि भाजपा को किसी भी समुदाय से प्रेम नहीं है,उन्होंने कहा, "बीजेपी को बस जमीन और व्यापार से मतलब है। वक्फ बोर्ड की जमीन, क्रिश्चियन की ज़मीन — सब अपने दोस्तों को देना ही इनका असली एजेंडा है। कल को यह गुरुद्वारा, जैन समाज और हिंदुओं की जमीनें भी अपने पूंजीपति मित्रों को सौंप देंगे." ठाकरे ने हिंदुत्व को लेकर बाजेपी की कथनी और करनी पर सवाल उठाए. उन्होंने कहा, "दो दिन में बीजेपी और उनके मित्र दलों के भाषणों को देखें, तो सब मुसलमानों की ओर केंद्रित थे. फिर वे हमें हिंदुत्व पर क्यों घेरते हैं?"

अंत में उन्होंने ऑर्गनाइज़र द्वारा भाजपा के कथित छुपे एजेंडे को उजागर करने के लिए पत्रिका की सराहना की और कहा, "मैं ऑर्गनाइज़र का अभिनंदन करता हूं, जिसने सच्चाई सामने लाई है।"



## मंत्री माणिकराव कोकाटे पर बोले उद्धव

उद्धव ठाकरे ने कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे को लेकर भी सवाल खड़े किए और कहा कि जिन पर खुद धोखाधड़ी का आरोप है, उन्हें मंत्रीपद पर बने रहने का नैतिक अधिकार नहीं है। कोर्ट से अस्थायी राहत मिलना अलग बात है, लेकिन आरोप तो साबित हो ही चुके हैं।

## राज्य में मराठी भाषा विवाद पर भी बोले

राज्य में आजकर मराठी भाषा पर भी कई जगह बवाल देखने को मिलता है। वहीं मराठी भाषा के सवाल पर ठाकरे ने कहा, "चलो मराठी सीखते हैं — यह मुहिम उत्तर भारतीयों के साथ मिलकर शुरू की गई है,जो लोग यहां रहना और व्यापार करना चाहते हैं, उन्हें मराठी बोलनी चाहिए, इससे उन्हें लाभ मिलेगा।"

# कंस्ट्रक्शन से निकलने वाली डेब्रिज का निस्तारण करना होगा अनिवार्य

## कचरे पर निगरानी रखने के लिए होगा ऐप का उपयोग

महानगर संवाददाता

मुंबई

केंद्र सरकार ने कंस्ट्रक्शन से निकलने वाली डेब्रिज का निस्तारण अधिनियम 2025 को अधिसूचित किया है जो 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगे। मनपा अधिकारियों के अनुसार देश के सभी महानगर पालिका और नगर पालिका सहित कचरा उत्पन्न करने वाली संस्थाओं को इन नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। कानून को लागू करने के लिए एक वर्ष का समय दिया गया है। इसी तरह मुंबई में निकलने वाले कचरे पर भी निगरानी रखने के लिए ऐप की सहायता ली जाएगी। बता दें कि देश के कई शहरो में बिगड़ता पर्यावरण बड़ी समस्या बन गया है। केंद्र सरकार ने पर्यावरण की समस्या से निपटने के लिए निर्माण और तोड़फोड़ अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2025 को अधिसूचित किया है। नए नियमों के तहत निर्माण क्षेत्र को विस्तारित उत्पादक जिम्मेदारी के दायरे में लाया गया है।



### मनपा के सामने बड़ी चुनौती

जिसमे पंजीकरण, अपशिष्ट रिपोर्टिंग, रीसाइक्लिंग लक्ष्य और पता लगाने की क्षमता को अनिवार्य किया गया हैं। मुंबई में अब निर्माण कार्यों के दौरान निकलने वाले डेब्रिज को बिना रिकॉर्ड के फेंकने की जगह एक निगरानी योग्य और जवाबदेह प्रणाली अपनानी होगी। मनपा पर इन नियमों को लागू करने और उनका पालन सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी होगी। वर्तमान में मुंबई प्रतिदिन 8,500 मीट्रिक टन से अधिक निर्माण एवं ध्वस्तीकरण कचरा उत्पन्न होता है। मनपा के सामने इतने बड़े पैमाने पर निकलने वाली डेब्रिज का निपटारा करना बड़ी चुनौती होगी। मनपा अधिकारियों ने बताया कि मुंबई में फिलहाल दो डेब्रिज प्लांट शुरू किए गए है जो दहिसर और शिलफाटा में स्थित हैं और प्रत्येक की क्षमता 600 मीट्रिक टन प्रतिदिन है। हालांकि शहर में इससे कहीं अधिक डेब्रिज उत्पन्न हो रहा है। मनपा ने इसी के चलते देवनार में तीसरे संयंत्र की योजना बनाई जा रही है। मनपा घनकचरा विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जब भी किसी बिल्डर को निर्माण की अनुमति दी जाती है तो विकास योजना विभाग द्वारा पहले डेब्रिज के प्रबंधन की जानकारी ली जाती है।

# मुंबा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं का लगा तांता

**मुंबई।** रविवार को राम नवमी के पावन अवसर पर मुंबा देवी मंदिर में सुबह 5:30 बजे मंगला आरती के साथ मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोला गया। रविवार छुट्टी का दिन होने के कारण तड़के सुबह ही मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। अप्रैल महीने की भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन ने भावुकों को सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मंदिर के बाहर दो बड़े पंडाल बनाए गए थे ताकि भक्तों को धूप से राहत मिल सके। भीड़ पर नियंत्रण रखने के लिए सुरक्षा कर्मियों और स्वयंसेवकों की संख्या भी बढ़ा दी गई है। लोकमान्य तिलक मार्ग पुलिस थाने की ओर से भी हमेशा की तरह पुलिस बंदोबस्त तैनात किया गया था। सुबह 10 बजे चंडी हवन की शुरुआत हुई और पूर्णाहुति शाम 5:30 बजे हुई। इस दौरान लाखों की संख्या में भाविक मंदिर में आकर दर्शन और पूजन कार्य किए। मंदिर के प्रमुख हेमंत जाधव ने जानकारी दी कि मंदिर में शाम तक लगभग एक लाख से अधिक दर्शनार्थी मंदिर में दर्शन करने आए थे।



## मानवाधिकार और सतत मानव विकास के लिए अज़ीम प्रेमजी के प्रस्ताव को, मुख्यमंत्री की मंजूरी

# विधिसंघर्षित बालकों के पुनर्वास हेतु हेल्प डेस्क

महानगर संवाददाता

मुंबई

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि क़ानूनी संघर्ष कर रहे विधिसंघर्षित बालकों के पुनर्वास के लिए कानूनी, सामाजिक व परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु राज्य के निरीकष गृह में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। यह प्रस्ताव समाजसेवी उद्योगपति अजीम प्रेमजी द्वारा दिया गया था,जिस पर सरकार ने मंजूरी दे दी है। ये हेल्प डेस्क सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से संचालित किए जाएंगे। बच्चों के पुनर्वास के उद्देश्य से टाटा सामाजिक विज्ञान संस्थान (TISS), किशोर न्याय संसाधन केंद्र (RCJJ), और महिला व बाल विकास विभाग, महाराष्ट्र सरकार के बीच एक ऐतिहासिक समझौता किया जाएगा। फडणवीस ने कहा कि यह हेल्प डेस्क विधिसंघर्षित बालकों को सम्मान और सहानुभूति के साथ देने का एक प्रयास है। इन बच्चों की सामाजिक और कानूनी ससमस्याओं को सुनने और मदद पहुंचाने का यह एक सशक्त माध्यम होगा। इससे कम उम्र में ही उचित मार्गदर्शन न देकर उन्हें समाज के लिए उपयोगी नागरिक बनाने की दिशा में राज्य सरकार का यह एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि विधीसंघर्षित बच्चों से जुड़े मुद्दे केवल मानवाधिकारों के नहीं, बल्कि सतत मानवी विकास के भी गंभीर विषय हैं।




### बच्चों के शोषण व गलतफहमियों में कमी आएगी

इन बच्चों का पुनर्वास करना महाराष्ट्र सरकार की एक महत्वपूर्ण और नैतिक जिम्मेदारी है। हेल्प डेस्क की स्थापना के बाद कानूनी प्रक्रिया को बेहतर समझा जा सकेगा, बच्चों के शोषण व गलतफहमियों में कमी आएगी, न्यायिक प्रक्रिया में पारदर्शिताता और बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ेगा, जिससे पुनर्वास और समाज में पुनः एकीकरण को बल मिलेगा। अक्सर ये बच्चे गरीब और कमजोर वर्ग से होते हैं, जिनके पास कानूनी जानकारी नहीं होती। कई बार वकीलों से मिली गलत सलाह, सामाजिक कलंक और भावनात्मक आघात के कारण न्यायिक प्रक्रिया में बाधाएं आती हैं। माता-पिता भी अक्सर कानूनी प्रक्रिया से अनभिज्ञ होते हैं। ऐसे में नशे से दूर रखने और समुपदेशन के लिए हेल्प डेस्क की मदद ली जाएगी। इसके अंतर्गत CCL बच्चों और उनके अभिभावकों को उनके अधिकारों और न्यायिक प्रक्रिया की जानकारी दी जाएगी, बाल न्याय बोर्ड, वकील, व अन्य संबंधित संस्थाओं से समन्वय किया जाएगा, और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों द्वारारा निरंतर सेवा प्रदान की जाएगी। यह योजना पहले चरण में नागपुर, यवतमाल, लातूर, पुणे और ठाणे इन पांच जिलों में लागू की जाएगी, जहां हर वर्ष कम से कम 4,000 बच्चों तक पहुंचने का लक्ष्य है। इसके बाद इस राज्य के प्रत्येक जिले में विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं (NGOs) के सहयोग से विस्तारित किया जाएगा।

# प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने और कचरा शुल्क वसूलने का भाजपा ने किया विरोध

**मुंबई।** मनपा प्रशासन द्वारा मुंबई के नागरिको पर कचरा शुल्क लगाने और प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने का निणर्य लिया है। मनपा के इस निर्णय का भाजपा ने विरोध किया है। भाजपा के विधान परिषद सदस्य राजहंस सिंह ने मनपा के निणर्य का विरोध करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस को पत्र लिखकर कचरा शुल्क लगाने और प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने पर रोक लगाने की गुहार लगाई है। बता दे की मनपा ने मुंबईकरों से कचरा शुल्क और प्रॉपर्टी टैक्स में लगभग 13 प्रतिशत वृद्धि करने की योजना बनाई है।भाजपा नेताओ ने मनपा के इस प्रस्तावित निर्णय का विरोध किया है। भाजपा विधायक राजहंस सिंह ने प्रस्तावित कचरा शुल्क और प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने की योजना का विरोध करते हुए इसे तत्काल रद्द करने की मांग मुख्यमन्त्री से की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और मनपा आयुक्त भूषण गगरानी को लिखे पत्र में सिंह ने मुंबईकरों के साथ अन्याय है इसे तुरंत रद्द किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मनपा के इस निर्णय से आम मुंबईकरों में नाराजगी है। विधायक ने कहा कि मनपा मुंबईकरों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने वाली संस्था है। मनपा को टैक्स लगाकर मुंबईकरों से कमाई का जरिया नहीं बनाना चाहिए। अतिरिक्त कचरा शुल्क और प्रॉपर्टी टैक्स बढ़ाने से भविष्य में महायुति को नुकसान हो सकता है।




# एनसीपी (एसपी ) की पूर्व नगरसेविका भाजपा में शामिल

**ठाणे।** भाजपा के स्थापना दिवस और श्री रामनवमी के पावन पर्व के अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के शरद पवार गुट के पूर्व नगरसेविका छायाताई राव और मधुर राव,सामाजिक कार्यकर्ता योगेश भंडारी और घोड़बंदर क्षेत्र के लांड्री एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कनोजिया कई अन्य कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष संजय वाघुले की पहल पर भाजपा में शामिल हुए हैं। आज सुबह भाजपा के ठाणे संभागीय कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे और जिला अध्यक्ष संजय वाघुले ने पार्टी में शामिल होने वाले कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। बताया गया था कि जिला अध्यक्ष संजय वाघुले की पहल पर पिछले कुछ दिनों से सामाजिक कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विभिन्न दलों के कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट की पूर्व पार्षद रागिनी बैरीशेट्टी भी वहां पहुंचीं। पूर्व शिवसेना पार्षद और अब राष्ट्रवादी शरद पवार गुट के सदस्य, छाया राव और मधुर राव, भाजपा में शामिल हो गए। वहीं उथलसर के सामाजिक कार्यकर्ता योगेश भंडारी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा का झंडा थाम लिया।




# युवक पर आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज

**मुंबई।** भोईवाड़ा पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर उसके देवर की प्रताड़ना से पति की आत्महत्या किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने देवर पर उसके पति को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। घटना अगस्त 2024 की है,लेकिन अब जाकर इस मामले में भोईवाड़ा पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अगस्त 2024 में उर्मिला शुक्ला के पति अशोक शुक्ला ने आत्महत्या कर ली थी,जिसके बाद से यह मामला सामने आया है। अब उर्मिला के देवर रमेश शुक्ला ने उसके रावल चेंबर, परेल के घर पर एक पत्र लगाया था। जिसमें लिखा गया था कि उस घर पर उसका भी मालिकाना हक है। अब पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुरू में खुली जगह पर मनपा ले परमिशन से घर बना लिया था। जिसके बाद तीन घर और फ्लैट दूसरे इलाके में बड़े भाई अशोक को रमेश ने दे दिया।



# बांद्रा वर्ली सी-लिंक पर कार दुर्घटनाग्रस्त

**मुंबई।** बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर शनिवार देर रात एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें तीन लोग घायल हो गए। इनमें से एक घायल व्यक्ति घाटकोपर का कारोबारी था, जबकि अन्य दो उसके दोस्त थे। यह हादसा रात करीब पौने दो बजे हुआ, जब तीनों लोग हाजी अली इलाके से घाटकोपर लौट रहे थे। घटना के वक्त कारोबारी कार चला रहा था, और जैसे ही कार बांद्रा वर्ली सी लिंक पर पहुंची, चालक ने अचानक वाहन से नियंत्रण खो दिया,जिसके कारण कार डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में कारोबारी और उसके दो दोस्त घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही वर्ली पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका इलाज किया गया।

पुलिस द्वारा की गई मेडिकल जांच में यह पाया गया कि कारोबारी ने शराब पी रखी थी। इसके बाद वर्ली पुलिस ने मामले की जांच शुरू की और कारोबारी के खिलाफ बीएनएस की धाराओं और मोटर वाहन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। घायल कारोबारी की उम्र 32 साल है, जबकि उसके दो दोस्त 35 और 47 साल के हैं। ये तीनों लोग हाजी अली गए हुए थे, जहां से वे देर रात घाटकोपर वापस लौट रहे थे। पुलिस के अनुसार, यह हादसा शराब पीकर वाहन चलाने के कारण हुआ।



## कुणाल कामरा का मुंबई पुलिस को पत्र

# 'वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दर्ज किया जाए बयान'

**मुंबई।** उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर मजाक के बाद विवादों में घिरे कॉमेडियन कुणाल कामरा ने मुंबई पुलिस को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि उनका बयान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए दर्ज किया जाए। कॉमेडियन ने यह अनुरोध तब किया जब खार पुलिस स्टेशन ने उन्हें तीन समन जारी किए,जिसमें उन्हें विवादास्पद बयान के बारे में पूछताछ के लिए हाजिर होने के लिए कहा गया। बता दें कि कुणाल कामरा को दो अप्रैल को तीसरा समन जारी किया गया, जिसमें उन्हें 5 अप्रैल को पूछताछ के लिए पुलिस के सामने हाजिर होने के लिए कहा गया। हालांकि कुणाल कामरा इन समन का पालन करने में असफल रहे, लिहाजा उन्होंने अपना बयान देने के लिए वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग विकल्प का अनुरोध किया। खार पुलिस ने अभी तक कुणाल कामरा की नई अपील का जवाब नहीं दिया है। 4 अप्रैल को खार पुलिस की एक टीम कुणाल कामरा के खिलाफ दर्ज एफआईआर की जांच करने के लिए पांडिचेरी पहुंची। कुणाल कामरा तमिलनाडु के स्थायी निवासी हैं। इस बीच मद्रास उच्च न्यायालय से मामले में 7 अप्रैल तक के लिए कामरा को अंतरिम अग्रिम जमानत मिल गई है। यह जमानत उन्हें उस राज्य में दी गई है जहां एफआईआर दर्ज नहीं हुई है, जो गिरफ्तारी से अस्थायी सुरक्षा देती है। 24 मार्च को खार पुलिस ने शिवसेना विधायक मुरजी पटेल की शिकायत पर कुणाल कामरा के खिलाफ मामला दर्ज किया. शिकायत में आरोप लगाया गया था कि उन्होंने शिंदे को 'गद्दार' कहकर अपमानित किया था।

सूत्रों ने बताया कि कुणाल कामरा ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि वह जांच में सहयोग करेंगे।



# वक्फ के खिलाफ भिवंडी में लोगों का भारी प्रदर्शन

**भिवंडी।** वक्फ संशोधन विधेयक के संसद के दोनों सदनों से पास होने और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से विधेयक पर दस्तखत करने के बाद भी यह मामला लगातार चर्चा में बना हुआ है. हालांकि संसद में वोटिंग के दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के सांसद अनुपस्थित भी रहे जिन पर लोग सवाल भी कर रहे हैं. हालांकि एक सांसद ने इस पर अब अपनी सफाई भी दी है. यहां पर वक्फ को लेकर भारी विरोध हो रहा है.

भिवंडी से एनसीपी (शरद पवार) के लोकसभा सांसद सुरेश म्हात्रे, जिन्हें बाल्या मामा के नाम से भी जाना जाता है, ने अपनी सफाई में कहा कि वे अस्वस्थ होने की वजह से वक्फ संशोधन विधेयक पर वोटिंग के दौरान सदन में हाजिर नहीं हो सके थे।

# राम नवमी के उपलक्ष्य में निकाली गई शोभा यात्रा, कड़ी धूप पर भारी पड़ी आस्था

**दिवा।** धडाकेबाज युवा प्रतिष्ठान महाराष्ट्र राज्य द्वारा दिवा शहर में रामनवमी के उपलक्ष्य में बाईक रैली के साथ शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान पुलिस का बंदोबस्त रहा। दिवा पूर्व शिव साई महादेव मंदिर श्लोक नगर फेस 2, से होते हुए मुंब्रा देवी कालोनी, दिवा स्टेशन रोड, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक, दिवा आगासन रोड, ग्लोबल स्कूल से वापस सदाशिव दलवी नगर में समापन किया गया। इस अवसर पर सड़कें श्रीराम के जयकारों से गूंज उठीं। जगह-जगह पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कड़ी धूप के बावजूद भक्त जन शोभायात्रा में भगवान श्री राम,लक्ष्मण,हनुमानजी, और माता सीता के पात्र छोटे बच्चों ने सभी का आकर्षण बने थे। भगवान राम के भजन गुनगुनाते हुए और नाचते गाते हुए आगे बढ़ते चले।



# कोलाबा रेडियो क्लब के पास जेट्टी बनाने का स्थानीय लोगों ने किया विरोध

**मुंबई।** कोलाबा के रेडियो क्लब के पास प्रस्तावित जेट्टी को लेकर स्थानीय लोगों ने आपत्ति जताई है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि इससे इलाके में यातायात की समस्याएं और बढ़ सकती हैं। इसी मुद्दे को उठाते हुए समाजवादी पार्टी के विधायक और दो बार के नगरसेवक रईस शेख ने पोर्ट मंत्री नितेश राणे को पत्र लिखकर विश्व संसाधन संस्थान जैसे संस्थानों को शामिल कर ट्रैफिक की संभावित समस्याओं का विस्तृत अध्ययन करने और समाधान सुझाने की मांग की है। विधायक रईस शेख ने अपने पत्र में है लिखा कि जिस स्थान पर जेट्टी बनाने का प्रस्ताव है वहां पहले से ही ट्रैफिक की समस्या है। इस स्थान पर जेट्टी बनने से ट्रैफिक की और गंभीर समस्या हो सकती है जिससे स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। शेख ने कहा है की डब्लू आर आई संस्था को शहरी योजना और ट्रैफिक प्रबंधन का व्यापक अनुभव है और वह नागपाड़ा जंक्शन व छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस जंक्शन जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स पर काम कर चुकी हैं। उनकी विशेषज्ञता से ट्रैफिक की मौजूदा स्थिति संभावित असर और समाधान की सटीक जानकारी मिल सकती है। इसके पहले स्थानीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने पूर्व नगरसेवक मकरंद नार्वेकर के साथ शनिवार को स्थानीय रहवासियों से मुलाकात कर इस मुद्दे पर चर्चा की।

# बढ़ते खर्च से मनपा पर प्रोजेक्ट रद्द करने की आन पड़ी नौबत

## मनपा का लगभग दो लाख करोड़ के चल रहे है प्रोजेक्ट



महानगर संवाददाता

मुंबई

मनपा प्रशासन पिछले कुछ सालों में कोस्टल रोड निर्माण सड़क सीमेंट कंक्रीटकरण,गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड सहित कई बड़ी परियोजनाएं शुरू कर दी है। मनपा प्रशासन इन प्रोजेक्ट पर लगभग दो लाख करोड़ से अधिक का टेंडर दे चुकी है। मनपा को अब इन प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए अपने फिक्स डिपॉजिट से पैसे निकालने की नौबत पड़ गई है। खर्च के बोझ तले दबी मनपा अब कुछ अपने प्रोजेक्ट रद्द करने का निर्णय लेने की शुरुआत कर दी है। मनपा ने 1,329 करोड़ रुपए की लागत वाली ऑरेंज गेट से ग्रांट रोड तक के 5.6 किमी लंबे फ्लाईओवर परियोजना को रद्द करने का निर्णय ले लिया है। मनपा अधिकारियों ने बताया कि यह निर्णय इसलिए लिया जा रहा है,क्योंकि फ्लाईओवर का प्रस्तावित मार्ग एमएमआरडीए द्वारा बनाए जा रहे भूमिगत सुरंग के मार्ग से काफी हद तक मेल खाता है। मनपा अधिकारियों द्वारा दिया जा रहा तर्क जिस समय प्रोजेक्ट करने का निणर्य लिया गया था, उस समय अधिकारियों को ध्यान नहीं आया था क्या इस तरह का सवाल खड़ा किया जा रहा है। मनपा आयुक्त भूषण गगरानी ने प्रोजेक्ट रद्द करने की पुष्टि करते हुए कहा प्रस्तावित फ्लाईओवर को रद्द करने पर विचार किया जा रहा है।

### 5-7 मिनट में पूरा किया जा सकता था सफर

नवंबर 2023 में परियोजना के लिए मिट्टी के परीक्षण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई थी। यह फ्लाईओवर सैंडहर्स्ट रोड,मस्जिद और ग्रांट रोड जैसे घनी आबादी वाले इलाकों से होकर गुजरता और इसमें एक केबल-स्टे ब्रिज भी प्रस्तावित था। इस फ्लाईओवर के जरिए ईस्टर्न फ्रीवे (ऑरेंज गेट) से वाहन बिना नीचे उतरे पश्चिम दिशा की ओर जा सकते थे जिससे सामान्यतः 30-45 मिनट लगने वाला सफर घटकर 5-7 मिनट में पूरा किया जा सकता था। एमएमआरडीए द्वारा ऑरेंज गेट से मरीन ड्राइव तक दोहरी भूमिगत सुरंग बनाई जा रही है, जिसकी लंबाई 4.46 किमी होगी और यह सतह से लगभग 40 मीटर नीचे बनाई जा रही है। इस सुरंग परियोजना की लागत 6,717 करोड़ रुपए है और इसका कार्यादेश 2023 में लार्सन एंड टुब्रो को दिया गया है। मनपा के ही एक अधिकारी ने बताया कि फ्लाईओवर घनी बस्ती से होकर गुजरता जिससे जमीन अधिग्रहण और परियोजना प्रभावित लोगों के पुनर्वास जैसी समस्याएं आतीं।

## 50 से ज्यादा लोग बीमार

# शादी में खाना मेहमानों को पड़ गया भारी

**मुंबई।** गोंदिया जिले से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां के एक गांव में शादी समारोह में खाना खाने के बाद बच्चों समेत 50 से अधिक लोग बीमार हो गए और उनमें से कुछ को अस्पताल में भर्ती कराया गया है,एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि प्रभावित लोगों का गोरेगांव तहसील के ग्रामीण अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और गोंदिया के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों ने शनिवार को बाबई गांव में एक शादी में खाना खाया था। गोरेगांव के ग्रामीण अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी. के. पटले ने बताया कि शनिवार शाम को ग्रामीण अपने बच्चों के साथ पेट दर्द, उल्टी, दस्त आदि की शिकायत लेकर अस्पताल आए थे। उन्होंने कहा, 'हमने बच्चों समेत सभी मरीजों का इलाज किया। रविवार को चार मरीजों को छुट्टी दे दी गई, जबकि अन्य निगरानी में हैं और उनकी हालत स्थिर है।' जिला परिषद के स्वास्थ्य विभाग ने स्थिति की निगरानी के लिए बाबई गांव में चिकित्सा शिविर लगाया है। गौरतलब है कि कई बार जब बड़े स्तर पर लोगों के लिए खाना बनाया जाता है तो उसे बनाने वाले स्वच्छता का विशेष ध्यान नहीं रखते।

## बांग्लादेश में कोई हिंदू नहीं बचेगा

भारत का पूर्वी देश बांग्लादेश 1971 में बना था। तत्कालीन नवोदित राष्ट्र (विकासशील राज्य) के रूप में बांग्लादेश 'धर्मनिरपेक्ष' राज्य (देश) था लेकिन 1975 में तत्कालीन बांग्लादेश की सरकार (सरकार पर कट्टरपंथियों का प्रत्यक्ष एवं सेना का भी प्रभुत्व था) ने 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को विलोपित करके उसमें कुरान की आयतों को सम्मिलित किया। इसी के साथ यह' इस्लामिक देश' बन गया। बांग्लादेश में इस्लामिक अतिवादी तत्व, चरमपंथी एवं वहां सेना एवं अराजक तत्वों द्वारा प्रायोजित राज्येत्तर कर्ता प्रत्येक दिन हिंदुओं सहित अल्पसंख्यकों पर अत्याचार एवं क्रूर यातनाएं दे रहे हैं। ढाका विश्वविद्यालय के प्रोफेसर अब्दुल बरकत जी की हालिया प्रतिवेदन के अनुसार, विगत चार दशकों में 230612 लोगों ने पलायन किया है, उसमें ज्यादातर हिंदू अल्पसंख्यक हैं। प्रतिवेदन में यह रहस्योद्घाटन किया गया है कि पलायन की यही रफ्तार रही तो अगले 30 सालों में बांग्लादेश में कोई हिंदू नहीं बचेगा! इसके प्रति उत्तरदाई कारण धार्मिक उन्माद यातना एवं दहशतगर्दी की घटनाएं हैं। बांग्लादेश के गठन के समय 1971 में बड़े पैमाने पर हिंदुओं का नरसंहार हुआ था। आधिकारिक प्रतिवेदन के अनुसार वह मानवीय इतिहास एवं सभ्य नागरिक समाज का भयावह एवं डरावना समय था। इस दौरान व्यक्ति अपने जीवन, संपत्ति एवं सुरक्षा (प्राकृतिक अधिकार) के लिए प्राकृतिक अवस्था की स्थिति में थे। तत्कालीन विस्थापन के समय लगभग-लगभग 30 लाख लोगों का नरसंहार हुआ था और लगभग-लगभग 20 लाख महिलाओं के साथ यौन हिंसा और अमानवीय व्यवहार की घटना घटित हुई थीं। इस अमानवीय एवं निर्शंस व्यवहार के प्रति पाकिस्तान सरकार की चुप्पी घटना के प्रति संवेदनहीनता का प्रमाण था। न्यायमूर्ति रहमान के नेतृत्व में 1972 में एक तथ्यन्वेषक समिति (फैक्ट फाइंडिंग कमेटी) बनाई गई थी। इस कमेटी की एक प्रति पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को सौंपी गई थी जिसे उन्होंने कूड़ेदान में फेंकवा दिया था। (21 अगस्त, 2000 को इंडिया टुडे पृष्ठ 8 से 10 तक)। इस अमानवीय नरसंहार के पश्चात बांग्लादेश में ' धर्मनिरपेक्षता' का वातावरण बना था। कट्टरपंथियों की धर्मजनित एवं दबावजनित राजनीति के कारण 1977 में संविधान से ' धर्मनिरपेक्षता' को संशोधित कर के 'इस्लामिक राज्य' को प्राथमिकता प्रदान किया गया था। 1988 में इस्लाम धर्म बांग्लादेश का मौलिक धर्म एवं संवैधानिक धर्म बन चुका था। कट्टरपंथियों, इस्लामवादियों और रजाकारों द्वारा हिंदुओं और बौद्ध अल्पसंख्यकों पर अत्याचार ,प्रताड़ना और उत्पीड़न किया जाता हैं । 2016 में इस निंदा के आरोपों में हिंसा में 15 मंदिरों को काफी हानि पहुंचाया गया था। 2017 में BJHM के प्रतिवेदन के अनुसार ,हिंदू समुदाय से कम से कम 170 लोग मारे गए थे और 31 लोगों को जबरन पलायित किया गया था । 782 हिंदुओं को देश छोड़ने के लिए बाध्य किया गया था, 23 लोगों को अन्य धर्म में जबरन बनाकर धर्मांतरित किया गया था। इस दौरान 25 हिंदू लड़कियों और महिलाओं के साथ बलात्कार किया गया था। 2017 में हिंदू समुदाय के साथ हुए अत्याचारों की संख्या 6474 थी। 2019 के आम चुनाव के दौरान मात्र ठाकुरगांव में हिंदू परिवारों के आठ घरों में आग लगा दी गई थी। बांग्लादेश में भारत विरोधी वातावरण तैयार किया जा रहा हैं। वहां पर हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाओं पर भारत की तमाम चिताओं के बावजूद कार्यवाहक सरकार गंभीरता नहीं दिख रही हैं। एक अन्य चिंता यह है कि बांग्लादेश को कट्टरपंथी, जिहादी एवं दहशतगर्द ताकतों को सहयोग, समर्थन और संरक्षण दिया जा रहा हैं। अंतरिम सह कार्यवाहक सरकार के मुखिया की भूमिका में मोहम्मद यूनुस ने कई कट्टरपंथी और कट्टरपंथी संगठनों से प्रतिबंध हटाए हैं और आतंकी गतिविधियों में संलिप्त नेताओं पर से प्रतिबंध भी हटाए हैं और उनको कारागार से रिहा भी किया हैं। वर्तमान में बांग्लादेश की अंतरिम सरकार और पाकिस्तान सरकार के बीच में मधुर संबंध है और बांग्लादेश में पाकिस्तान का प्रभाव भी बहुत मात्रा में बढ़ रहा है। बांग्लादेश में हिंदू विरोध को भारत विरोध बनाने की कोशिश की जा रही हैं। बांग्लादेश की वर्तमान हिंदू विरोध के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका एवं पाकिस्तान के "डीप स्टेट" की भूमिका को भी अस्वीकार नहीं किया जा सकता। बांग्लादेश में हिंदुओं को गरिमा एवं शांति के साथ जीवन जीने के लिए भारत सरकार के साथ-साथ सभी अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और पूरी दुनिया में रहने वाले हिंदुओं को आगे आना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के निर्णय लेने वाली सर्वोच्च निकाय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचारों पर चिंता जताई हैं और भविष्य में इस विषय पर आवश्यक प्रयासों की रूपरेखा तय की गई है। बांग्लादेश की 2022 की जनगणना के अनुसार, बांग्लादेश में सर्वाधिक आबादी बांग्लादेशी मुसलमानों की 91.04% हैं। इसके पश्चात हिंदुओं की संख्या 7.95 % हैं। बांग्लादेश में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व हैं। वैश्विक स्तर पर बांग्लादेश स्वतंत्रता के पश्चात से कुल प्रजनन दर (TFR) दो तिहाई से भी कम हैं। बांग्लादेश में वर्तमान TFR 2.3 है, जिसे वैश्विक स्तर पर प्रतिस्थापन स्तर की ओर बढ़नी के लिए सर्वाधिक उपयुक्त माना जाता है। बांग्लादेश के संदर्भ में निम्न कदम उठाने की आवश्यकता हैं। हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के लिए एक शांति और अहिंसक जन आंदोलन की आवश्यकता हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं को शांति और गरिमा के साथ जीवन जीने के लिए भारत सरकार के साथ-साथ सभी वैश्विक संस्थाओं और पूरी दुनिया के हिंदुओं को एक स्वर में आवाज उठाने की आवश्यकता हैं। भारत को बांग्लादेश सरकार से सुनिश्चित करना चाहिए कि बांग्लादेश के हिंदुओं एवं अल्पसंख्यकों की रक्षा हों और वहां पर सक्रिय भारत विरोधी तत्वों पर संवैधानिक नियंत्रण हो। भारत हिंदुओं सहित अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए बांग्लादेश की सरकार से बात करें। हिंदू, हिंदुत्व और हिंदू संस्कृति के प्रति सजग पहल करने की आवश्यकता है।

कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*नक्सलियों के अंत पर सिसक रहा है हाथ*
*काश्मीर में भी नहीं, आज बन रही बात*
*आज बन रही बात, मरें चुन चुन आतंकी*
*पगलाया है देख-देख कर टीपू सनकी*
*कह सुरेश तेजस्वी, पप्पू, संजय भइया*
*वक्फ बोर्ड पर नाच रहे हैं ता ता थइया*

# क्या शिक्षक भर्ती घोटाला का चुनाव पर होगा असर?

**सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में करीब 26,000 शिक्षकों की नौकरियां रद्द कर दी। एक साल बाद सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की पीठ ने अप्रैल 2024 में कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए आदेश को बरकरार रखा। बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में त्रिपुरा की घटना से टीएमसी के नेता चिंतित हैं, हालांकि इस पर टीएमसी के कुछ नेताओं में मतभेद हैं। कुछ का कहना है कि इसका चुनाव पर प्रभाव पड़ेगा।**

पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती को पूरी तरह टेंटिड और दूषित करार देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 25,753 शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों की नियुक्तियों को रद्द कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए यह फैसला दिया है। जिन उम्मीदवारों की नियुक्तियों को धोखाधड़ी की श्रेणी में रखा गया है उन्हें अपनी सैलरी वापस भी करनी होगी। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ी आलोचना की है। साथ ही उन्होंने कहा, 'मैं इस फैसले का समर्थन नहीं कर सकती।' इसे 'घोर अन्याय' करार देते हुए ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि यह भाजपा द्वारा रची गई साजिश है, जिसका उद्देश्य इन शिक्षकों को चुनावी ड्यूटी से रोकना है। ज्ञात हो कि पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग ने सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में शिक्षकों और गैर-शिक्षक कर्मचारियों की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की थी। यह प्रक्रिया शिक्षक पात्रता परीक्षा के आधार पर शुरू हुई। उस समय पार्थ चटर्जी राज्य के शिक्षा मंत्री थे।साल 2016 में शिक्षक और अन्य कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू हुई जिसके माध्यम से कुल 24,640 पदों को भरा जाना था। 23 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने आवेदन किया। OMR शीट्स के आधार पर परीक्षा आयोजित की गई, लेकिन बाद में इसमें हेरफेर के आरोप लगे। WBSSC ने शिक्षक भर्ती परीक्षा के परिणाम घोषित किए और मेरिट लिस्ट जारी की। हालांकि, कई उम्मीदवारों ने परिणामों में गड़बड़ी का आरोप लगाया, जैसे कि कम अंक वाले उम्मीदवारों को ज्यादा रैंक मिलना और TET पास न करने वालों को नौकरी मिलना। साल के अंत तक परिणामों में कथित धांधली के खिलाफ असफल उम्मीदवारों ने राज्य भर में विरोध प्रदर्शन शुरू किए। कई ने कलकत्ता हाई कोर्ट में याचिकाएं दायर कीं।अप्रैल 2022 में कलकत्ता हाई कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया में



अनियमितताओं की जांच के लिए CBI को निर्देश दिया। दूसरी ओर प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग के पहलुओं की जांच शुरू कर दी। ED ने मनी लॉन्ड्रिंग एंगल से जांच की और पार्थ-अर्पिता के बीच वित्तीय लेनदेन के सबूत पाए। अर्पिता के घर से बरामद 21 करोड़ रुपये नकदी को घोटाले की कमाई माना गया। 22 जुलाई को तत्कालीन शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी को गिरफ्तार किया गया। CBI और ED ने अन्य नेताओं और अधिकारियों, जैसे TMC विधायक और WB प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य से भी पूछताछ की। कलकत्ता हाई कोर्ट ने 2016 की भर्ती प्रक्रिया में 25,753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया। कोर्ट ने इसे "व्यवस्थित धोखाधड़ी" करार दिया, जिसमें OMR शीट्स में छेड़छाड़ और रैंक जंपिंग जैसे सबूत मिले। हाईकोर्ट ने पाया था कि जहां सिर्फ 24,640 पदों के लिए भर्ती होनी थी, वहां कुल 25,753 नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए। कोर्ट ने अवैध रूप से नियुक्त कर्मचारियों को वेतन और लाभ 12% ब्याज के साथ वापस करने का आदेश दिया। साथ ही, CBI को जांच जारी रखने और WBSSC को नई भर्ती शुरू करने का निर्देश दिया। पश्चिम बंगाल सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी। सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद्द करने पर अंतरिम रोक लगा दी, लेकिन CBI को जांच जारी रखने की अनुमति दी। कोर्ट ने कहा कि वैध और अवैध नियुक्तियों को अलग करना जरूरी है।सुप्रीम कोर्ट ने मामले की विस्तृत सुनवाई शुरू की। यह सुनवाई कई पक्षों, जिसमें राज्य सरकार और प्रभावित कर्मचारी शामिल थे, की याचिकाओं पर आधारित थी।ED ने 20 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की और 163 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की। इसमें बिचौलिए प्रसन्ना रॉय और उनकी कंपनी शामिल थीं। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रखा। कोर्ट ने भर्ती प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए और धोखाधड़ी के सबूतों पर विचार किया। 3 अप्रैल 2025: सुप्रीम कोर्ट के अंतिम फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए 25,753 नियुक्तियों को रद्द कर दिया। इसे "सिस्टमिक फ्रॉड" करार देते हुए कोर्ट ने कहा कि प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर हेरफेर हुआ। राज्य सरकार को 3 महीने में नई भर्ती प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दिया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार, राज्य सरकार को जुलाई 2025 तक नई भर्ती प्रक्रिया पूरी करनी होगी। यह प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होने की उम्मीद है, जिसमें पिछले अनुभवों से सबक लिया जाएगा। शिक्षक भर्ती घोटाले का प्रभाव अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव पर भी पड़ने की संभावना जताई जा रही है। कुछ लोगों का मानना है कि यह घोटाला ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस सरकार की विश्वसनीयता पर गहरा असर डाल सकता है। विपक्षी दल, खासकर भाजपा , इसे 2026 के विधानसभा चुनाव में प्रमुख मुद्दा बना सकते हैं। ऐसे में बंगाल की सियासत में यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या टीएमसी नेताओं के भ्रष्टाचार में अगले चुनाव में ममता बनर्जी की सरकार डूब जाएगी या फिर पहले की तरह ममता बनर्जी डैमेज कंट्रोल कर लेंगी और चुनाव में जीत का अपना सिलसिला जारी रखेंगी। केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने दावा किया कि शिक्षकों भर्ती में जेल जाने वाली बनर्जी हरियाणा के ओ पी चौटाला के बाद दूसरी मुख्यमंत्री होंगी। वहीं पार्टी के प्रवक्ता संबित पात्रा ने जोर देकर कहा कि अगर भाजपा राज्य में सत्ता में आती है तो कानून की पूरी ताकत उन पर पड़ेगी। संबित पात्रा ने कहा है कि ममता बनर्जी को अब सत्ता में रहने का कोई अधिकार नहीं है। अगर उनमें जरा भी जिम्मेदारी की भावना बची है तो उन्हें पद छोड़ देना चाहिए वे निश्चित रूप से जेल जाएंगी। वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक पार्थ मुखोपाध्याय त्रिपुरा के माणिक सरकार के दौरान शिक्षक भर्ती घोटाले का उदाहरण देते हैं। वह बताते हैं कि त्रिपुरा में मुख्यमंत्री माणिक सरकार के नेतृत्व में सीपीएम की सरकार थी। तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार ने 2010 और 2013 में दो चरणों में स्कूली शिक्षा के विभिन्न स्तरों पर 10,323 लोगों को शिक्षक नियुक्त किया था।

**- अशोक भाटिया**

# जीवन शैली के प्रणेता भगवान महावीर

भगवान महावीर के सिद्धांत आज वैज्ञानिक दृष्टि से सर्वमान्य हो चुके हैं। महावीर द्वारा बताये गये अहिंसक मार्ग पर चलने से स्वस्थ, समृद्ध एवं सुखी समाज का निर्माण संभव है। मानव समाज के विकास के लिए शांति आवश्यक है। सभी वर्गों के परस्पर विकास से अनेक समस्याओं का समाधान संभव है। महावीर की दृष्टि में अभाव और अत्यधिक उपलब्धता दोनों ही हानिकारक हैं। भगवान् महावीर की शिक्षाओं से पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों का असंतुलन, युद्ध, आतंकवाद, हिंसा, धार्मिक असहिष्णुता व गरीबों के आर्थिक शोषण जैसी समस्याओं के समाधान प्राप्त किये जा सकते हैं। भगवान् महावीर ने छब्बीस सौ वर्ष पूर्व वैज्ञानिक रूप में एक ऐसी अहिंसक जीवन शैली जीने की शिक्षा दी, जिससे स्वस्थ समाज की संरचना का साकार रूप सामने आया। सही मायने में स्वस्थ समाज की स्थापना के लिए अहिंसा का प्रषिक्षण की ही सर्वमान्य है। महात्मा गांधी का दर्शन कहता है, हमें पशु से भिन्न करने में एकमात्र अहिंसा ही है। व्यक्ति हिंसक है, तो फिर वह पशु के समान है। मनुष्य होने या बनने के लिए व्यक्ति में अहिंसा का भाव होना आवश्यक है। गांधी कहते हैं कि हमारा समाजवाद अथवा साम्यवाद अहिंसा पर आधारित होना चाहिए। जिसमें मालिक-मजदूर एवं जमींदार-किसान के मध्य परस्पर सद्भावपूर्ण व्यवहार हो। निःशस्त्र अहिंसा की शक्ति किसी भी परिस्थिति में सशस्त्र शक्ति से श्रेष्ठ ही होगी। व्यक्ति को जीवन में बहादुरी, निर्भीकता, स्पष्टता, सत्यनिष्ठा का इस हद तक विकास कर लेना कि तीर-तलवार उसके आगे तुच्छ जान पड़ें, यही अहिंसा की साधना है। शरीर की नश्वरता को समझते हुए, उसके न रहने का अवसर आने पर विचलित न होना ही अहिंसा है। मन, वचन और कर्म से किसी की हिंसा न करना अहिंसा कहा जाता है। यहाँ तक कि वाणी भी कठोर नहीं होनी चाहिए। फिर भी अहिंसा का इससे कहीं ज्यादा गहरा अर्थ है। आज के दौर में शांतिप्रिय इंसान भी कहने लगा है कि अहिंसा अब सिर्फ उपदेश की चीज बन गई है। उसमें न तो किसी की आस्था है और न उससे किसी परिवर्तन की उम्मीद की जा सकती है। इस सवाल और सोच में समस्याओं से पलायन की प्रवृत्ति छिपी है। इसमें



बुद्ध, महावीर और गांधी के सिद्धांतों पर अविश्वास की छाया भी है, जिन्होंने न केवल अहिंसा को अपना जीवन बनाया था, बल्कि प्रयोगों से साबित भी कर दिया था, कि अहिंसा एक सकारात्मक ताकत का नाम है। कुछ वर्षो पहले जैन संत आचार्य तुलसी ने इस अवधारणा को जन्म दिया था कि अगर हिंसा का प्रशिक्षण दिया जा सकता है, तो अहिंसा का क्यों नहीं? दरअसल हिंसा के लिए हमारा मस्तिष्क बहुत प्रशिक्षित है, इस आधार पर यह मान्यता स्थापित कर दी गई है कि हिंसा समस्या का समाधान है जबकि अहिंसा प्रशिक्षण से व्यक्ति के मानस को बदला जा सकता है। वर्तमान दौर में लोगों का चिंतन इस ओर विकसित हो रहा है कि हिंसा के बिना कुछ नहीं हो सकता, न कोई सुनता है। आज सरकारों से मांगे मनवाने के लिए भी लोग हिंसा का सहारा लेते हैं, तो वहीं सरकारें भी इस स्थिति से निपटने के लिए पुलिस से लाठी-गोली चलवाने के लिए मजबूर दिखती हैं यानी हिंसा एक हथियार हैं जो अहिंसा को मात देने में लगा है। दार्शनिक आचार्य महाप्रज्ञ कहते है कि अहिंसा में हमारी आस्था तो है, मगर उसमें गहराई नहीं है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि अहिंसा में आस्था जगाने वाले प्रशिक्षण की व्यवस्था हो। जैसे पुलिस और सेना की जमात खड़ी की जा रही है, वैसे ही अहिंसक सैनिकों की जमात भी खड़ी की जाए, तभी अहिंसा की चेतना को जन-जन में प्रसारित किया जा सकता है। महाप्रज्ञ कहते है कि हिंसक ताकतों का सामने करने के लिए अहिंसक व्यक्तित्व, अहिंसा प्रशिक्षण के माध्यम से तैयार कर ही इन समस्याओं से निजात पायी जा सकती है। मन-वचन-काया से किसी भी जीव को किंचित् मात्र भी दुःख न हो। जब यह सिद्धांत हमारे निश्चय और जागृति में दृढ़ हो जाएगा, तभी हमअहिंसा के पालक बन सकते हैं। देश भर में अहिंसा यात्रा कर रहे तेरापंथ धर्मसंघ के अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण का मानना है कि शांति केवल अहिंसा से ही संभव है पर अहिंसा का अर्थ इतना ही नहीं है कि किसी जीव की हत्या न की जाये। दूसरों को पीड़ा न पंहुचाना, उनके अधिकारों का हनन करना भी अहिंसा है। इस अहिंसा की पहले भी आवश्यकता थी और आज भी है। पर आज विनाशक शस्त्रों के अंबार लगे हुए हैं। गरीबी एवं अभाव के कारण लोग नारकीय जीवन जीने के लिए विवश हैं। सैनिक छावनियों में लाखों-लाख सैनिक प्रतिदिन युद्धाभ्यास करते हैं। हिंसा की इतनी सूक्ष्म जानकारी और प्रशिक्षण दी जा रही है कि वर्षों तक यह क्रम चलता रहता है। हर वर्ष उसकी नयी-नयी तकनीक खोजी जाती है। नये-नये आधुनिक हथियार, नये-नये टैंक सामने आ रहे है। हिंसा के प्रशिक्षण के लिए प्रचार-प्रसार पर मुट्ठी भर निहित स्वार्थी शक्तियों द्वारा अकूत संसाधन लगाये जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में मन में एक विकल्प उठता है कि इतनी ट्रेनिंग दी जाती है, तो क्या अहिंसा प्रशिक्षण की आवश्यकता नहीं है? निश्चय ही आवश्यकता तो है पर सवाल यह है कि उसे पूरा कैसे किया जाये? क्या केवल धर्मशास्त्रों के पढ़ने मात्र से अहिंसा जीवन में उतर आयेगी? क्या केवल प्रवचन सुनने मात्र से अहिंसा का जीवन में अवतरण हो जायेगा? नहीं। उसके लिए हमें अहिंसा के प्रशिक्षण पर विचार करना होगा। यह सोचना होगा कि हिंसा के क्या कारण हैं, तथा कैसे उनका निवारण किया जा सकता है। हिंसा के दो कारण हैं- आंतरिक एवं बाहरी। हिंसा के आंतरिक कारण में सबसे बड़ा पोषक कारण है-तनाव। वही आदमी हिंसा करता है, जो तनाव से ग्रस्त रहता है। हिंसा का दूसरा पोषक कारण है-रासायनिक असंतुलन। हिंसा केवल बाहरी कारणों से ही नहीं होती, उसके भीतरी कारण भी होते हैं। हमारी ग्रंथियों में जो रसायन बनते हैं, उन रसायनों में जब असंतुलन पैदा हो जाता है, तब व्यक्ति हिंसक बन जाता है। हिंसा का तीसरा पोषक कारण है- नाड़ी तंत्रीय असंतुलन। नाड़ी तंत्रीय असंतुलन होते ही आदमी हिंसा पर उतारू हो जाता है।

**- डॉ. वीरेन्द्र भाटी मंगल**

## 'संत' समाज का प्राण है

साधु, महात्मा, संत, ऋषि, मुनि आदि सभी शब्द समाज कल्याण के लिए हैं। इन सभी ने अपने जीवन में कठोर व्रत धारण कर स्वयं को परमपिता परमेश्वर की भक्ति में अपने को लगाया है। साथ ही समाज का उद्धार कर समाज को नई दिशा और ऊर्जा दी है। इस वर्ष प्रयागराज में हुए महाकुंभ में कितने ही दिव्य संतों के दर्शन लोगों ने किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। दैनिक जीवन में भी संत अपनी वाणी से लोगों को प्रेरित करते रहते हैं। समाज और लोक कल्याण की भावना से भरा संतों का मन और हृदय हर समय सृष्टि के उत्थान में लगा रहता है। संतों की ऊर्जा को सामान्य जीव समझने में सक्षम नहीं है। संतो के जीवन, लेखन, वचनों आदि से कितने ही पृष्ठ भरे हुए हैं। संत वाणी के एक-एक शब्द की व्याख्या करने में सारा जीवन निकल सकता है। संत ब्रह्म का ही स्वरुप हैं। संतों के विषय में हर कालखंड में कितने ही कवियों, साहित्यकारों ने लिखा और गाया है। स्वयं संत भी हर एक कालखंड में आकर अपनी वाणी से समाज को जागृत करते रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। जिसने भी संतों को गाया-पढ़ा-लिखा है वह भी संत ही हो गया, ऐसा भी कहा जा सकता है। रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं- हरि अनंत हरि कथा अनंता। कहहि सुनहिं बहु विधि संता।। अर्थात भगवान की कथा अनंत है, यह संतो के द्वारा ही सुनी, कही और गायी गई है। रामचरितमानस के बालकांड में ही गोस्वामी तुलसीदास लिखते हैं कि, बंदऊँ संत समान चित हित अनहित नहि कोई। अर्थात मैं संतों को प्रणाम करता हूँ, जिनके चित्त में समता है, जिनका न कोई मित्र है और न शत्रु। अष्टछाप के भक्त कवि कुंभनदास लिखते हैं कि, संतन को कहां सीकरी सों काम। अर्थात संतों को राज दरबारों या भौतिक सुखों से कोई लेना देना नहीं है। यह तो भगवान का भजन करने में लगे रहते हैं। दूसरी ओर देखें तो भौतिक वस्तुओं के पीछे व्यक्ति जितना भागते हैं, वह उतनी ही दूर होती जाती है या उन्हें पाने की इच्छा बढ़ती ही जाती हैं। जब हम किसी संत के पीछे दौड़ते हैं या चलते हैं तो वह भौतिक वस्तुओं से दूर आध्यात्मिक शक्तियों और ज्ञान से जोड़ते चले जाते हैं। संत जीवन में हमेशा सत्य के मार्ग पर चलने का उपदेश देते हैं। संत का जीवन आत्मज्ञान से भरा हुआ है, वह सच्चाई का ज्ञान समाज को करते हैं। हनुमान चालीसा में लिखा है, साधु संत के तुम रखवारे, असुर निकंदन राम दुलारे। अर्थात हनुमान जी साधु, संतों की रक्षा करते हैं और दुष्टों का नाश करते हैं। संत ईश्वर के प्रति समर्पित हैं। ईश्वर में पूर्ण विश्वास रखते हैं और जीव को भी उसके प्रति समर्पित कर देते हैं। संत का जीवन सादगी से भरा है, वह सांसारिक सुख-सुविधाओं से दूर समाज को नया जीवन देते हैं। संत शब्द का अर्थ है कि एक ऐसा व्यक्ति जो सत्य के मार्ग पर चलता है, आत्मज्ञान होता है। संत समाज के लिए एक प्रेरणा स्रोत होते हैं। वे लोगों को सत्य, प्रेम और करुणा का मार्ग दिखाते हैं। संतों की शिक्षाएं लोगों को एक बेहतर व्यक्ति बनने में मदद करती हैं।

**- डॉ. नीरज भारद्वाज**

आज का कार्टून




साभार

# बारिश की कमी से पक्षियों के जीवन चक्र पर संकट

पिछले चार- पांच वर्षों से मार्च से जून तक मौसम के गर्म रहने व मानसून पूर्व बारिश की गतिविधियों में कमी से देश के पक्षियों के जीवन चक्र पर संकट बढ़ता जा रहा है। अत्यधिक तापमान का पक्षियों के प्रजनन से लेकर स्वास्थ्य तक पर असर पड़ रहा है। विपरीत मौसम में पक्षियों के पलायन व इनकी संख्या में कमी से जैव विविधता के असंतुलित होने व इको सिस्टम ( परिस्थितिकी तंत्र ) के विगड़ने की आशंका वन्य जीवन के विशेषज्ञों ने जाहिर की है। इस वर्ष भी मार्च से ही तापमान औसत से दो से पांच डिग्री सेल्सियस ऊपर रह रहा है। लगातार तीसरे वर्ष भी 40 डिग्री सेल्सियस से ऊपर तापमान वाले दिनों की संख्या कुछ जगहों को छोड़कर शेष हिस्सों में बढ़ी है। पक्षी विशेषज्ञों के अनुसार लगातार भीषण गर्मी की वजह से पक्षियों को लू और डिहाइड्रेशन होने के साथ उनकी प्रजनन की क्षमता कम या खत्म हो जाती है। घोसलों में चूजे भी मरने लगते हैं। 15 से 20 दिनों तक तापमान 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच बने रहने पर कई पक्षियों के लिए इसे सहन कर पाना मुश्किल होता है। पिछले वर्ष हुई गणना में राज्य में 365 प्रकार के पक्षी पाए गए थे। पहले इसकी संख्या 400 के ऊपर थी। पक्षियों की गणना जेएसआई, डब्लू डब्लू एफ न्यूज, मंदार नेचर क्लब, प्रोफेशनल पक्षी विशेषज्ञ व प्रोफेसर- छात्रों की कई टीमों ने मिलकर की थी। तल्ख धूप की वजह से पक्षियों के



आहार पर भी संकट हो जाता है। जमीन पर पाए जाने वाले कीड़े, मकोड़े, टिड्डे के साथ पानी सूख जाने या उसके गर्म होने से जलीय जीव घोंघा, मेढ़क,केकड़े आदि मरने लगते है। लू व गर्मी से ऊर्जा खत्म हो जाने से भोजन के लिए पक्षी ज्यादा दूर तक उड़ नहीं पाते है। सामान्यतः बस्तियों, बगीचे व पेड़ पौधे पर घोंसला बनाकर रहने वाले पक्षी 10 किलोमीटर तक आहार की तलाश में उड़कर जाते है लेकिन इन दिनों दो- तीन किलोमिटर भी जाना इनके लिए मुश्किल होता है। नतीजन पक्षियों को कुपोषण से कमजोरी हो जाती है। घरों में घोंसला बनाकर रहने वाले पक्षियों की चेतना अलग प्रकार की होती हैं। इन्हें मौसम का पूर्वाभास हो जाता है। मौसम के अनुसार इनकी आवाजाही होती है। लगातार तल्ख धूप की वजह से इन दिनों पक्षियों की दिनचर्या बदल गई है। सूर्यास्त होने के समय अपने घोंसले में लौट जाते हैं, लेकिन तड़के तीन- चार बजे ही घोंसले से दाना पानी के लिए निकलने लगते है। खासकर घरों व छतों के मुंडेरों पर घोंसला बनाने वाली चिड़िया धूप के तेज होते ही घोंसले में आराम करने पहुंच जाती है। फिर शाम को चार बजे से निकलती है । देश में पाए जाने वाले कुछ प्रमुख पक्षी- कामन मैना, गौरैया, सोनकंठी, कोयल, तोता, कबूतर, मोर, गिद्ध, बतख, बुलबुल, कौवा, उल्लू , लौह सारंग, जांघिल, पलाई कैच, टेरेक, सैंड पाइपर, स्पेन चिरैया, तितर, बगुला, नीलकंठ, बाज, बगेरी, ईगल , हंस शामिल है।

**–डॉ. नर्मदेश्वर प्रसाद**

# दाह संस्कार के लिए जा रहे लोगों की कार खड़े ट्रक से टकराई, चार की मौत



**बक्सर।** बक्सर जिले के औद्योगिक थाना क्षेत्र में रविवार को तड़के एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई जबकि अन्य दो से तीन लोग घायल होने की खबर है। घटना पटना-बक्सर एनएच 922 पर टोल प्लाजा के समीप की है। कार पर सवार सभी लोग एक दाह संस्कार में शामिल होने जा रहे थे। पुलिस ने क्या बताया

पुलिस के मुताबिक, रोहतास जिले के विक्रमगंज थाना अंतर्गत शिवपुर हॉल्ट के कुछ लोग एक कार पर सवार होकर एक महिला का दाह संस्कार करने बक्सर मुक्तिधाम जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खड़े ट्रेलर ट्रक में पीछे से घुस गई। पुलिस ने बताया कि इलाज के क्रम में भी एक बच्चे की मौत हो गई है। यह भीषण हादसा शनिवार देर रात ढाई-तीन बजे के करीब हुआ बताया जा रहा है।

### स्थानीय लोगों ने की मदद

हादसे में सभी मृतक रोहतास के विक्रमगंज थाना अंतर्गत शिवपुर हॉल्ट के निवासी थे। मृतकों की पहचान प्रमोद कुमार सिंह (45), पप्पू सिंह (30) और रितेश सिंह (16) के रूप में हुई है। एक मृत बच्चे का नाम अभी पता नहीं चल सका है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को निकाला गया और घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार करते हुए चिकित्सक ने सभी को तत्काल वाराणसी रेफर कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पटना के बेउर जेल में छापेमारी

**पटना।** पटना से बड़ी खबर आ रही है। देश की सबसे सुरक्षित जेलों में से एक मानी जाने वाली पटना स्थित बेउर जेल में पुलिस-प्रशासन ने छापेमारी की है। इस छापेमारी से जेल में बंदियों के बीच हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि सुपरिटेंडेंट नीरज कुमार झा के नेतृत्व में यह छापेमारी की गई । बता दें कि पटना के बेउर जेल में कई कुख्यात अपराधी बंद हैं। अनुमान के मुताबिक इस जेल में करीब 4600 कैदी कैद हैं। इनमें से कई ऐसे भी हैं जिनपर कई संगीन इल्जाम हैं। अचानक बेउर जेल में छापेमारी कर प्रशासन ने कई कैदियों के वार्ड को खंगाला है। इस छापेमारी को लेकर कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि छापेमारी के दौरान 4 स्मार्ट फोन और दो चार्जर बरामद किए गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, बेउर में कैद एक कैदी रवि गोप के वार्ड से तीन मोबाइल फोन मिले हैं। यह भी कहा जा रहा है कि पुलिस अब इस मामले में केस भी दर्ज कर सकती है।



### हार्डकोर अपराधियों को रखा जाता है

मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि बिहार में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस पूरी तरह से चुस्त है। इसी कड़ी में सुपरिटेंडेंट नीरज कुमार झा ने दलबल के साथ अचानक जेल के अंदर तलाशी अभियान चलाया। कहा जा रहा है कि बेउर जेल के अंदर एक गोदावरी वार्ड है। इस वार्ड में हार्डकोर अपराधियों को रखा जाता है। रवि गोप को इसी वार्ड में रखा गया है। रवि गोप मूल रूप से पटना सिटी का रहने वाला है। उसपर करीब पांच संगीन आरोप हैं। उसपर हत्या, लूट और रंगदारी जैसे संगीन मामले दर्ज हैं। रवि गोप के बेड के नीचे से मोबाइल फोन मिला है।

# औरंगाबाद में माहौल बिगाड़ने की कोशिश

## रामनवमी के दिन रची बड़ी साजिश, प्रशासन ने संभाला मोर्चा



**औरंगाबाद।** बिहार समेत पूरे देश में रामनवमी का उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस पर्व को लेकर सभी राज्यों में पुलिस पूरी तरह सतर्क है ताकि कोई असामाजिक तत्व शांति भंग न कर सके। बिहार के औरंगाबाद जिले से एक चिंताजनक खबर सामने आई है, जहां कुछ असामाजिक तत्वों ने कब्रिस्तान में तोड़फोड़ की और कब्रों पर रखी चादरों को जला दिया। हालांकि, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए माहौल बिगड़ने से पहले ही स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

**सूचना मिलते ही कार्रवाई हुई**

घटना शनिवार रात की बताई जा रही है, जब बदमाशों ने कब्रिस्तान में स्थित एक इमारत के गेट की दीवार को क्षतिग्रस्त किया और कब्रों पर रखे चादरों में आग लगा दी। इस घटना के बाद, मुस्लिम समुदाय के लोग मौके पर जुटे और इस कृत्य की कड़ी निंदा की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना नावाडीह मोहल्ले में घटी। पुलिस-प्रशासन को सूचना मिलते ही तुरंत कार्रवाई शुरू कर दी गई। रामनवमी को लेकर पहले से ही पुलिस अलर्ट थी। जिला पुलिस प्रमुख और जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे और शांति बनाए रखने की अपील की।

प्रशासन ने यह भी सुनिश्चित किया कि इस कृत्य में शामिल असामाजिक तत्वों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा में जाहिलों की फौज जेडीयू भी उसी की भाषा बोल रही

## वक्फ कानून पर शकील अहमद बीजेपी पर फायर

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

संशोधित वक्फ कानून को लेकर बिहार में एनडीए बनाम महागठबंधन की जंग तेज हो गई है। हाल ही में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा था कि अगर हमारी सरकार बनी तो ऐसे वक्फ कानून को बिहार में लागू नहीं होने देंगे। इसे कूड़े में फेंक देंगे। अब महागठबंधन की सहयोगी कांग्रेस ने भी भाजपा समेत उसके सहयोगी दलों को घेरा है। कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान ने कहा कि वक्फ बोर्ड कानून के मसले पर जदयू भाजपा की ही भाषा बोल रही है। कांग्रेस और महागठबंधन इस मसले पर जनता के बीच जायेगी। शकील ने कहा कि भाजपा के लोग जनरल डायर की भाषा बोल रहे हैं। भाजपा में जाहिलों की फ़ौज है। जदयू, लोजपाआर और हम पार्टी ने भी गोडसे की विचारधारा को अपना लिया है। बिहार की इस घटना को लेकर कुछ मीडिया रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि असामाजिक तत्वों ने शनिवार की देर रात यहां कब्रिस्तान के अंदर एक इमारत के गेट की दीवार क्षतिग्रस्त कर दिया। इतना ही नहीं बदमाशों ने कब्रों पर चढ़ाए गए चादरों में आग लगा दी।

## चुन्नू ठाकुर और रणंजय ओंकार की संपत्ति जब्त होगी

# मुजफ्फरपुर में माफियाओं पर आफत

**मुजफ्फरपुर।** कुख्यात अपराधी सरगना चुन्नू ठाकुर, छोटू राणा, रनंजय ओंकार और पप्पू सहनी की संपत्ति जब्ती के प्रस्ताव पर बिहार पुलिस मुख्यालय से मुहर लग गई है। इनकी संपत्ति जब्ती के लिए पुलिस ने कोर्ट में प्रस्ताव भेज दिया है। मुजफ्फरपुर पुलिस ने सर्किल रेट के मुताबिक चुन्नू ठाकुर की ढाई करोड़ की संपत्ति का पता लगाया है, जिसकी वर्तमान बाजार कीमत आठ करोड़ आंकी गई है। इस संपत्ति की जब्ती का एसएसपी सुशील कुमार ने मुख्यालय में प्रस्ताव भेजा था, जिसकी समीक्षा के बाद मुख्यालय से हरी झंडी मिल गई है।



पुलिस के प्रस्ताव के अनुसार सोना लुटेरा गैंग के सरगना छोटू राणा के नाम की साहेबगंज में डेढ़ करोड़ की संपत्ति का पता लगा है। इसका वर्तमान बाजार भाव करीब चार करोड़ आंका गया है। बीते साल लागू नए कानून के तहत इसकी जब्ती होगी। इसी तरह से रनंजय ओंकार की मिठनपुरा इलाके में 2 130 करोड़ की संपत्ति और शराब माफिया पप्पू सहनी की डेढ़ करोड़ की संपत्ति जब्ती का प्रस्ताव तैयार किया गया है। एसएसपी ने बताया कि गन्नीपुर निवासी राकेश कुमार उर्फ चुन्नू ठाकुर पर दो दर्जन से ऊपर हत्या, लूटपाट, डकैती, रंगदारी, शराब तस्करी के मामले दर्ज हैं। उसे बीते साल नेपाल बॉर्डर इलाके से विशेष टीम ने गिरफ्तार किया था। उसे बैरिया बस स्टैंड में वर्ष 2019 में हुई कुंदन सिंह हत्याकांड में जेल भेजा गया था। अभी वह भागलपुर जेल में है। साहेबगंज के राजेपुर इलाके के छोटू राणा पर भी दो दर्जन से अधिक केस हैं। अपराध के आंकड़ों के अनुसार जिले में उसने काफी कम संपत्ति बनाई है। उसकी डेढ़ करोड़ की संपत्ति का पता चला है। रनंजय ओंकार मूल रूप से बेगूसराय का रहने वाला है। स्थानीय स्तर पर मिठनपुरा इलाके में रहता है।

# भाजपा ने तेजस्वी को घेरा



**पटना।** संशोधित वक्फ कानून को लेकर बिहार में सियासत जोरों पर है। इस बीच स्वास्थ्य और विधि मंत्री मंगल पाण्डेय ने बड़ा बयान दिया है। उन्होने कहा कि लालू परिवार वोट बैंक के लिए मुसलमानों को कब तक डराता रहेगा? सोमवार को जारी बयान में मंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण की नीति के जरिए मुसलमानों को केवल वोट बैंक समझने वाला राजद एक बार फिर संशोधित वक्फ कानून के नाम पर मुसलमानों को डरा रहा है। संसद के दोनों सदनों से पारित और राष्ट्रपति की सहमति प्राप्त वक्फ कानून को सत्ता में आने पर नहीं लागू करने की घोषणा करने वाले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की मंशा बिहार की कुल मुस्लिम आबादी के 73 फीसदी पसमांदा समाज की हकमारी करने की है। आपको बता दें शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर तेजस्वी यादव ने ऐलान किया था, कि हमारी सरकार बिहार में बनी तो वक्फ कानून कूड़ेदान में डाला जाएगा। हमारी सरकार यह कानून किसी कीमत पर लागू नहीं होने देगी। तेजस्वी ने बताया कि राजद की ओर से संसद के दोनों सदनों में विरोध दर्ज कराया गया। वहीं, शनिवार को राजद की ओर से सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

## ससुराल जा रहे इंजीनियर की हत्या का खुलासा

# बटुए में मिले 600 रुपये तो वापस लौट आए थे 4 लुटेरे

**मुजफ्फरफुर।** मुजफ्फरफुर में पिछले रविवार बिजली विभाग के इंजीनियर शिवम कुमार की हत्या का राज खुल गया है। पुलिस ने चार लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है जो वारदात के दिन अहले सुबह पिकअप वैन से अनार लेकर फल मंडी से लौट रहे थे। शिवम को अकेला देख उनकी नीयत खराब हो गई और उन्होंने शिवम को लूट लिया और भाग गए। आगे जाकर जब उन्होंने बटुआ खोलकर देखा तो उसमें 600 रुपये मिले। इसके बाद लुटेरे दोबारा गाड़ी से आए और फिर शिवम के पास रहे बाकी सामान लूटने की कोशिश की जिस दौरान शिवम की चाकू मारकर हत्या कर दी।

शिवम फारबिसगंज में बिजली विभाग में कार्यरत थे। उनका घर वैशाली के जढ़ुआ में है। लूट के दौरान शिवम ने एक लुटेरे को उठाकर पटक दिया था, जिसके बाद तीन लुटेरों ने मिलकर शिवम को चाकू से गोद दिया था। घटनास्थल पर ही इंजीनियर की मौत हो गई थी। स्थानीय पुलिस ने हत्या में शामिल चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इंजीनियर से लूटा गया बैग, लैपटॉप, पर्स, मोबाइल, चार्जर, लाइसेंस और अन्य सामान भी बरामद कर लिया है। अपराधियों की वैन भी जब्त की गई है। जिस चाकू से मारा गया, वह भी मिल गया है। उस पर खून के अंश मिले हैं।



एसएसपी सुशील कुमार ने बताया कि 30 मार्च की सुबह 7।15 बजे तुर्की थाना में बीएड कॉलेज के सामने एक अज्ञात शव मिला था। मृतक की पहचान शिवम कुमार उर्फ सोनू के रूप में हुई थी। वो फारबिसगंज से केरमा स्थित ससुराल जा रहा था। शिवम सुबह 4 बजे बबलू लाइन होटल पर बस से उतरा था। पौ फटने तक लाइन होटल पर रुका रहा। फिर पैदल ही तुर्की की ओर निकला ताकि केरमा जा सके। इसी दौरान चार अपराधी फल मंडी से पिकअप वैन पर अनार लेकर लौट रहे थे। बैग लिए इंजीनियर को अकेले देख अपराधियों ने गाड़ी रोक दी और पर्स व कपड़े वाला बैग छीन लिया।

# BJP नेता की बेटी पर फेंका तेजाब, चेहरा-हाथ पर छींटे

**बेगूसराय।** बेगूसराय में सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहां अपराधियों ने सो रही एक लड़की के शरीर पर तेजाब फेंक दिया। इस घटना में लड़की के शरीर का कुछ हिस्सा झुलस गया है। लड़की के पिता बीजेपी नेता हैं। इस घटना से घर में कोहराम मच गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। एक अधिकारी ने कहा कि लड़की को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना बखरी नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 23 की है। यहां बीती रात भारतीय जनता पार्टी के नेता की बेटी पर अज्ञात अपराधियों ने तेजाब फेंक दिया। अपराधियों ने लड़की के चेहरे पर तेजाब तब फेंका, जब वह अपने घर में सो रही थी। आशंका जताई जा रही है कि अपराधियों ने खिड़की से लडकी के ऊपर तेजाब फेंका। बीजेपी नेता का नाम संजय सिंह बताया जा रहा है। वह बीजेपी के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रहे हैं।



**वारादात को अंजाम देने के बाद अपराधी फरार :** लडकी की उम्र करीब 24 साल बताई जा रही है। जांच के दौरान लडकी के बिस्तर पर तेजाब के अंश मिले हैं। तेजाब फेंकने के बाद अपराधी वहां से फरार हो गए।

# गुस्साई महिला ने कुएं में लगा दी छलांग

## लौंडा नाच देख रही थी पत्नी, पति ने जताया ऐतराज



**जमुई ।** जमुई में हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां मलयपुर थाना क्षेत्र के डोमटोली गांव में बीती रात लौंडा नाच का कार्यक्रम चल रहा था। एक महिला यहां लौंडा नाच देख रही थी,जब इसका पता पति को लगा तो उसने ऐतराज जताया। साथ ही पत्नी को फटकार लगाई। इसी बात को लेकर गुस्साई पत्नी ने कुएं में छलांग लगा दी। हालांकि, कुएं में पानी कम रहने के कारण पत्नी की जान बच गई। घरवालों ने महिला को कुएं से बाहर निकाल लिया। स्थानीय लोगों ने बताया की पति राजेंद्र तूरी उर्फ डिस्को देर रात काम कर लौटे थे। तो उन्होंने देखा कि गांव के ही तांती टोला में लौंडा नाच का कार्यक्रम हो रहा है। नजदीक आने पर उन्होंने देखा कि उनकी पत्नी नंदनी देवी भी नाच का लुत्फ उठा रही है। पत्नी को नाच देखते हुए पति को गुस्सा आ गया। फिर नाराज़ पति ने पत्नी को खूब डांट फटकार लगाई। सैकड़ों लोगों के बीच डांट फटकार सुनकर पत्नी नंदनी गुस्से में घर चली आई, जिसके पीछे-पीछे पति भी घर वापस आया। घर लौटने के बाद पति पत्नी के बीच विवाद काफी बढ़ गया, जिसके बाद नंदिनी ने गुस्से में घर के बगल स्थित कुएं में छलांग लगा दी। गनीमत रही कि कुआं में पानी कमर तक ही था। नंदिनी की जान तो बच गई, लेकिन नंदिनी को शरीर और सिर में गंभीर चोट आई। वही पत्नी के कुएं में कूदने के बाद पति के छोटे भाई ने शोर मचाकर अगल-बगल के स्थानीय लोगों को जुटाया।

**व्यापार**

# ट्रंप के टैरिफ ऐलान से भारत में बढ़ेगी महंगाई, जाएंगी नौकरियां?



**नई दिल्ली।** अमेरिकी के भारत समेत विभिन्न देशों पर जवाबी शुल्क लगाने के बीच अर्थशास्त्रियों ने कहा है कि इससे देश में महंगाई बढ़ने और रोजगार जाने की आशंका कम है। यह उन देशों को ज्यादा प्रभावित कर सकता है जो मुख्य रूप से सर्वाधिक तरजीही राष्ट्र (एमएफएन) के दर्जे के तहत अमेरिका के साथ व्यापार करते रहे हैं। उनका यह भी कहना है कि भारत के पास अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य पर वैश्विक बाजार में अपनी उपस्थिति बढ़ाने का अवसर है। इसका कारण बांग्लादेश,श्रीलंका और वियतनाम जैसे देशों के मुकाबले भारत पर लगाये गये शुल्क का कम होना है। अमेरिकी शुल्क (टैरिफ) के इकनॉमी पर प्रभाव के बारे में प्रतिष्ठित शोध संस्थान आरआईएस (विकासशील देशों की अनुसंधान एवं सूचना प्रणाली) के महानिदेशक प्रो. सचिन चतुर्वेदी ने कहा, "वैश्विक और भारतीय दोनों अर्थव्यवस्थाओं पर इसके पूर्ण प्रभाव का आकलन करना अभी जल्दबाजी होगी, क्योंकि ये व्यापार उपाय अभी विकसित हो रहे हैं। भारत इस नई व्यापार वास्तविकता के साथ सक्रिय रूप से तालमेल बैठा रहा है।

# रेपो रेट में 0.25% की कटौती कर सकता है आरबीआई

## आज से शुरू हो रही मीटिंग, पिछली बार भी ब्याज दर 0.25% घटाई थी

**नई दिल्ली।** नए वित्त वर्ष में रिजर्व बैंक की पहली मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी मीटिंग कल यानी, सोमवार 7 अप्रैल से शुरू हो रही है। इस मीटिंग में रेपो रेट में 0.25% की कटौती का अनुमान लगाया गया है। यानी, आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं।

9 अप्रैल को सुबह 10 बजे आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा इस मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी देंगे। मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 आरबीआई के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं।



आरबीआई की मीटिंग आमतौर पर हर दो महीने में होती है। बीते दिनों रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2025-26 की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी की बैठकों का शेड्यूल जारी किया था। इस वित्तीय वर्ष में कुल 6 बैठकें होंगी। पहली बैठक 7-9 अप्रैल को हो रही है। फरवरी में ब्याज दर में की थी कटौती इससे पहले चालू वित्त वर्ष यानी 2024-25 की आखिरी मीटिंग में RBI ने ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की थी। फरवरी में हुई मीटिंग में ब्याज दरों को 6.5% से घटाकर 6.25% कर दिया। ये कटौती करीब 5 साल बाद की गई। रेपो रेट घटने के बाद बैंक भी हाउसिंग और ऑटो जैसे लोन्स पर अपनी ब्याज दरें कम कर सकते हैं। आपके सभी लोन सस्ते हो सकते हैं और EMI भी घटेगी।

## जेपी मॉर्गन की चेतावनी:

# टैरिफ पॉलिसी से अमेरिका में आ सकती है मंदी

**नई दिल्ली।** अमेरिका की बड़ी फाइनेंशियल सर्विस फर्म जेपी मॉर्गन ने चेतावनी दी है कि देश की अर्थव्यवस्था 2025 के अंत तक मंदी की चपेट में आ सकती है। इसके पीछे मुख्य वजह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ नीति को माना जा रहा है। ट्रंप ने हाल ही में 2 अप्रैल को वैश्विक स्तर पर सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ (प्रतिस्पर्धी शुल्क) लगाने का ऐलान किया, जिससे अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक माहौल में भारी उथल-पुथल मच गई। इसके बाद गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट देखी गई, जो कि 2020 के बाद की सबसे बड़ी एकदिनी गिरावट रही। रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप प्रशासन ने सभी देशों पर 10% बेसलाइन टैरिफ लागू कर दिया है। भारत समेत 60 से अधिक देशों पर उच्च टैरिफ लगाए गए हैं। वहीं चीन ने जवाबी कार्रवाई करते हुए अमेरिका से आने वाले सामानों पर 34% आयात शुल्क लगा दिया है। जेपी मॉर्गन के चीफ यूएस इकनॉमिस्ट माइकल फेरोली ने शुक्रवार को जारी एक नोट में लिखा कि अगर टैरिफ पॉलिसी में बदलाव नहीं किया गया ।

# स्कूज़ो आइस 'ओ' मैजिक का मुंबई में विस्तार

**मुंबई।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ता लाइव-पॉप्सिकल और जेलाटो ब्रांड स्कूज़ो आइस 'ओ' मैजिक लगातार अपना विस्तार कर रहा है। ब्रांड ने अब अंधेरी वेस्ट में अपना नया स्टोर ओपन किया है। यह नया स्टोर शॉप नंबर 5, बिल्डिंग नंबर 26, मीरा टॉवर के सामने, ओशिवारा, अंधेरी वेस्ट, मुंबई में स्थित है। इससे मुंबई में ब्रांड की मौजूदगी और भी बढ़ेगी। स्कूज़ो आइस 'ओ' मैजिक फ्रोजन डेजर्ट की दुनिया में एक नया बदलाव लाया है और अब अंधेरी वेस्ट के लोग भी इस जादुई लाइव पॉप्सिकल का मजा ले सकते हैं, जहां उन्हें सेहत और स्वाद का अनोखा मेल मिलेगा। स्कूज़ो आइस 'ओ' मैजिक में कस्टमर्स अपनी पसंद के फलों को चुनकर अपनी मनपसंद पॉप्सिकल कस्टमाइज कर सकते हैं और मिनटों में अपनी आंखों के सामने ही फ्रेश बनते देख सकते हैं। पॉप्सिकल के अलावा, मेन्यू में कई लाजवाब डेजर्ट भी शामिल हैं, जैसे – आर्टिसन जेलाटो, क्रंची वाफल, सॉफ्ट पैनकेक, क्रीमी मिल्कशेक, रिच डेजर्ट केक और टेस्टी सन्डे। सभी प्रोडक्ट 100% प्योर फ्रूट्स और हाई क्वालिटी प्रीमियम इनग्रेडिएंट से तैयार किये जाते हैं, जिनमें किसी भी प्रकार के केमिकल या प्रिज़रवेटिव का इस्तेमाल नहीं होता, जिससे आप बिना किसी चिंता के इनका आनंद ले सकते हैं।

# सलाम किसान ने महाराष्ट्र में कृषि उत्पादकता को दिया बढ़ावा

**मुंबई।** भारत की कृषि रीढ़ की हड्डी है,लेकिन पारंपरिक छिड़काव विधियों में 40% तक कीटनाशक व्यर्थ हो जाते हैं,जो अपवाह और वाष्पीकरण के कारण होता है। इसके विपरीत, ड्रोन तकनीक लक्षित छिड़काव सुनिश्चित करती है, जिससे कीटनाशकों की बर्बादी कम होती है, लागत घटती है और पर्यावरण पर प्रभाव भी कम पड़ता है। अब विभिन्न क्षेत्रों के किसान सलाम किसान की ड्रोन छिड़काव तकनीक के साथ एक क्रांतिकारी बदलाव का अनुभव कर रहे हैं—यह समाधान न केवल फसल सुरक्षा को बेहतर बना रहा है बल्कि कृषि उत्पादकता को भी बढ़ा रहा है। अब तक, सलाम किसान ने महाराष्ट्र में 80,000 एकड़ से अधिक भूमि को कवर किया है और 3 लाख से अधिक किसानों को सटीक कृषि अपनाने के लिए सशक्त बनाया है। सोयाबीन किसान स्वप्निल भालकर के लिए ड्रोन छिड़काव एक गेम-चेंजर साबित हुआ। उन्होंने कहा, "ड्रोन छिड़काव सेवा शानदार रही। सोयाबीन की पैदावार 20% बढ़ी, जबकि कीटनाशकों की खपत 30% घट गई। इससे पौधों की बेहतर बढ़त, फूल और फल लगने की प्रक्रिया में सुधार हुआ। पहले जिस काम में 3 से 5 मज़दूरों को पूरा दिन लगता था, उसे ड्रोन ने सिर्फ एक घंटे में पूरा कर दिया। यह विधि न केवल अधिक पैदावार सुनिश्चित करती है बल्कि लागत भी कम करती है। मैं इसे अन्य किसानों को भी अपनाने की सलाह दूंगा।" इसी तरह, बोरधरन बोरी गांव के किसानों ने भी इस तकनीक के फायदे महसूस किए हैं।

## जगुआर लैंड रोवर ने अमेरिका में कारों का शिपमेंट रोका

# 25% टैरिफ से बचने के लिए फैसला

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स की प्रीमियम कार कंपनी जगुआर लैंड रोवर (JLR) ने ब्रिटेन से अमेरिका में कारों का शिपमेंट एक महीने के लिए रोक दिया है। JLR ने यह फैसला ट्रंप सरकार की 25% टैरिफ नीति से बचने के लिए लिया है। कंपनी ने कहा कि यह कदम नए टैरिफ के असर को कम करने की रणनीति का हिस्सा है। दरअसल 3 अप्रैल से अमेरिका ने इम्पोर्टेड कारों और लाइट ट्रक्स पर 25% टैरिफ लगा दिया था। 27 मार्च को 25% टैरिफ की घोषणा के बाद टाटा मोटर्स सहित अमेरिकी ऑटोमोबाइल कंपनी जनरल मोटर्स और स्टेलांटिस के शेयर में गिरावट दर्ज की गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिका में नई कारों की औसत कीमत पहले से ही लगभग 49,000 अमेरिकी डॉलर (42 लाख रुपए) है। नए टैरिफ लागू होने के बाद उनका भार ग्राहकों पर डाला जा सकता है। इससे आयात होने वाली कारों की कीमत 12,500 डॉलर (10 लाख रुपए) बढ़ सकती है।



# PF से पैसा निकालने की प्रोसेस बदली

## अब चेक या पासबुक की कॉपी नहीं लगानी होगी

**नई दिल्ली।** PF फंड से पैसे निकालने की प्रोसेस और आसान हो गई है। कर्मचारियों को अब पैसे निकालते समय नाम वेरिफाई कराने के लिए कैंसिल चेक या बैंक पासबुक की इमेज अपलोड करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। ऐसे में अगर आप इन दिनों PF फंड से पैसे निकालने का प्लान बना रहे हैं तो यहां हम आपको इसकी प्रोसेस बता रहे हैं।

**इन आसान स्टेप्स के जरिए निकाल सकते हैं पीएफ छ** पीएफ निकालने के लिए कर्मचारी को सबसे पहले EPFO की आधिकारिक वेबसाइट https://unifiedportal-mem.epfindia.gov.in/memberinterface/ पर लॉगइन करना पड़ेगा। वेबसाइट खुलते ही आपको राइट साइड पर यूएएन और पासवर्ड और कैप्चा डालना होगा। जिसके बाद आपके पास OTP आएगा इस भरकर सबमिट करें।

अगले पेज पर Online Services के टैब पर क्लिक करें और ड्रॉप-डाउन सूची से Form (फॉर्म -31,19 और 10C) का चयन करें। यहां आपको अपना बैंक अकाउंट नंबर भरकर इसे वेरिफाइ करके आगे सबमिट करना होगा। अगले पेज पर फॉर्म नंबर 31 का चयन करें। इसके बाद अगले पेज पर कितना पैसा निकालना है, क्यों निकालना है और अपना पता जैसी डिटेल्स भरना होंगी। इसके बाद इन डिटेल्स को सत्यापित करके Get Aadhaar OTP पर क्लिक करते ही आपका क्लेम सबमिट हो जाएगा। यहां आपको अब कैंसिल चेक या बैंक पासबुक की इमेज अपलोड नहीं करनी होगी।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबर: 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com

● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

स्थापना दिवस पर CM योगी ने कहा–

# 'राष्ट्र प्रथम' भाव के साथ सेवा, सुशासन व जन कल्याण को समर्पित है भाजपा

महानगर संवाददाता

गोरखपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थापना दिवस पर गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित हिंदू सेवाश्रम भवन की छत पर पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने झंडे के सम्मुख पार्टी पदाधिकारियों के साथ सेल्फी ली और सभी को स्थापना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।



भाजपा की स्थापना दिवस पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया संदेश में कहा कि भाजपा 'राष्ट्र प्रथम' के भाव के साथ सेवा, सुशासन और जन कल्याण को समर्पित है। गोरखनाथ मंदिर परिसर में पार्टी का झंडा फहराने के अवसर पर सांसद रविकिशन, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एमएलसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह, महानगर अध्यक्ष देवेश श्रीवास्तव, पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, अच्युतानंद शाही, अजय श्रीवास्तव, ऋषि मोहन वर्मा, बृजेश सिंह छोटू समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा के स्थापना दिवस पर सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिये सीएम योगी ने कहा, 'भारत की माटी से जुड़कर, भारत के महापुरुषों और भारत की आत्मा का प्रतिनिधित्व करते हुए 'राष्ट्र सर्वोपरि' के भाव के साथ सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित, विश्व के विशालतम राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस की सभी समर्पित, राष्ट्रनिष्ठ, लोकनिष्ठ कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!' एक्स पर एक दूसरे पोस्ट में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा, 'राष्ट्र प्रथम' भाव के साथ सेवा, सुशासन और जन-कल्याण को समर्पित भारतीय जनता पार्टी का ध्वज मेरा गौरव, मेरी प्रेरणा है।

आज भाजपा के स्थापना दिवस के पावन अवसर पर मेरा सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान है कि अपने घर/कार्यालय पर भाजपा के ध्वज को फहराएं और हैशटैग बीजेपी फॉर विकसित भारत (#BJP4Viksit Bharat) के साथ अपनी सेल्फी पोस्ट करें। यह भाजपा के उन सभी महान विभूतियों को श्रद्धांजलि होगी, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम, संघर्ष और त्याग से पार्टी को सींचकर इस ऊंचाई तक पहुंचाया है।'

## रामेश्वरम में ऑटो ब्रिज के लिए जताया पीएम मोदी का आभार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रामनवमी की पावन तिथि के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रामेश्वर में देश के पहले ऑटो ब्रिज (पंबन ब्रिज) का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम भारत के पवित्रम धामों में से है। यह ज्योतिर्लिंगों में से एक है। हजारों वर्ष पहले भगवान श्रीराम ने उत्तर और दक्षिण की सीमाओं को एक साथ जोड़कर जीवंतता प्रदान की थी। यह हमें एक नई प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रामेश्वरम में यह नया ब्रिज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास एवं विरासत के विज़न को दर्शाता है। इससे जुड़ने का आज हम सबको एक अवसर प्राप्त हो रहा है और इसके लिए हम सभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं।

## मातृ शक्ति के प्रति आदर भाव रखना सबका दायित्व

**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर में रविवार को कन्या पूजन के बाद प्रदेशवासियों को वासंतिक नवरात्र की नवमी तिथि एवं श्रीरामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए सीएम योगी ने कहा कि आज वासंतिक नवरात्रि की नवमी तिथि है। आज सभी सनातन धर्मावलंबियों द्वारा कन्या पूजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मातृ शक्ति के प्रति आदर का पवित्र भाव रखना सबका दायित्व है। यूपी सरकार ने भी मातृ शक्ति के सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन से जुड़ी अनेक योजनाएं चलाई हैं। मातृ शक्ति को सम्मान देने, उन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मातृ वंदना जैसी योजनाएं शुरू की हैं। विधायिका से लेकर हर क्षेत्र में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने के लिए नारी शक्ति वंदन



अधिनियम लागू किया है।

मुख्यमंत्री ने सभी लोगों से अपील की है कि वे बेटी-बेटा या महिला-पुरुष के भेदभाव से ऊपर उठकर बेटियों के साथ किसी भी प्रकार के अन्याय को जगह न दें। हम सभी यह मिलकर सुनिश्चित करें कि कोई भी बेटी, बहन, महिला अन्याय या शोषण का शिकार न होने पाए। यदि हम ऐसा करेंगे तभी एक सशक्त एवं विकसित भारत की संकल्पना को साकार कर पाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज चैत्र नवरात्र की नवमी तिथि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का भी दिन है। सभी देवालयों में अखंड रामायण पाठ ,भजन कीर्तन हो रहे हैं। सभी सनातन धर्मावलंबी पूर्ण मनोयोग से भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मना रहे हैं। अयोध्या में लाखों श्रद्धालु रामलला के जन्मोत्सव में भाग लेने पहुंचे। सीएम योगी ने कहा कि लगभग 500 वर्षों की गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलला का पुनः प्रकटीकरण हुआ है। यह सभी सनातन धर्मावलंबियों के लिए बहुत पवित्र दिन होने के साथ ही दुनिया की दबी कुचली एवं शोषित मानवता के लिए एक नई प्रेरणा व प्रकाश का दिन है।

# रामनवमी: मुस्लिम महिलाओं ने उर्दू में पढ़ी राम आरती

### वक्फ कानून का किया समर्थन, बोलीं– हमारे आराध्य हैं प्रभु

महानगर संवाददाता

वाराणसी



मुस्लिम महिला फाउंडेशन और विशाल भारत संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में मुस्लिम महिलाओं की श्रीराम महाआरती का आयोजन लमही के सुभाष भवन में किया गया। सजावटी थाल, खूबसूरत रंगोली, उर्दू में लिखा श्रीराम मुस्लिम महिलाओं की श्रद्धा को व्यक्त कर रहा था। मुस्लिम महिलाएं खुश थीं, क्योंकि वक्फ संशोधन बिल पास हो गया और उसमें उनको भी अधिकार मिला है।

कहा गया कि पूरे देश में वक्फ कानून को लेकर नफरत भड़काकर हिन्दू-मुसलमानों के बीच समाज को बांटा जा रहा है। मौलानाओं के बयान देश को तोड़ने की दिशा में आ रहे हैं। ऐसे में काशी से मुस्लिम महिलाओं द्वारा प्रेम, एकता और साम्प्रदायिक सौहार्द्र का संदेश नफरत फैलाने वालों के मुंह पर तमाचा है। केंद्र सरकार को बड़ी राहत भी मिली जब मुस्लिम महिलाओं ने कहा कि वक्फ कानून रामजी की कृपा से पास हुआ है। नकाबपोश मुस्लिम महिलाओं ने मुस्लिम महिला फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नाजनीन अंसारी के नेतृत्व में भगवान श्रीराम की आरती उतारी। उर्दू में लिखी राम आरती को मुस्लिम महिलाओं ने गाया। रामजी के जन्म पर सोहर गाये गए और जय सियाराम का नारा लगा।

नाजनीन अंसारी ने कहा कि अरबी, तुर्की, मुगल लुटेरे आए, आक्रमण किया, राज किया, बहुतों ने धर्म बदल लिया, लेकिन अरबियों और तुर्कियों की संस्कृति को कभी हमने स्वीकार नहीं किया। राम भारत की संस्कृति के पर्याय हैं। हमारे पूर्वज हैं। कहा कि हम अपनी परंपराओं और पूर्वजों को कैसे बदल सकते हैं? जब-जब हम रामजी की आरती करते हैं, तब-तब हमारे पूर्वजों की आत्मा को शांति मिलती है। हमारे पूर्वज राम भक्त थे, हम भी हैं। आज वक्फ बोर्ड में सुधार से हम खुश हैं। मुस्लिम महिलाओं को अधिकार मिला है। राम का नाम ही संघर्ष को खत्म करने वाला है। विशाल भारत संस्थान की डॉ. नजमा परवीन ने कहा कि रामनवमी हमारे देश की संस्कृति का हिस्सा है। रामजी की कृपा से तीन तलाक का बिल और वक्फ बिल मुस्लिम महिलाओं के समर्थन में पास हुआ।

**वर्षों की परंपरा का हुआ निर्वहन**

संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीगुरुजी ने कहा कि श्रीराम का जन्मदिन मनाना हजारों वर्षों की परंपरा है। हर भारतीय इसको मनाता रहा है। मुस्लिम महिलाओं ने इस परंपरा को जीवंत रखा। इससे एकता, प्रेम और सद्भावना का संदेश पूरी दुनिया में जाता है। आज के समय की जरूरत है। राम के नाम से नफरत को खत्म किया जा सकता है। वाईस चेयरमैन अफरोज पांडेय मोनी ने कहा कि प्रेम का संदेश देने और अपनी संस्कृति को मानने में कैसा संकोच। यह देश हमारा, यहीं के हमारे पूर्वज, तो राम जी भी हमारे हैं। उनकी आरती कर गर्व का अनुभव हो रहा है।

### प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली बार राम मंदिर पहुंचे सपा सांसद अवधेश प्रसाद

**अयोध्या।** राम नवमी के मौके पर अयोध्या से सांसद अवधेश प्रसाद मंदिर दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान एक मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि मेरे नाम में ही राम का नाम है। मेरे परिवार के कई लोगों के नाम में राम है। मेरा इस मंदिर से रिश्ता आज का नहीं है। जब मैं यहां पढ़ाई करता था तब से प्रभु के दर्शन के लिए यहां आया करता था। अवधेश प्रसाद ने कहा कि मैं अपने को मैं सौभाग्यशाली मानता हूं कि मेरा जन्म यहीं हुआ। मेरे बाबा, पिता



और भाई सबके नाम में राम का नाम है। राम की कृपा से ही मैं अयोध्या से सांसद हूं। उसकी चर्चा पूरी दुनिया में है।

## नौ लाख में बुआ ने किया भतीजी का सौदा

### 40 साल के अधेड से कराई शादी

**अमरोहा।** यूपी के अमरोहा से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक शख्स ने अपनी सगी बहन पर गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक का कहना है कि उसकी बहन ने 9 लाख रुपये के लालच में उसकी 12 साल की बेटी की शादी अधेड से करा दी। वहीं, दूसरी 10 साल की बेटी को भी बंधक बनाकर रखा है। उधर, शिकायत मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई।

शनिवार को समाधान दिवस के मौके पर सीओ दीप कुमार पंत समेत अन्य अफसर शिकायत सुन रहे थे। इस बीच एक किसान अपनी शिकायत लेकर वहां पहुंचा। उसने बताया कि वह बदायूं के थाना उघैती क्षेत्र के गांव का रहने वाला है। उसकी व पत्नी की तबियत खराब रहती है। रहरा थाना क्षेत्र के गांव में ब्याही सगी बहन दीपावली पर उसके घर पहुंची और उचित देखभाल के बहाने उसकी 10 व 12 वर्षीया बेटी को घर ले आई। बताया कि जब वह होली पर बहन के घर आया तो बेटियां सहमी हुई थीं। उन्होंने जो कुछ बताया उसे सुनकर वह सन्न रह गया। वह बेटियों को ले जाने लगा तो उसे धमका कर भगा दिया गया। बीती दो अप्रैल को जानकारी हुई कि बहन ने 12 साल की बेटी को नौ लाख रुपये लेकर 40 वर्षीय एक व्यक्ति के साथ शादी रचा दी है। वहीं, छोटी बेटी को भी बंधक बना रखा है, उसे भी बेचने की फिराक में है। सीओ ने रहरा थानाध्यक्ष अलका चौधरी को तत्काल मामले की हकीकत पता लगाने के लिए भेजा। पुलिस ने गांव में दबिश दी। बताया जा रहा है कि किसान की छोटी बेटी को पुलिस ने बरामद कर लिया है। उससे पता किया जा रहा है और पूरे मामले की जांच पुलिस कर रही है।

## ग्राम चौपालों में चार लाख से अधिक समस्याओं का हुआ समाधान: केशव

महानगर संवाददाता

प्रयागराज

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि यूपी में ग्रामीणो की समस्यायों को सुलझाने के लिए प्रदेश के हर विकास खण्ड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या -गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है।

यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने बताया कि ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की



जमीनी हकीकत का पता चलता है। वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी भी आती है। इसी क्रम में गाँवों में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। साथ ही व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है।

**'PM आवास योजना के नए पात्रों के चयन का भी चल रहा काम'**

इन चौपालों को लेकर मौर्य ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। पीएम आवास योजना- ग्रामीण में नये मानकों के अनुरूप नये पात्र लाभार्थियों के चयन में ग्राम चौपालो की अहम भूमिका है।

## बाबतपुर एयरपोर्ट पर एक साथ उतर सकेंगे दो विमान

### 11 को पीएम मोदी वाराणसी को देंगे करोड़ों की सौगात

**वाराणसी।** बाबतपुर एयरपोर्ट अब सिक्सलेन का हो जाएगा। बाबतपुर एयरपोर्ट के पास बनने वाली सिक्सलेन टनल के निर्माण की 11 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आधारशिला रखेंगे। इसके अलावा भी पीएम मोदी जिले को करोड़ों की सौगात देंगे। एयरपोर्ट अथारिटी के अफसरों के मुताबिक इससे रन-वे का विस्तार होगा और एयरपोर्ट पर एक साथ करीब दो विमान लैंड और टेकआफ कर सकेंगे। वर्तमान में एयरपोर्ट पर कुल लगभग 45 विमान आवागमन करते हैं। टनल के निर्माण के बाद एक दिन में करीब 110 विमानों की आवाजाही हो सकेगी। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगने वाले जाम से भी मुक्ति मिलेगी। एयरपोर्ट के विस्तारीकरण में बाबतपुर चौराहा और बसनी से पुरा रघुनाथ तक एनएच-21 (वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग) का अस्तित्व खत्म हो जाएगा। यह एयरपोर्ट के रन-वे का हिस्सा हो जाएंगे। इसकी जगह सिक्सलेन टनल बनेगी। जिसकी लम्बाई 450 मीटर होगी। इसके लिए बाबतपुर फ्लाईओवर के थोड़ा आगे से कर्व देकर (घुमाकर) फोरलेन अप्रोच रोड बनेगी, जो पुरा रघुनाथ तक जाएगी। 2.4 किलोमीटर लम्बे इस प्रोजेक्ट पर 652.64 करोड़ खर्च होंगे।

## कीर्तन कर घर लौट रहे गायक को मारी गोली, मौत

**देवरिया।** सुरौली थाना क्षेत्र के धमऊर में शनिवार की रात में दस बजे देवरिया से कीर्तन गाकर लौट रहे राम मूरत चौहान की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह सुरौली थाना क्षेत्र के सुकी परसिया के निवासी थे। गोली मारने का कारण गांवा वाले पुरानी रंजिश बता रहे हैं। राम सूरत शाम को 5:00 बजे घर से देवरिया कीर्तन गाने के लिए निकले थे। हत्या के बाद राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर एसपी विक्रांत वीर, एडिशनल एसपी सुनील कुमार सिंह, सदर सीओ, सिरौली थाना अध्यक्ष सहित सभी अधिकारी मौके पर पहुंचे। वह 4 साल पहले मर्चेंट नेवी में थे। इस समय घर रहकर ही खेती बाड़ी का कार्य कर रहे थे।

## संभल की मस्जिद के सामने बनी सत्यव्रत पुलिस चौकी का हुआ उद्घाटन

महानगर संवाददाता

संभल

रामनवमी के दिन संभल की नई पुलिस चौकी का उद्घाटन हुआ है, जिसका नाम सत्यव्रत रखा गया है. उससे पहले इस पुलिस चौकी में स्थानीय लोगों की भीड़ सेल्फी लेने में जुटी रही है। ये सत्यव्रत चौकी संभल जामा मस्जिद के सामने बनी है और प्रशासन ने तेजी के साथ चौकी का निर्माण करवाया है।




बात दें कि संभल में 24 नवंबर 2024 को शाही जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान विरोध के बाद हिंसा हुई थी और उसके कुछ दिन बाद ही जामा मस्जिद के ठीक सामने नई पुलिस चौकी बनाने की मांग उठी। पुलिस और प्रशासन ने जमा मस्जिद के ठीक सामने खाली पड़े मैदान पहले जांच परख की गई। फिर नई पुलिस चौकी की नींव रख दी गई।

रामनवमी के दिन इस पुलिस चौकी को 100 दिन हो चुके हैं और यहां पर बड़े से शिलापट्ट पर सत्यव्रत पुलिस चौकी लिखा गया है। वहीं शिलापट्ट पर भगवद गीता का प्रमुख श्लोक यदा यदा ही धर्मस्य को लिखा गया है। यह हाईटेक पुलिस चौकी आज से अपने पूरे कार्य स्वरूप में आ जाएगी और उसके बाद आस-पास के लोगों को इस पुलिस चौकी से बहुत मदद मिलेगी। यही वजह है कि लोगों ने आज सुबह से इस पुलिस चौकी में आना शुरू किया और सेल्फी लेते रहे। लोगों ने कहा कि उन्हें बहुत पहले से इस पुलिस चौकी की जरूरत थी और उन्हें बहुत खुशी हुई है कि सरकार ने उनकी इस मांग को पूरा किया है जिस तरह से नवंबर में हिंसा हुई थी उसके बाद इस पुलिस चौकी को युद्ध स्तर पर बनाया गया था।

## दहेज को लेकर प्रताड़ित करने के मामले में चार पर केस दर्ज

**अंबेडकर नगर।** यूपी के अंबेडकरनगर में महिला ने पति और जेठ समेत अन्य ससुरालीजन के खिलाफ केस दर्ज कराया है। जेठ पर छेड़छाड़ एवं पति पर दूसरा निकाह करने का भी आरोप लगाया। बताया कि ससुरालीजन दो लाख रुपये की मांग कर रहे थे, ना दे पाने पर दहेज के लिए उत्पीड़न करने लगे। मामले में एसपी के आदेश पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। टांडा कस्बा की रहने वाली एक महिला ने पुलिस को तहरीर दी। इसमें बताया कि उसका निकाह वर्ष 2011 में कमाल अहमद के साथ हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद से ही ससुर जुनेद आलम, सास आसमा खातून, जेठ बेलाल अहमद, जेठानी आफरीन बानो और ननद साजिया दहेज में दो लाख रुपये मांगने के साथ ही शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे।

## सपा सांसद के विरोध में क्षत्रिय समाज निकालेगा महासंग्राम यात्रा

महानगर संवाददाता

लखनऊ

राष्ट्र गौरव राणा सांगा के प्रति अपमानजनक टिप्पणी करने वाले सपा सांसद रामजी लाल सुमन माफी मांगें नहीं तो परिणाम गंभीर होंगे। किसी को भी हमारे पूर्वजों का अपमान करने का हक नहीं है।




सपा सांसद रामजीलाल सुमन के विरुद्ध सामूहिक प्रतिरोध करने हेतु उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति ने प्रेस क्लब लखनऊ में सभी क्षत्रिय संगठनों एवं सामाजिक संगठनों की बैठक आहूत कर यह चेतावनी दी। बैठक में 14 क्षत्रिय संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश क्षत्रिय समन्वय समिति के संयोजक प्रदीप सिंह बब्बू ने कहा कि आगरा की घटना के बाद सपा सांसद रामजी लाल सुमन के विरोध को दलित बनाम राजपूत बनाने का कुचक्र समाजवादी पार्टी द्वारा किया जा रहा है, जबकि राणा सांगा सिर्फ़ एक जाति के नहीं वरन पूरे राष्ट्र के गौरव हैं। एक व्यक्ति द्वारा राष्ट्र के महानायकों का अपमान उत्तर प्रदेश का सर्व समाज किसी भी कीमत पर सहन नहीं कर सकता। बैठक में क्षत्रिय संगठनों द्वारा यह सामूहिक निर्णय लिया गया कि आगामी 8 अप्रैल को 1090 चौराहे पर सुबह 10 बजे क्षत्रिय समाज सहित सर्व समाज के लोग एकजुट होकर, गाँधी की प्रतिमा हज़रतगंज तक पैदल मार्च निकाल कर रामजीलाल सुमन का विरोध करेगा और मांग करेगा कि रामजी लाल देश से माफ़ी माँगें। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अवनीश सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश के लोग लखनऊ में इकट्ठा होकर इस विरोध मार्च में भाग लेंगे।

## एपेक्स सेंटर में तीन गुना ज्यादा मरीज हो सकेंगे भर्ती

### छह करोड़ से तैयार होगी डीपीआर

**कानपुर।** कानपुर में हैलट परिसर का एपेक्स सेंटर ट्रॉमा का मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल होगा। इसमें ट्रॉमा रोगियों के इलाज से संबंधित सभी विभाग होंगे। 16 मॉड्यूलर ओटी के साथ एक इंटरवेंशनल ओटी और एक कैथ लैब भी रहेगी। ट्रॉमा सेंटर बनने के बाद वर्तमान की तुलना में तीन गुना रोगियों को एक समय में भर्ती किया जा सकेगा। एपेक्स ट्रॉमा सेंटर की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के सारे बिंदुओं पर अंतिम निर्णय हो गया है। केंद्रीय एजेंसी वास्तु निधि छह करोड़ रुपये में ट्रॉमा सेंटर की डीपीआर तैयार करेगी। इससे आस-पास के 17 जिलों के ट्रॉमा रोगियों को लाभ मिलेगा। एपेक्स ट्रॉमा सेंटर की डीपीआर के संबंध में चार राउंड बैठक के बाद अंतिम निर्णय योजना विभाग ने लिया है। निर्माण स्थल की मिट्टी की जांच रिपोर्ट आने के बाद यहां तीन बेसमेंट बनाए जाने का निर्णय लिया गया। न्यूरो साइंसेस प्रमुख डॉ. मनीष सिंह ने बताया कि अगले 10 सालों में रोगियों की बढ़ी हुई अनुमानित संख्या के आकलन के आधार पर ट्रॉमा सेंटर की क्षमता बढ़ाई गई है।

## फर्जी डेथ सर्टिफिकेट बनवाकर इंश्योरेंस कंपनी को लगाया लाखों का चूना, 5 गिरफ्तार

महानगर संवाददाता

गोरखपुर

गोरखपुर में पूर्व बैंक मैनेजर समेत अन्य बैंककर्मियों ने रुपयों का लालच देकर पहले बैंक समूहों को ऋण दिया। ऋण धारकों को मृत दिखाकर ऋण और बकाया किस्त को माफ कराने के साथ पूर्व से इंश्योर किए गए रुपये का गबन कर इंश्योरेंस कंपनी को भी चूना लगाया। पुलिस ने इस मामले में पांच बैंककर्मियों को गिरफ्तार किया है। जबकि पूर्व बैंक प्रबंधक समेत 10 आरोपी फरार हैं। वर्तमान बैंक प्रबंधक की ओर से डेढ़ साल पहले



दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद 4 आरोपियों को पूर्व में जेल भेजा जा चुका है।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने बताया कि भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड इंडसइंड बैंक की शाखा की ब्रांच मैनेजर ने 28 अक्टूबर 2023 को गबन और धोखाधड़ी के संबंध में थाना स्थानीय पर प्रार्थना पत्र दिया गया था। उनकी तहरीर पर गोला थाने में एफआईआर दर्ज की गई थी। उनकी संस्था का प्रमुख कार्य ग्रामीण एंव अर्द्ध शहरी क्षेत्रों में महिलाओं का समूह बनाकर स्वरोजगार एवं आय सृजन हेतु आसान ई-केवाईसी के माध्यम से समूह के सदस्यों को बैंक एकाउंट में लोन देने एवं साप्ताहिक आसान किस्तो में संग्रह की प्रक्रिया है।

**पूर्व मैनेजर ने सहयोगियों के साथ मिलकर की धोखाधड़ी**

उन्होंने एफआईआर में शाखा के पूर्व मैनेजर बृजेश कुमार पर आरोप लगाया कि अपने सहयोगियों के साथ मिलकर इंडसइंड बैंक के ऋण व बीमा धारकों को कूटरचित व अवैध दस्तावेजों के माध्यम से मृत दिखाकर धोखाधड़ी कर व एलिजिबिलिटी व बैलेंस चेक करने के नाम पर लोन का पेमेंट कराकर 11 सेंटर के 19 सदस्यों से कुल 6 लाख 44 हजार 197 रुपये का गबन किया गया. इस संबंध में आरोपी व उसके पिता रामबली से बात की गई, तो उनके द्वारा पैसा न देने व जान से मारने की धमकी दी गई. इस संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था. प्रकरण में पूर्व में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## तेज धमाके के साथ हुए हादसे में दो की मौत, सात घायल

महानगर संवाददाता

आगरा

आगरा के आवास विकास सेक्टर-7 में धमाके के साथ पांच दुकानें ढह गईं। आस-पास के दुकानदार और स्थानीय निवासी घर और फ्लैटों से बाहर निकल आए। धूल का गुबार देख किसी ने भूकंप तो किसी ने समझा बम फट गया। हादसे वाली दुकानों के सामने एटा कॉम्प्लेक्स में आशीष जैन की ऑटो पार्ट्स की दुकान है। उन्होंने बताया कि तेज धमाके के साथ चारों तरफ धूल उड़ने लगी। उन्हें लगा कोई बम फट गया। थोड़ी देर बाद पता चला



कि दुकानें ढह गईं। केके नगर की विनीता हादसे के दौरान वहां से गुजर रही थीं। उनका कहना है कि अचानक धमाके साथ धूल उड़ी तो उन्हें लगा भूकंप आ गया।

# हम वक्फ बोर्ड पर कंट्रोल नहीं करना चाहते

## काली पट्टी बांधकर राज्य भर में आंदोलन करेंगे घटक दलों के नेता

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार वक्फ बोर्ड को कंट्रोल नहीं करना चाहती, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वे कानून के दायरे में काम करें, ताकि उनकी संपत्ति का इस्तेमाल मुस्लिम समुदाय में शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार को बढ़ावा देने में किया जा सके।

**'नियमों के अनुसार काम करे वक्फ'**

पार्टी के 45वें स्थापना दिवस के अवसर पर बीजेपी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि तुर्किये और कई अन्य मुस्लिम देशों की सरकारों ने वक्फ संपत्तियों को अपने कंट्रोल में ले लिया है। उन्होंने कहा, 'हम वक्फ बोर्ड का संचालन कर रहे लोगों से बस यह कह रहे हैं कि आप नियमों के अनुसार काम करें। आपको यह काम नियमानुसार करना होगा।'

**'वक्फ बोर्ड पर कंट्रोल नहीं चाहते'**

नड्डा ने कहा, 'हम वक्फ बोर्ड पर कंट्रोल नहीं चाहते। हमारा लक्ष्य केवल यह सुनिश्चित करना है कि इसका प्रबंधन करने वाले लोग कानून के दायरे में काम करें और स्थापित नियमों का पालन करें। वक्फ बोर्ड की संपत्ति और धन मुस्लिम समुदाय के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए समर्पित होंगे।'

**बीजेपी स्थापना दिवस पर बोले नड्डा**

नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करने से पहले नड्डा ने मुख्यालय में पार्टी का झंडा फहराया। वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ से शुरू हुई भाजपा की राजनीतिक यात्रा को याद करते हुए नड्डा ने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है और आज कई राज्यों में सत्ता में है।

उन्होंने कहा कि भाजपा कभी भी अपनी मूल विचारधारा से हटी नहीं है, जबकि कांग्रेस वर्षों से अपनी 'वैचारिक कमजोरी' के कारण पतन का सामना कर रही है। नड्डा ने कहा, "आज, लोकसभा में भाजपा के 240, राज्यसभा में 98 से अधिक सदस्य और देश भर में 1,600 से अधिक विधायक हैं।



# डल्लेवाल ने खत्म किया आमरण अनशन

## महापंचायत में किया ऐलान

चंडीगढ़। फैसलों पर एमएसपी और किसानों की अन्य मांगों के लिए 131 दिन से आमरण अनशन कर रहे संयुक्त किसान मोर्चा (नॉन पॉलिटिकल) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 131 दिन बाद आज आमरण अनशन खत्म कर दिया। फतेहगढ़ साहिब की सरहिंद अनाज मंडी में किसान महापंचायत में उन्होंने इसका ऐलान किया और पानी पिया। डल्लेवाल ने कहा कि किसानों की मांग पर आमरण अनशन खत्म किया है। काफी समय से किसान उन्हें अनशन तोड़ने की अपील कर रहे थे। डल्लेवाल ने किसानों की मांगों को लेकर 26 नवंबर 2024 से आमरण अनशन पर थे। कल केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उनसे आमरण अनशन समाप्त करने की अपील की थी। चौहान ने डल्लेवाल से अनशन खत्म करने की अपील करते हुए कहा था कि 4 मई को किसानों से चंडीगढ़ में मीटिंग करेंगे। इस से पहले सुप्रीम कोर्ट में पंजाब सरकार की तरफ से बताया गया था कि डल्लेवाल ने आमरण अनशन समाप्त कर दिया है, हालांकि किसान संगठनों ने सरकार के इस दावे को भ्रामक बताया था।

यह तो चुनावी गांधी हैं

# वक्फ बिल संशोधन को लेकर राहुल-प्रियंका पर BRS का हमला

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

वक्फ संशोधन बिल पर हो रही बहस के दौरान लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और वायनाड सांसद प्रियंका गांधी के उपस्थित न होने को लेकर राजनीति तेज हो गई है। बीआरएस नेत्री के कविता ने इन दोनों की अनुपस्थिति पर सवाल उठाया और इसे कांग्रेस नेतृत्व द्वारा गंभीरता और जिम्मेदारी की कमी का प्रदर्शन बताते हुए कड़ा बयान जारी किया। बीआरएस नेत्री ने कहा कि तेलंगाना के लोग इन दोनों भाई-बहनों को अच्छी तरह से पहचानते हैं। यह दोनों चुनावों के दौरान यहां आते हैं और बड़े-बड़े नारे लगाते हुए पूरे देश में घूमते हैं लेकिन वहीं जब असली समय आता है.. जब लाखों लोगों के अधिकारों की बात आती है.. खास तौर पर अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा की बात आती है तो यह



दोनों कहीं भी नजर नहीं आते हैं। के कविता ने राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता के पद पर बैठे गांधी एक ऐसे मुद्दे पर बोलने में विफल रहे, जो सीधे तौर पर भारत के 30 करोड़ लोगों को प्रभावित करने वाला है। आज पूरे अल्पसंख्यक समुदाय को गांधी परिवार की यह चुप्पी खल रही है। बीआरएस नेत्री ने कहा कि तेलंगाना के लोग गांधी परिवार की इन नाटकीयताओं से अच्छी तरह से वाकिफ हैं। वे जानते हैं कि अगर किसी मुद्दे से कांग्रेस को चुनावी फायदा नहीं होगा तो यह भाई-बहन लोगों के अधिकारों के लिए बोलने से ज्यादा चुप रहना पसंद करेंगे। आज जब लोगों को उनकी सबसे ज्यादा जरूरत हैं तो चुनावी गांधी वहां थे ही नहीं.. लेकिन मैं उन लोगो से कह देना चाहती हूं कि नेतृत्व दिखावे की चीज नहीं है। यह तब सामने आने के बारे में हैं, जब इसकी जरूरत सबसे ज्यादा होती है।

# PM मोदी-यूनुस की मुलाकात पर बांग्लादेश की ओछी राजनीति

## बयान में की दुर्भावनापूर्ण हरकत



महानगर नेटवर्क

ढाका

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस की बैंकॉक में हुई बैठक के बाद बांग्लादेश की तरफ से एक बयान सामने आया है। हालांकि सूत्रों की तरफ से इस बयान को और खासतौर पर अल्पसंख्यकों पर हमलों और पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के प्रत्यर्पण के मामले पर दिए बयान को ओछी राजनीति और दुर्भावनापूर्ण रवैये से प्रेरित बताया गया है। दरअसल, पीएम मोदी से मुलाकात के बाद यूनुस के प्रेस सचिव शफीकुल आलम ने शनिवार को फेसबुक पर एक पोस्ट किया था इसी पोस्ट को लेकर पूरा विवाद छिड़ा हुआ है। सोशल मीडिया पर जारी इस पोस्ट में आलम ने कहा कि मोहम्मद यूनुस ने पीएम मोदी के सामने शेख हसीना के प्रत्यर्पण का मुद्दा उठाया था। इस मौके पर पीएम मोदी की प्रतिक्रिया नकारात्मक नहीं थी। आलम ने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यूनुस से कहा,"हमने आपके (यूनुस) के प्रति उनका (शेख हसीना) का अपमानजनक व्यवहार देखा है।"

आलम के इस दावे को खारिज करते हुए सूत्रों ने कहा कि पीएम मोदी ने यूनुस द्वारा उठाए गए विभिन्न मुद्दों पर यह कहते हुए प्रतिक्रिया दी थी कि इन सभी मामलों पर हमारे विदेश मंत्रियों के बीच में बेहतर चर्चा हो सकती है।

नवरात्रि का व्रत खोलने ढाबे में गया था परिवार

# वेज खाने में निकलीं हड्डियां, मचा बवाल

महानगर नेटवर्क

चंडीगढ़





चंडीगढ़-दिल्ली हाईवे पर जीरकपुर में मशहूर सेठी ढाबे में शनिवार रात बवाल मच गया। अष्टमी के दिन व्रत खोलने के लिए जीरकपुर वीआईपी रोड निवासी अमरदीप और कनिका अपने परिवार के साथ सेठी ढाबा खाना खाने आई थी। उन्होंने वेज खाना ऑर्डर किया था लेकिन जब वे खाने लगी तो इस में से चिकन की हड्डियां निकलीं। ये देखते ही वहां हंगामा हो गया। परिवार ने कहा है कि वे खाद्य विभाग में भी मामले की शिकायत दर्ज कराएंगे। उन्होंने कहा कि इस घटना से उनकी धार्मिक भावनाओं को भी ठेस पहुंची है। चंडीगढ़-दिल्ली हाईवे पर मशहूर सेठी ढाबा स्थित है। सेठी ढाबा स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए खासा लोकप्रिय है। यहां अक्सर फिल्मी सितारे भी आते रहते हैं। अष्टमी के अवसर पर जीरकपुर के एक परिवार के लोग ढाबे में खाना खाने गए थे। महिला अमरदीप और कनिका ने बताया कि नवरात्रि व्रत के लिए सेठी ढाबा में कुछ स्वादिष्ट खाना खाने के लिए आए थे। उन्होंने खाने में वेज ऑर्डर किया था, लेकिन खाना खाते हुए जब उनके शाकाहारी खाने में हड्डियां मिली तो वह हैरान हो गईं। ढाबे में मौजूद ग्राहकों में आक्रोश फैल गया और हंगामा हो गया। जब उन्होंने ढाबा मालिक के बेटे वंश सेठी से इसकी शिकायत की तो उसने अजीब बात कही। पहले तो उसने कहा कि ये हड्डियां सब्जियों की थी, चिकन की नहीं। जब परिवार संतुष्ट नहीं हुआ तो उसने कहा कि वह मानते हैं कि यह उनके रसोई कर्मचारियों की गलती है। शाकाहारी खाने में हड्डियां मिलने की घटना के बाद फोन पर संपर्क करने पर सेठी ढाबा के मालिक सोनू सेठी ने कहा कि यह घटना किसी साजिश के तहत हुई है। जानबूझकर हमारे ढाबे की बदनामी करने की कोशिश की गई है।

**तत्काल कार्रवाई करने की मांग**

परिवार वालों ने बताया कि वे आठ दिन से व्रत रखे हुए थे और उनके साथ धोखा हुआ है जिससे सबका भरोसा टूट गया। परिवार ने कहा है कि वे खाद्य विभाग में भी मामले की शिकायत दर्ज कराएंगे। उन्होंने अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई करने और यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया है कि भविष्य में ऐसी घटनाएं न घटे।

# किडनी संबंधी जागरूकता के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली \ मुंबई। किडनी के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और किडनी की बीमारियों का समय रहते पता लगाने के लिए, लीलावती अस्पताल में किडनी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया है। कार्यक्रम में किडनी की बीमारियों पर एक सत्र, मरीज और कर्मचारियों द्वारा एक प्रतिभा प्रदर्शन और एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 'कौन बनेगा किडनी पति' भी शामिल थी, जिसके बाद पुरस्कार वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में लीलावती अस्पताल के सीईओ डॉ नीरज उत्तमानी, नेफोलाजिस्ट डॉ. हेमंत मेहता, डॉ. के.एल. उपाध्या, डॉ. अरुण शाह, डॉ. एल.एच. सूरतकल, डॉ. वासी शेख और डॉ. नागेश्वर पांचाल उपस्थित थे। अस्वस्थ जीवनशैली, खराब खान-पान की आदतों और जागरूकता की कमी के कारण सभी आयु वर्ग के लोगों में किडनी की बीमारियाँ बढ़ रही हैं। मधुमेह, उच्च रक्तचाप और निर्जलीकरण जैसी स्थितियाँ किडनी की समस्याओं में योगदान करती हैं। यदि निदान न किया जाए, तो किडनी की समस्याएँ क्रोनिक किडनी रोग और यहाँ तक कि किडनी फेलियर का कारण बन सकती हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समय पर जाँच, विशेषज्ञ परामर्श और किडनी के स्वास्थ्य को बनाए रखने और जटिलताओं को रोकने के बारे में आवश्यक शिक्षा प्रदान करना है। यह जोखिम वाले व्यक्तियों के लिए एक वरदान होगा, जो उन्हें किडनी की देखभाल के लिए इलाज करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। लीलावती अस्पताल के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. हेमंत मेहता ने कहा, "गुर्दे की बीमारियाँ धीरे धीरे बढ़ती हैं।

# MP में चीतों के सामने 'शेर' बनने वाले की गई नौकरी

महानगर नेटवर्क

श्योपुर

## पानी पिलाने वाले पर ऐक्शन



मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क में चीतों को बेहद नजदीक से पानी पिलाकर खुद को 'शेर' दिखाने वाले शख्स पर ऐक्शन हो गया है। उसे अपनी नौकरी गंवानी पड़ गई है। वायरल हुए वीडियो में दिख रहा शख्स सत्यनारायण गुर्जर है जो कूनो नेशनल पार्क में चीता मित्र के रूप में नियुक्त था। वह वन विभाग में ड्राइवर के रूप में काम कर रहा था। हाल ही में चीतों को आवाज देकर बुलाने और बेहद करीब से उन्हें पानी पिलाने की घटना का वीडियो वायरल हो गया था। अधिकारियों का कहना है कि वन्य जीव के साथ इस प्रकार का संपर्क नियमों के खिलाफ है। वायरल वीडियो में कूनो नेशनल पार्क की निगरानी टीम का एक सदस्य चीतों को पतीले में पानी पिलाता नजर आ रहा है। वीडियो में चीता मित्र COME COME बोलकर चीतों को बुलाता है। इसके बाद सभी चीते उसके पास आकर पानी पीने लगते हैं। वीडियो वायरल हुआ तो वन विभाग में हड़कंप मच गया। शुरू में आरोपी चीता मित्र चीतों के करीब जाने में हिचकिचाता नजर आता है, लेकिन उसके पीछे खड़े लोग, जिसमें वीडियो शूट करने वाला भी शामिल है, उससे चीतों को पानी पिलाने की बात कह रहे हैं। सूत्रों की मानें तो दोनों वीडियो उमरीकला गांव के पास शूट किए गए थे। मौजूदा वक्त कूनो पार्क में 11 शावकों सहित 17 चीते घूम रहे हैं। वहीं नौ बाड़ों में मौजूद हैं। वन विभाग ने वायरल वीडियो पर फौरन ऐक्शन लिया है।

# सरेआम सड़क पर पत्नी को चाकुओं से गोदकर मार डाला

महानगर नेटवर्क

बेंगलुरु

बेंगलुरु से एक बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है। यहां एक शख्स ने अफेयर के शक में सरेआम सड़क पर ही पत्नी की हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक आरोपी ने पत्नी को चाकू से गोद डाला। घटना शुक्रवार की है। बागेपल्ली का रहने वाला कृष्णप्पा उर्फ कृष्णा को आसपास के लोगों ने पकड़ लिया और फिर पुलिस के हवाले कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक रात के करीब 8 बजे शारदा काम करके घर वापस लौट रही थी। कृष्णप्पा ने पहले ही उसकी हत्या का प्लान बना रखा था। वह दो नए चाकू खरीदकर लाया था और घर से थोड़ी दूर सड़क किनारे शारदा के लौटने का इंतजार कर रहा था। इसके बाद उनसे चाकू से गर्दन पर वार करना शुरू कर दिया। शारदा ने भागने की कोशिश लेकिन कृष्णप्पा ने उसे घायल कर दिया। वह खून से लथपथ होकर गिर पड़ी। आसपास के लोगों ने दौड़कर कृष्णप्पा को पकड़ा। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बताया गया कि कृष्णप्पा दिहाड़ी मजदूरी करता था। कृष्णप्पा की शादी को 17 साल हो गए थे और उनके दो बच्चे हैं। पुलिस ने बताया कि कृष्णप्पा को शारदा पर शक था। उसे लगता था कि शारदा का किसी के साथ अफेयर है। चार साल से वे दोनों अलग ही रहते थे।

# इकबाल अंसारी ने अयोध्या आए श्रद्धालुओं पर बरसाए फूल

महानगर नेटवर्क

अयोध्या

## श्रीराम का नारा भी लगाया



बाबरी मस्जिद के मुद्दई रहे अयोध्या के बहुचर्चित मुस्लिम नेता इकबाल अंसारी ने श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर रामनवमी मेले में दर्शन करने आए लाखों श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा की है। अपने पिता स्वर्गीय हाशिम अंसारी के पदचिह्नों पर चलते हुए इकबाल अंसारी भी अयोध्या में हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे के चिराग को रोशन किए हुए हैं। रविवार को श्री रामनवमी के अवसर पर अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं पर जय श्रीराम के उद्घोष के साथ इकबाल अंसारी ने पुष्प वर्षा की और श्रद्धालुओं का स्वागत किया। अपने इस खानदानी परंपरा को निभाते हुए अंसारी काफी प्रफुल्लित नजर आए। मीडिया से बातचीत के दौरान बाबरी मस्जिद के मुद्दई रहे इकबाल अंसारी ने कहा कि यह रामनगरी है। यहां भगवान राम ने जन्म लिया। यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हम अयोध्या के वासी हैं। आज हमें अयोध्या आने वाले अपने मेहमान श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए दिल से खुशी हो रही है। अयोध्या में जो भी श्रद्धालु हनुमान जी, भगवान राम और मठ-मंदिरों के दर्शन करने आ रहे हैं हम उनका दिल से स्वागत करते हैं। इकबाल अंसारी ने अपने आवास के पास श्रीराम जन्मभूमि परिसर के गेट के निकट रामपथ पर चल रही श्रद्धालुओं की भीड़ पर पुष्प वर्षा करते हुए जय श्रीराम का नारा भी लगाया। उनके साथ अयोध्या के गणमान्य नागरिक भी पुष्प वर्षा में शामिल रहे। इकबाल अंसारी ने कहा कि हम अयोध्या वासी हैं और हम हमेशा अयोध्या आने वाले हर श्रद्धालुओं का स्वागत करते रहे हैं।

CPM में बड़े बदलाव

# प्रकाश और वृंदा करात छोड़ेंगे अपने पद, नए महासचिव का ऐलान



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के पूर्व मंत्री एमए बेबी को सीपीआई के 24वें अधिवेशन में पार्टी का महासचिव चुना गया है। पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) यानी CPI(M) के भीतर कुछ बड़े बदलाव हुए हैं। पार्टी के पोलित ब्यूरो में 8 नए सदस्यों को शामिल किया गया है जबकि प्रकाश करात, वृंदा करात और माणिक सरकार जैसे सीनियर नेता अपने पद से हट रहे हैं। इंडियन एक्सप्रेस ने यह जानकारी पार्टी सूत्रों के हवाले से दी। पोलित ब्यूरो के नए सदस्यों में यू वासुकी, विजू कृष्णन, मरियम धावले, श्रीदीप भट्टाचार्य, अमरा राम और के बालकृष्णन शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो पोलित ब्यूरो से हटने के बाद प्रकाश करात, बृंदा करात और माणिक सरकार को पार्टी की सेंट्रल कमेटी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया जाएगा। इस बीच, केरल के पूर्व मंत्री एमए बेबी को सीपीआई के 24वें अधिवेशन में पार्टी का महासचिव चुना गया है। पार्टी नेताओं के एक वर्ग ने इस पद के लिए ऑल इंडिया किसान सभा (AIKS) के अध्यक्ष अशोक धावले का समर्थन किया था। साल 1954 में केरल के प्रक्कुलम में पीएम अलेक्जेंडर और लिली अलेक्जेंडर के घर एमए बेबी का जन्म हुआ। वह स्कूल के दिनों में ही केरल स्टूडेंट्स फेडरेशन में शामिल हो गए थे। केरल स्टूडेंट्स फेडरेशन का नाम बाद में स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया कर दिया गया था। वह 1986 से 1998 तक राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं।

एमए बेबी 2012 से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था पोलित ब्यूरो के सदस्य हैं। पिछले साल सीताराम येचुरी के निधन के बाद पार्टी महासचिव का पद रिक्त हो गया था, जिसके बाद प्रकाश करात ने अंतरिम समन्वयक का पद संभाला। CPIM का 24वां अधिवेशन 2 अप्रैल को शुरू हुआ था और रविवार को समाप्त होगा।

# तमिलनाडु में AIADMK के साथ होगा BJP का गठबंधन ?

## अमित शाह के दौरे से पहले अटकलें तेज



**चेन्नई।** भारतीय जनता पार्टी (BJP) और एआईएडीएमके के बीच फिर से गठबंधन की अटकलें तेज हो रही हैं। इसी बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस महीने के अंत में तमिलनाडु का दौरा करेंगे। अमित शाह का यह दौरा आगामी बिहार चुनावों और पश्चिम बंगाल के 2026 में होने वाले चुनावों से पहले की रणनीति के तहत तय किया गया है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि गृह मंत्री एआईएडीएमके के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। मार्च में एआईएडीएमके नेता एदप्पादी के पलानीस्वामी ने दिल्ली में अमित शाह से मुलाकात की थी, जिससे यह अटकलें तेज हो गईं कि दोनों पुराने सहयोगी विधानसभा चुनावों से पहले एक बार फिर गठबंधन कर सकते हैं और द्रविड़ मुनेत्र कझगम (DMK) के खिलाफ एक मजबूत मोर्चा बना सकते हैं। एक सूत्र ने कहा, "उनकी मुलाकात संघ विचारक एस गुरुमूर्ति और कुछ पार्टी कार्यकर्ताओं से भी हुई, लेकिन क्या एआईएडीएमके नेताओं से बातचीत हो रही है, इस पर कोई टिप्पणी नहीं की गई।"

**गठबंधन की संभावनाएं**

भाजपा और एआईएडीएमके के कई नेताओं का मानना है कि दोनों दलों का गठबंधन राज्य में डीएमके को सत्ता से बाहर करने में ज्यादा सफल हो सकता है। एआईएडीएमके ने 2023 में एनडीए से बाहर निकलने का एलान किया था, क्योंकि अन्नामलाई द्वारा की गई टिप्पणियों पर दोनों गठबंधन सहयोगियों के बीच मतभेद हो गए थे।

**केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव**

राज्य के कुछ नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव डाला है कि वह एआईएडीएमके के साथ फिर से गठबंधन करें, जिससे पार्टी को राज्य में अपनी पकड़ बढ़ाने और एंटी-डीएमके भावना का लाभ उठाने का मौका मिलेगा। एक पार्टी कार्यकर्ता ने कहा, "दोनों दलों के नेताओं के बीच गठबंधन की संभावना को लेकर कई दौर की बातचीत हो चुकी है। हमें उम्मीद है कि राज्य में संगठनात्मक फेरबदल के बाद इस बारे में जल्द ही कोई घोषणा की जाएगी।"

**नए प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव पर नजरें**

प्रदेश अध्यक्ष के पद से के. अन्नामलाई के इस्तीफे के बाद सबकी नजरें इस बात पर हैं कि पार्टी किसे उनका उत्तराधिकारी चुनेगी। क्योंकि गठबंधन इस पर निर्भर करेगा कि प्रदेश के नेता आपस में कैसे तालमेल बैठाते हैं।

पेज एक का शेष...

# रामलला का हुआ सूर्य तिलक...

## श्रद्धालु बोले – "जैसे सच में राम प्रकट हुए हों"

**अयोध्या।** प्रयागराज से आए एक श्रद्धालु ने भावुक होकर कहा, "इस दोहे को हमने बचपन से सुना, लेकिन आज पहली बार उस क्षण को महसूस किया है। जैसे वाकई सरयू के तट पर राम प्रकट हुए हों।"सुबह से रात तक मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा रहा। बच्चे, महिलाएं, युवा, बुजुर्ग हर कोई राममय दिखा। एक झलक पाने को बेताब दिखे

**श्रद्धालु, बोलेः रोम-रोम में बसे हैं राम छ** रामलला की एक झलक पाने को देशभर से लोग अयोध्या पहुंचे। अलसुबह से ही मंदिर में दर्शन के लिए लंबी कतारें लग गईं। तेज धूप भी भक्तों की आस्था को डिगा न सकी। हनुमानगढ़ी, रामपथ, सरयू तट और श्रीराम जन्मभूमि परिसर हर जगह भक्ति की लहर दौड़ती रही। रामनगरी की हर गली में भजन मंडलियां, मार्गों पर शोभायात्राएं, और हर चेहरे पर भक्ति का तेज दिखाई दिया। झांकियों में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता और हनुमान के स्वरूपों में सजे बच्चों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। वाराणसी से आए एक युवा जोड़े ने कहा, "हमने टीवी पर बहुत कुछ देखा, लेकिन यहां आकर जाना कि रामनवमी क्या होती है। यह केवल एक पूजा नहीं, बल्कि आत्मा से जुड़ी अनुभूति है।"

। वहीं,एक बुजुर्ग श्रद्धालु ने भावुक होकर कहा, "भगवान के दर्शन हो गए, अब जीवन पूरा हो गया।"

पार्टी आलाकमान ने दिए निर्देश

# सूत्रों का दावा- प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे उपमुख्यमंत्री शिवकुमार



**बंगलूरू।** कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस में सत्ता संघर्ष खत्म होता दिख रहा है। कांग्रेस सूत्रों ने रविवार को बताया, पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को राज्य इकाई के प्रमुख के रूप में बनाए रखने का निर्णय लिया है बता दें कि पिछले कई महीनों से पार्टी के अंदर शीर्ष पद को लेकर कलह चल रहा था।

हाल ही में शिवकुमार मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ पिछले गुरुवार और शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे थे। जहां उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। यह मुलाकात इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि शिवकुमार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाने की मुहिम चल रही थी। सिद्धारमैया के खेमे के कई विधायक और मंत्री शिवकुमार को पार्टी के राज्य अध्यक्ष पद से हटने की मांग कर रहे थे। उनका कहना था कि पार्टी नीति 'एक व्यक्ति, एक पद' का पालन होना चाहिए।

बता दें कि डीके शिवकुमार राज्य के उपमुख्यमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष दोनों पदों पर हैं, इसलिए पार्टी में उनके विरोधी यह तर्क दे रहे थे कि मंत्री पद का कार्यभार संभालने वाला व्यक्ति पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलकर उचित रूप से पार्टी प्रमुख का कर्तव्य नहीं निभा सकता है। हालांकि आलाकमान डीके शिवकुमार को इस पद से हटाने के मूड में नहीं है।

क्योंकि डीके शिवकुमार ने विधानसभा चुनावों फिर लोकसभा चुनावों में पार्टी को मिली जीत और हालिया उपचुनावों में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा रहा है। इसलिए पार्टी उनके योगदान को देखते हुए, उन्हें उस पद से हटाना नहीं चाह रही है। पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया, ''पार्टी आलाकमान कम से कम इस साल नवंबर और दिसंबर तक शिवकुमार को बदलने के लिए इच्छुक नहीं है।

# तमिलनाडु की आशंकाओं को दूर क्यों नहीं करते : स्टालिन

**तमिलनाडु।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर रविवार को निशाना साधा। उन्होंने प्रस्तावित परिसीमन प्रक्रिया को लेकर राज्य के लोगों की आशंकाओं को दूर करने की मांग रखी। स्टालिन ने कहा कि मोदी को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि संसद में एक प्रस्ताव पारित किया जाए ताकि तमिलनाडु के अधिकारों पर अंकुश न लगे। उन्होंने उधगमंडलम में लोकप्रिय पर्यटन स्थल के लिए कई परियोजनाओं का उद्घाटन और नई योजनाओं की घोषणा की। इसके बाद स्टालिन ने कहा कि उन्होंने प्रस्तावित परिसीमन से जुड़ी चिंताओं पर ज्ञापन सौंपने के लिए प्रधानमंत्री से मिलने का समय मांगा है।

**PUBLIC NOTICE**

That my client Priya Kamal Sagar residing at A/301, Plot No. 30, Sea Shell Co-operative Housing Society Ltd., Lokhandwala Complex, 3rd Cross Lane, Andheri West, Mumbai – 400 053 hereby informs the general public that she is disowning her brother Ankit Kamal Sagar, aged 36 years and has got nothing to do with him.

Any person dealing with him will be doing so at their own risk and consequences.

Sd/-

**Advocate Prashant Surve**

703 A Wing, D.N. Nagar Deep Society., J.P. Road, Andheri (W), Mumbai - 53.



# होंठ पड़ गए हैं काले तो करें ये उपाय

हम सभी चाहते हैं कि हमारे होंठ हमेशा गुलाबी नजर आए और इसके लिए हम आए दिन तरह-तरह के लिप केयर रूटीन को भी फॉलो करते हैं। वहीं कई बार हमारे होंठ काले पड़ जाते हैं और भद्दे नजर आने लगते हैं। होंठों के काले पड़ने का एकमात्र कारण लोकल लिप केयर या लिपस्टिक का इस्तेमाल करना होता है। इन्हीं के रोजाना इस्तेमाल से होंठ धीरे-धीरे काले पड़ने लगते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि इन लोकल प्रोडक्ट्स में कई तरह के केमिकल्स मौजूद होते हैं, जो होंठों को काला बना देते हैं। इसलिए आज हम आपको बताने वाले हैं एक ऐसा घरेलू उपाय जिसके इस्तेमाल से आपके होंठों का कालापन हो सकता है दूर और होंठ नजर आएंगे मुलायम और गुलाबी।

**आवश्यक सामग्री**

गुलाब जल,
कच्चा दूध,
शहद

**गुलाब जल के फायदे**

गुलाब जल एक नेचुरल टोनर का काम करता है।

यह होंठों पर कालेपन को दूर कर उन्हें गुलाबी बनाने में मदद करता है।

**शहद के फायदे**

बता दें कि एक स्टडी के मुताबिक लिप्स को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए बेहद फायदेमंद होता है, जिससे आपके चेहरे के पोर्स क्लीन होते हैं।

शहद में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व होंठों को हाइड्रेटेड बनाने में मदद करती है। (होंठों पर न करें इन चीजों का इस्तेमाल)

साथ ही शहद आपकी लिप्स की स्किन में इलास्टिसिटी बरकरार रखने में मदद करता है।

**कच्चे दूध के फायदे**

यह आपके लिप्स को मुलायम बनाने में मदद करता है।

ऐसा इसलिए क्योंकि इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन-ए होता है।

साथ ही कच्चा दूध लिप्स को नमी देने का काम भी करता है।

**कैसे करें इस्तेमाल?**

घर पर होंठों के कालेपन को दूर करने के लिए एक बाउल में कम से कम 2 चम्मच शहद डालें।

अब आप इसमें करीब एक चौथाई कप कच्चे दूध की मिलाएं।

साथ ही इसमें आप करीब एक चम्मच गुलाब जल की मिलाएं।

इन तीनों को अच्छी तरह से मिक्स करके होंठों पर लगा लें।

हल्के हाथों से करीब 5 मिनट तक आप इसे होंठों पर मसाज करें।

करीब 10 मिनट के बाद आप अपने होंठ पानी की मदद से साफ कर लें।



# कीवी
## के अद्भुत फायदों के साथ हो सकते हैं ऐसे भी नुकसान!

गर्मी का मौसम आपको बेहाल ज़रूर बना देता है, लेकिन साथ ही इस मौसम में आपके शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए कई फल इस मौसम में आते हैं। फलों का राजा आम, तरबूज़, खरबूज़, जामुन, अनार और कीवी। इन सभी फलों के अपने फायदे होते हैं, इसलिए गर्मियों में इन्हें ज़रूर खाना चाहिए। साथ ही इन फलों के फायदे और नुकसान के बारे में भी जानना चाहिए। आज हम इन्हीं में से एक फल कीवी की बात करेंगे। खट्टा-मीठा फल कीवी सभी को पसंद आता है। इसे कई तरह से इस्तेमाल भी किया जा सकता है, लेकिन इसका सेवन करने से पहले इसके बारे में जानना भी ज़रूरी है।

**कीवी खाने के फायदे क्या है?**

1 कीवी में प्रोटीन की अच्छी मात्रा होती है, जो शरीर में वसा की मात्रा को बढ़ने नहीं देता है। इसकी मदद से शरीर का वज़न नहीं बढ़ता। जो लोग बढ़ते वज़न से परेशान हैं, उनको कीवी रोज़ाना खानी चाहिए।

2 कीवी में भरपूर मात्रा में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट शरीर के इम्यून सिस्टम को मज़बूत रखने में मदद करते हैं। जिसकी वजह से शरीर को बीमारियों से लड़ने की ताकत मिलती है और आप आसानी से बीमार नहीं पड़ते हैं।

3 कीवी प्राकृतिक एंज़ाइम से भरपूर होती है, जो अच्छी नींद के लिए सहायक होते हैं। इसमें पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स नींद नहीं आने की समस्या को दूर करने में मदद करते हैं। साथ ही इसमें सेरोटोनिन की भी अच्छी मात्रा होती है। इसलिए अगर आप नींद न आने की समस्या से जूझते हैं, तो कीवी ज़रूर खाएं।

4 कीवी में कई तरह के विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट तत्व होते हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। ब्लड प्रेशर के मरीज़ों को इसे ज़रूर खाना चाहिए।

5 रोज़ाना अगर किवी का सेवन किया जाए, तो यह आंखो की रौशनी बढ़ाने के साथ इनकी सेहत के लिए अच्छा होता है।

**कीवी के नुकसान क्या हैं**

- कीवी को खाने के फायदे कई हैं, लेकिन इसे ज़्यादा खा लेने से त्वचा से जुड़ी समस्याएं शुरू हो सकती हैं।
- ज़रूरत से ज़्यादा कीवी खा लेने से मुंह में जलन की दिक्कत शुरू हो सकती है।
- कई लोगों को कीवी से एलर्जी भी होती है, इसे खाने से गले में खुजली, जीभ में सूजन, निगलने में परेशानी, मितली आदि जैसी परेशानी हो सकती है।





# आखिर क्यों है चाय पराठा सबसे खराब फूड कॉम्बिनेशन?

चाय और पराठा भारतीयों के पसंदीदा नाश्तों में से एक है। इसलिए कई लोग आमतौर पर नाश्ते में चाय के साथ पराठा खाना खूब पसंद करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं चाय के साथ पराठा खाने से आपकी सेहत को कई गंभीर नुकसान भी पहुंच सकते हैं? अगर नहीं तो आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि क्यों चाय और पराठा एक अनहेल्दी फूड कॉम्बिनेशन है। इसके सेवन से आपको गैस, एसिडिटी और शरीर में खून की कमी जैसी समस्याओं से जूझना पड़ सकता है, तो चलिए जानते हैं चाय के साथ पराठा क्यों नहीं खाना चाहिए.....

**एसिडिटी की समस्या**

अगर आप भारी भोजन के साथ चाय का सेवन करते हैं जैसे- भरे हुए परांठे आदि तो ये आपके पेट में गंभीर सूजन और एसिड रिफ्लक्स का कारण बन सकता है। ऐसा इसलिए है,क्योंकि चाय या कॉफी के साथ पराठे खाने से आपके पेट में एसिड-बेस बैलेंस को नुकसान पहुंच सकता है।

**खून की कमी**

रिसर्च की मानें तो चाय में मौजूद फेनोलिक रसायन पेट में आयरन-कॉम्प्लेक्स के निर्माण को उत्तेजित करते हैं, जिसके कारण शरीर में आयरन के अवशोषण में बाधा पहुंचती है। इसलिए भोजन के साथ चाय का सेवन नहीं करना चाहिए, खासकर उन लोगों को जिन्हें आयरन की कमी के कारण एनीमिया है।

**शरीर में पोषक तत्वों को पहुंचने से रोके**

अगर आप पराठे के साथ चाय का सेवन करते हैं तो इससे आपके शरीर में प्रोटीन के अवशोषण में बाधा उत्पन्न होती है। चाय में टैनिन नामक रसायन पाया जाता है जोकि प्रोटीन के साथ मिलकर शरीर में एंटीन्यूट्रिएंट्स के रूप में काम करता है। एक अध्ययन के अनुसार, टैनिन प्रोटीन के पाचन को औसतन 38% तक धीमा कर देता है। चाय शरीर द्वारा पोषक तत्वों का उपयोग करने से रोकती है, इसलिए चाय के साथ पराठा खाना एक अच्छा कॉम्बिनेशन नहीं माना जाता है।

मौसम के हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। अब गर्मियों के मौसम ने दस्तक दे दी है, जिससे गर्मियों के हिसाब से ही फैशन में भी बदलाव आने लगा है। ऐसे में अगर आप कंफर्टेबल कपड़ों की शौकीन हैं और समर फैशन के स्टाइल्स को फॉलो करना चाहती हैं, तो यहां हम आपके लिए कुछ ऐसे फैशन टिप्स लेकर आए हैं, जो गर्मियों के हिसाब से बिल्कुल परफेक्ट हैं। आइए जानते हैं कि आपको अपने वार्डरोब में किस तरह के कपड़ों को रखना चाहिए, जिससे आप गर्मी में कूल और स्टाइलिश नजर आएं।

## गर्मियों में स्टाइलिश दिखने के लिए
# समर फैशन टिप्स

**व्हाइट कलर**

समर में अपने वॉर्डरोब में व्हाइट कलर के आउटफिट जरूर रखें। समर में व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस, मैक्सी ड्रेस, लखनवी सूट, अनारकली, साड़ी, शर्ट, पेंसिल स्कर्ट, ट्राउजर आदि ट्राई किए जा सकते हैं। आप ब्लैक एंड व्हाइट कलर भी ट्राई कर सकती हैं।

**पेस्टल कलर**

इस समर में व्हाइट कलर के साथ पिंक, यलो, ऑरेंज, लैवेंडर, ऑलिव ग्रीन जैसे पेस्टल कलर्स का कॉम्बिनेशन भी बहुत अच्छा लगता है।

**कंफर्टेबल फिटिंग**

समर में कंफर्टेबल कपड़े अच्छे लगते हैं, इसलिए बहुत ज़्यादा फिटिंग वाले कपड़े न पहनें। शॉर्ट ड्रेस, मैक्सी ड्रेस, कॉटन टी-शर्ट, प्लाजो, लॉन्ग कुर्ती, प्लीटेड स्कर्ट, व्हाइट शर्ट या लिनेन जैकेट, एसिमिट्रिकल टॉप, कॉटन साड़ी आदि समर के लिए बेस्ट ऑप्शन हैं।



## बीपी को कंट्रोल में बनाएं रखता है हरी
# मिर्च का भर्ता

भर्ते का नाम सुनते ही जहन में सबसे पहला नाम बैंगन भर्ते का ही आता है जोकि स्वाद में बेहद लजीज लगता है। इसलिए आज तक आपने बैंगन का भर्ता तो खूब खाया होगा, लेकिन क्या कभी आपने हरी मिर्च के भर्ते का स्वाद चखा है? अगर नहीं तो आज हम आपके लिए हरी मिर्च का भर्ता बनाने की रेसिपी लेकर आए हैं। हरी मिर्च का भर्ता एक राजस्थानी डिश है इसलिए भर्ते की ये रेसिपी आपको राजस्थान की रॉयल थाली में आसानी से देखने को मिल जाएगी। हरी मिर्च का भर्ता स्वाद में खूब लजीज और चटपटा लगता है। इसको आप लंच या डिनर में आसानी से बनाकर खा सकते हैं, तो चलिए जानते हैं हरी मिर्च का भर्ता कैसे बनाएं।...

**आवश्यक सामग्री-**

- हरी मिर्च 200 ग्राम कटी हुई राई 2 चम्मच
- सौंफ डेढ़ चम्मच
- मेथी 1 चम्मच
- दही तीन-चौथाई कप
- हल्दी पाउडर आधा चम्मच
- शक्कर आधा चम्मच
- नींबू का रस 1 चम्मच
- तेल 1 चम्मच
- नमक स्वादानुसार

**हरी मिर्च का भर्ता कैसे बनाएं?**

हरी मिर्च का भर्ता बनाने के लिए आप सबसे पहले एक कढ़ाई को गर्म करें।

फिर आप इसमें राई, सौंफ और मेथी को डालकर ड्राई रोस्ट कर लें।

इसके बाद जब ये सारी चीजें ठंडी हो जाएं तो आप इनको मिक्सी में पीस पर पाउडर बना लें।

फिर आप कढ़ाई में तेल डालकर गर्म करने के लिए रख दें।

इसके बाद आप इसमें थोड़ी सी राई और मेथी दाना डालकर भून लें।

फिर आप इसमें कटी हुई हरी मिर्च डालें और नरम होने तक भून लें।

इसके साथ ही आप मिर्च को भूनते हुए कूटते रहें जोकि ये हल्की दरदरी बनी रहें।

फिर आप इसमें हल्दी पाउडर डालें और करीब 30 सेकेंड तक पका लें।

इसके बाद आप इसमें दही, नमक और शक्कर डालकर मिला लें।

फिर आप इसमें सौंफ, राई और मेथी का भुना हुआ पाउडर डालकर मिला लें।

इसके बाद आप इसको पानी सूखने तक अच्छी तरह से पका लें।

अब आपका स्वाद से भरपूर हरी मिर्च का भर्ता बनकर तैयार हो चुका है।

फिर आप इसको फ्रिज में ठंडा होने के लिए रख दें। ये ठंडा ज्यादा टेस्टी लगता है।

इसके बाद आप इसमें ऊपर से नींबू का रस, ऑरिगेनो या हरी धनिया डालकर सर्व करें।



# 1 दिन में कितने ड्राई फ्रूट्स खाने चाहिए?

ड्राई फ्रूट्स खाने की ज़रूरतों को पोषण संबंधी स्नैकिंग के साथ मिलाने का एक सामान्य तरीका है। कई सारे न्यूट्रिशनिस्ट और एक्सपर्ट इस बात को तरजीह देते हैं कि अगर शाम के वक्त आपको कुछ खाने का मन करे तो स्नैक्स के रूप में ड्राई फ्रूट्स खाने चाहिए। लेकिन इनका सेवन करने का सबसे अच्छा समय कौन सा है, जिससे आपको इसका अधिकतम लाभ मिल सके? ऐसा माना जाता है कि ड्राई फ्रूट्स को भिगोकर सुबह इनका सेवन करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि ये आपके शरीर को पूरे दिन काम करने के लिए तैयार करते हैं। ड्राई फ्रूट्स को आहार में शामिल करना इसलिए अच्छा माना जाता है क्योंकि उनमें असंख्य लाभकारी पोषक तत्व भरे होते हैं।

**क्या है ड्राई फ्रूट्स खाने का सही समय?**

अक्सर सवाल किया जाता है कि क्या ड्राई फ्रूट्स को रात में खाया जा सकता है? ड्राई फ्रूट्स खाने का सबसे सही समय क्या है? आपको बता दें कि ड्राई फ्रूट्स रात भर भिगोकर सुबह खाना चाहिए। इससे ये आपको पूरे दिन के लिए तैयार करते हैं। इन्हें सुबह खाली पेट खाना सबसे अच्छा होता है क्योंकि तब यह आपकी डाइजेशन को बेहतर बनाते हैं, आपकी इम्यूनिटी को बेहतर बनाते हैं और आपकी त्वचा का भी ख्याल रखते हैं।

**1 दिन में कितने ड्राई फ्रूट्स खाने चाहिए?**

अगर आपको कोई आपसे कह रहा है कि आपको दिन भर में 1 मुट्ठी या 1/2 कटोरी ड्राई फ्रूट्स खाने चाहिए तो यह गलत है। हमें एक दिन में कितने ड्राई फ्रूट्स लेने चाहिए यह पूरी तरह से हमारी डाइट पर निर्भर करता है। इसके लिए आपके डाइटीशियन से बात करें और अपने आहार में सही मॉडरेशन में और आपकी जरूरत के अनुसार सही ड्राई फ्रूट्स (ड्राई फ्रूट्स रेसिपीज) को शामिल करें।

इसके साथ इस बात का भी ध्यान रखें कि ड्राई फ्रूट्स में पोटैशियम का कॉन्टेंट ज्यादा होता है। अगर आपको किडनी की समस्या है या अन्य कोई इलाज चल रहा है तो अपने डॉक्टर से संपर्क के बाद इनका सेवन करें।

# फ्रिज में बैक्टीरिया जमने से आने लगी है बदबू?
## नाक बंद करने के बजाए गंदगी को यूं करें साफ



खुद को सेहतमंद रखने के लिए ये बेहद जरूरी है हम हेल्दी और क्लीन फूड्स खाएं, ये तभी मुमकिन हो पाएगा जब हम अपने किचन और खासकर फ्रिज का साफ रखें। इस काम में जरा से कोताही आपके पूरे परिवार को बिमारियों का शिकार बना सकती है। खाने-पीने की चीजों को ताजा रखने के लिए हम काफी हद तक अपने रेफ्रिजिरेटर पर पर डिपेंड है, लेकिन हम अक्सर इसकी सफाई का ख्याल नहीं रखते जिसकी वजह से इसमें बैक्टीरिया जमा होने लगते हैं।

**गंदे फ्रिज से आने लगी है बदबू**

कई हफ्तों तक अगर फ्रिज साफ न किया जाए तो इस काफी बुरी बदबू आने लगती है और रेफ्रिजिरेटर में रखे जाने वाले भोजन जल्दी-जल्दी खराब होने लगते हैं। ऐसी नौबत आने से पहले ही आप पहले ही क्लीनलीनेस का ख्याल खरें। आइए जानते हैं कि फ्रिज को किस तरह साफ रखा जाता है।

**रेफ्रिजिरेटर को कैसे करें साफ?**

- सबसे पहले रेफ्रिजिरेटर में निचले लेवल पर रखी साग, सब्जियां और फल को बाहर कर दें।
- इसके बाद फ्रिज को डी-फ्रॉस्ट कर दें और रेफ्रिजिरेटर के चारों तरफ जमीन को पोछे से घेर दें। ऐसा करने से पिघलते हुए बर्फ का पानी पोछा में जमा हो जाएगा।
- अगर आप डी-फ्रॉस्ट नहीं करना चाह रहे हैं, तो बेहतर है कि फ्रिज से सारा सामन निकालकर डोर को कुछ घंटों के लिए खोल दें और सॉकेट से प्लग निकाल दें।



- एक बर्तन में थोड़ा पानी को गर्म कर लें और इसमें नमक मिला दें। फिर एक कपड़े की मदद से फ्रिज को अंदर से अच्छी तरह साफ कर लें।
- बाजार में फ्रिज साफ करने वाले स्प्रे भी आते हैं। वैसे आप बेकिंग सोडा या सफेद सिरके की मदद से भी क्लीनिंग कर सकते हैं।
- फ्रिज से बदबू निकालने के लिए इस काफी देर तक खुला रखें और ड्राई होने के लिए छोड़ दें।
- फ्रिज में मौजूद ट्रे को बाहर निकालकर डिश वाश लिक्विड की मदद से धोकर साफ कर लें।

इसे अच्छी तरह पोछकर रेफ्रिजिरेटर में लगा लें।



# डिलीवरी के बाद पेट कम करने का घरेलू नुस्खा

डिलीवरी के बाद पेट की चर्बी कम करने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पिएं। जी हां, आप पानी पीकर भी आसानी से वजन कम कर सकती हैं। डिलीवरी के बाद डिहाइड्रेशन की समस्या से बचने के लिए भरपूर मात्रा में पानी पिएं। डिलीवरी के बाद गर्म पानी ही पिएं। इससे शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होगा, जिससे शरीर में जमा अतिरिक्त चर्बी कम करने में मदद मिलेगी। अगर आप डिलीवरी के बाद बढ़ा हुआ पेट कम करना चाहती हैं, तो पर्याप्त मात्रा में गर्म पानी का सेवन करें।

**मेथी के बीज**

डिलीवरी के बाद पेट कम करने के लिए मेथी के बीज काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। मेथी के बीज में फाइबर काफी मात्रा में होता है, जो पाचन तंत्र को मजबूत बनता है। मेथी के बीज का सेवन करने से ब्लड शुगर लेवल कंट्रोल में रहता है और मेटाबॉलिज्म भी तेज होता है। डिलीवरी के बाद पेट की चर्बी कम करने के लिए आप रोजाना मेथी की चाय का सेवन कर सकती हैं। इसके लिए एक गिलास पानी में एक चम्मच मेथी के बीज डालकर उबाल लें। इस पानी को छान लें और इसे ठंडा करके पिएं। रोजाना मेथी की चाय पीने से शरीर में जमा विषाक्त पदार्थ बाहर निकलेंगे और वेट लॉस में मदद मिलेगी।

**ग्रीन टी**

पेट की चर्बी कम करने के लिए दूध की चाय के बजाय ग्रीन टी का सेवन करें। वजन कम करने के लिए ग्रीन टी का सेवन फायदेमंद माना जाता है। ग्रीन में एंटीऑक्सीडेंट भरपूर मात्रा में होते हैं, जो वजन कम करने में मददगार है। इससे मां और बच्चे के स्वास्थ्य को नुकसान नहीं पहुंचता है और वजन कम करने में मदद मिलती है। डिलीवरी के बाद पेट कम करने के लिए रोजाना खाने के बाद ग्रीन टी पिएं। हालांकि, ग्रीन टी का सेवन सीमित मात्रा में ही करें।

**अजवाइन का पानी**

डिलीवरी के बाद अजवाइन का पानी पीने की सलाह दी जाती है। सुबह खाली पेट या खाना खाने के बाद अजवाइन का पानी पीने से वजन कम करने में मदद मिलती है। अगर आप डिलीवरी के बाद पेट की चर्बी कम करना चाहती हैं, तो रोजाना अजवाइन का पानी पिएं। इसके लिए एक गिलास पानी में एक चम्मच अजवाइन डालकर उबाल लें। फिर इस पानी को छान लें और ठंडा करके पिएं। इससे वजन कम होने के साथ गैस और अपच की समस्या भी दूर होगी।

# आपकी स्किन हो गई है डल और बेजान?
## सुबह उठकर करें ये काम, चेहरा बनेगा ग्लोइंग

बहुत से लोग डल स्किन से छुटकारा पाने के लिए तरह-तरह की क्रीम का भी इस्तेमाल करते हैं.लेकिन ज्यादा केमिलकल का इस्तेमाल करने से आपकी स्किन खराब हो सकती है. ऐसे में आपको नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए.ऐसे में हम यहां आपको बताएंगे कि आपको सुबह उठकर क्या करने चाहिए?

**फेस को धोएं-**

अगर आप अपने फेस को रोजाना साफ नहीं करती हैं तो यह एक गलत आदत है। ऐसा इसलिए क्योंकि स्किन की केयर का पहला हिस्सा चेहरे को साफ रखना है बता दें चेहरे को साफ रखने से पिंपल्स की दिक्कत नहीं होती है। ऐसे में अगर आप स्किन को साफ करना चाहते हैं तो सुबह उठकर चेहरे को जरूर धोएं। ऐसा करने से चेहरा चमकदार बनेगा।बता दें चेहरा धोने के लिए आप बेसन का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**पैक लगाएं-**

चेहरे को साफ करे के बाद आपको चेहरे पर पैक जरूर लगाना चाहिए। ऐसा इसलिए पैक स्किन के लिए फायदेमंद होते हैं। पैक लगाने के लिए आप मुल्तानी मिट्टी से लेकर मलाई किसी का भी इस्तेमाल कर सकते हैं। वहीं अगर आपकी स्किन ड्राई है तो आप शहद में मलाई मिलाकर भी लगा सकते हैं। पैक को आप रोजाना लगा सकते हैं। इससे आपकी स्किन मुलायम और चमकदार बनेगी।

**टोनर-** ग्लोइंग स्किन के लिए टोनर का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि यह आपकी स्किन को टोन करने में मदद करता है। वहीं अगर आप टोनर का इस्तेमाल करते हैं तो इससे चेहरा फ्रेश और ग्लोइंग बनता है।



# आज मुंबई और बेंगलुरु में होगी कांटे की टक्कर

## वानखेड़े में किस टीम का पलड़ा होगा भारी

**मुंबई।** IPL के 18वें सीजन का 20वां मुकाबला मुंबई इंडियंस (MI) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के बीच सोमवार को खेला जाएगा। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे खेले जाने वाले मुकाबले में हार्दिक पंड्या की टीम के लिए रजत पाटीदार की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को हराना आसान नहीं होगा। मौजूदा आईपीएल सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कुल तीन मैच खेले हैं, जिसमें 2 जीत और एक हार के साथ मुंबई इंडियंस से अच्छी स्थिति में है। मुंबई इंडियंस ने अब तक 4 मैच में 1 जीत और 3 हार झेली हैं। ऐसे में दोनों टीमों के बीच मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

आईपीएल में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच कुल 33 बार भिड़ंत हुई। इन मुकाबलों में मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 19 मैच में जीत हासिल की है, जबकि उसे 14 मैच में शिकस्त का सामना करना पड़ा है। मौजूदा आईपीएल सीजन में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पहली टक्कर होने जा रही है।

वैसे मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच अब तक कुल 10 बार टक्कर हुई हैं। इन मुकाबलों में मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी रहा है।

मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ 7 मैच में जीत हासिल की है जबकि उसे तीन मुकाबलों में शिकस्त झेलनी पड़ी है। इस लिहाज से 7 अप्रैल को मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होने वाले मुकाबले में कौन सी टीम कामयाब रहती है, यह देखना बेहद दिलचस्प होगा।




**मुंबई इंडियंस:** रेयान रिकल्टन, रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, नमन धीर, हार्दिक पांड्या (कप्तान), मिचेल सैंटनर, ट्रेंट बोल्ट, सत्यनारायण राजू, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान, के श्रीजित, रॉबिन मिंज, बेवोन जैकब्स, विल जैक्स, राजअंगद बावा, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, विग्नेश पुथुर, अश्वनी कुमार, रीस टॉपली, कर्ण शर्मा और कॉर्बिन बॉश।

**बेंगलुरु:** रजत पाटीदार (कप्तान), विराट कोहली, यश दयाल, जोश हेजलवुड, फिल साल्ट, जितेश शर्मा, लियाम लिविंगस्टोन, रसिक सलाम डार, सुयश शर्मा, क्रुणाल पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, स्वप्निल सिंह, टिम डेविड, रोमारियो शेफर्ड, नुवान तुषारा, मनोज भंडागे, जैकब बेथेल, देवदत्त पडिक्कल, स्वस्त चिकारा, लुंगी एनगिडी, अभिनंदन सिंह और मोहित राठी।

[RCB के खिलाफ मैच से पहले]

# लौट आया मुंबई इंडियंस का 'शेर'



**मुंबई।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ होने वाले आईपीएल 2025 मुकाबले से पहले मुंबई इंडियंस के कैंप में शामिल हो गए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर पांचवें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के दूसरे दिन पीठ में चोट लगने के बाद से बुमराह मैदान से बाहर थे। उस चोट के कारण बुमराह दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर पाए और ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज 3-1 से जीत ली। पांच सप्ताह तक आराम करने के लिए कहे जाने के बाद बुमराह की रिकवरी प्रक्रिया बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में शुरू हुई जिसके कारण उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ भारत के व्हाइट-बॉल सीरीज और दुबई में विजयी चैंपियंस ट्रॉफी अभियान से भी बाहर होना पड़ा। पांच बार के चैंपियन ने कैंप में बुमराह के आने की जानकारी अपने सोशल मीडिया पर कैप्शन के साथ साझा करते हुए लिखा, 'रेडी टू रोअर'। सूत्रों ने मुताबिक बुमराह सुबह सीओई में अभ्यास मैच खेलने और उसके बाद मेडिकल टीम से हरी झंडी मिलने के बाद शनिवार शाम को पांच बार के आईपीएल चैंपियन के साथ जुड़ गए। जसप्रीत की तरह के किसी खिलाड़ी का पूरी तरह से फिट होना और MI के कैंप में वापस आना टीम के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है और जाहिर है कि हर कोई बहुत रोमांचित है। लेकिन वह कल RCB के खिलाफ होने वाले मैच में खेलेंगे या नहीं, इस बारे में अभी भी कोई निश्चित नहीं है। सूत्रों ने कहा, 'आदर्श रूप से बुमराह को खेलना चाहिए, लेकिन कल के मैच में खेलना उनका फैसला होगा, साथ ही हेड कोच महेला जयवर्धने की अगुआई वाले MI थिंक टैंक के साथ बातचीत के बाद।'






## पंजाब पर जीत के बाद इस तेज गेंदबाज पर बोले संदीप शर्मा

**चंडीगढ़।** राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज संदीप शर्मा ने कहा कि टीम के उनके साथी और दुनिया के सबसे खतरनाक तेज गेंदबाजों में से एक जोफ्रा आर्चर का प्रदर्शन लगातार बेहतर होगा जा रहा है जो उनकी टीम के लिए अच्छा संकेत है। आर्चर ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शुरुआती मैच में चार ओवर में 76 रन लुटा दिए थे। इसके बाद उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 2.3 ओवर में 33 रन दिए। वह इन मैच में विकेट हासिल करने में भी नाकाम रहे। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने हालांकि इसके बाद अपने प्रदर्शन में सुधार किया। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ शनिवार को खेले गए आईपीएल मैच में पहले ओवर में दो विकेट लेकर अपनी टीम की जीत अहम भूमिका निभाई। संदीप ने राजस्थान रॉयल्स की जीत के बाद कहा, 'आईपीएल जैसे किसी भी टूर्नामेंट में जब आप शुरुआत करते हैं तो काफी दबाव होता है। विरोधी टीमों के पास कई कुशल बल्लेबाज होते हैं। पहले दो मैच में काफी दबाव था और मुझे लगता है कि उसके साथ भी ऐसा ही हुआ।' उन्होंने कहा, 'हम सभी जानते हैं कि जोफ्रा विश्व स्तरीय गेंदबाज है। वह टीम में जो कौशल जोड़ता है उसका कोई सानी नहीं है। बहुत कम खिलाड़ी ऐसा कर पाते हैं।'

# राजस्थान रॉयल्स ने लगाया पंजाब की रफ्तार पर ब्रेक



**चंढीगढ़।** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2025 में बेहतरीन अंदाज में वापसी की है और लगातार दूसरी जीत दर्ज कर ली है. संजू सैमसन की टीम ने सीजन के अपने चौथे मैच में पंजाब किंग्स को उसके ही घर में बिल्कुल एकतरफा अंदाज में 50 रन से रौंद दिया. इस तरह पंजाब किंग्स को इस सीजन में अपनी पहली हाल का सामना करना पड़ा. श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को ये हार उसके घरेलू मैदान में मिली, जहां वो इस सीजन का अपना पहला ही मैच खेल रही थी. यानि टीम की घर वापसी अच्छी नहीं रही. पंजाब के नए घर मुल्लांपुर में शनिवार 5 अप्रैल को खेले गए इस मुकाबले में मेजबान पंजाब किंग्स बेहतरीन फॉर्म के साथ उतरी थी. नए कप्तान श्रेयस अय्यर और नए कोच रिकी पॉन्टिंग के नेतृत्व में पंजाब किंग्स ने सीजन के शुरुआती दोनों मैच एकतरफा अंदाज में जीत लिए थे. वहीं राजस्थान को शुरुआती 2 मैच में करारी हार मिली थी लेकिन तीसरे मैच में टीम ने जीत दर्ज की थी. ऐसे में ये मुकाबला दोनों टीमों के लिए आसान नहीं होने वाला था. मगर करीब 4 घंटे के मुकाबले के बाद जो नतीजा एकतरफा साबित हुआ और वो भी मेहमान टीम के पक्ष में. राजस्थान रॉयल्स ने इस मैच में पहले बल्लेबाजी की. उसके लिए कप्तान संजू सैमसन (38) और यशस्वी जायसवाल की ओपनिंग जोड़ी ने सिर्फ 10.2 ओवर में 89 रन की बेहतरीन साझेदारी की. पिछले 3 मैच में बुरी तरह फेल रहे यशस्वी (67) ने आखिरकार अपना जलवा दिखाया और सीजन का पहला अर्धशतक लगाया।

# मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच से पहले बोले विराट कोहली

## रोहित शर्मा के साथ रिश्ते पर कही बात



**मुंबई।** करिश्माई बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने लंबे समय के साथी और भारत के कप्तान रोहित शर्मा के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा कि उनके बीच हमेशा एक विश्वास कारक रहा है क्योंकि उन्होंने टीम के लिए मैच जीतने के काम को करने के लिए एक-दूसरे पर भरोसा किया है। कोहली और रोहित अगली बार मैदान पर एक-दूसरे से मिलेंगे जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम में आईपीएल 2025 के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस से भिड़ेगा। कोहली ने RCB के एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, 'मुझे लगता है कि जब आप इतने लंबे समय तक किसी के साथ खेलते हैं और आप खेल के बारे में अपनी अंतर्दृष्टि साझा करते हैं तो यह बहुत स्वाभाविक बात है। शुरुआत में, आप एक-दूसरे से सीख रहे होते हैं; आप शायद एक ही समय में अपने करियर में आगे बढ़ रहे होते हैं, और आप सभी तरह के प्रश्न और सवाल साझा करते हैं। इसलिए बहुत कुछ आगे-पीछे होता रहता है और यह भी तथ्य है कि हमने टीम के नेतृत्व के मामले में बहुत करीब से काम किया है। इसलिए हमेशा विचारों पर चर्चा होती थी और हम उस विशेष स्थिति या उस विशेष खेल की मांग के संदर्भ में एक ही पृष्ठ पर होते थे।' पिछले कुछ वर्षों में कोहली और रोहित ने भारत के लिए कई मैच जीते हैं और 2013 और 2025 चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम में एक साथ थे, इसके अलावा 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के बाद एक ही समय में अपने टी20आई करियर को समाप्त किया। उन्होंने कहा, 'एक विश्वास कारक है जो टीम के लिए काम करने के लिए एक-दूसरे पर भरोसा करने के संदर्भ में बनता है। हमने भारत के लिए इतने लंबे समय तक एक साथ खेलने का आनंद लिया है। हम अपने करियर को इतना लंबा बनाने में सक्षम थे क्योंकि जब हम युवा थे, जैसा कि मैंने कहा, यह निश्चित नहीं था कि हम भारत के लिए 15 साल तक खेलने जा रहे हैं।' कोहली ने अंत में कहा, 'यह यात्रा बहुत लंबी और लगातार जारी रही।

# संजू सैमसन ने वॉर्न को पीछे छोड़ा

## IPL इतिहास में राजस्थान रॉयल्स के सबसे सफल कप्तान बने



**नई दिल्ली।** पंजाब किंग्स पर 50 रन की शानदार जीत के बाद राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन फ्रेंचाइजी के सबसे सफल कप्तान बन गए हैं। मुल्लानपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच में सैमसन ने कप्तान के तौर पर 32वीं जीत दर्ज की करते हुए दिग्गज शेन वॉर्न की 31 जीत को पीछे छोड़ दिया। आईपीएल के पहले सीजन 2008 में राजस्थान को खिताब दिलाने वाले वॉर्न ने 55 मैचों में 31 जीत दर्ज की थीं। सैमसन ने अब 62 मैचों में 32 जीत दर्ज की हैं जिससे रॉयल्स के सबसे सफल कप्तान के तौर पर उनकी विरासत मजबूत हुई है। मैच की बात करें तो घरेलू मैदान पर पहला मुकाबला खेलने उतरी पंजाब किंग्स को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शर्मनाक हार (50 रन) झेलनी पड़ी है। मुल्लांपुर के स्टेडियम में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। राजस्थान ने जायसवाल के अर्धशतक और रियान पराग के महत्वपूर्ण रनों की बदौलत पहले खेलते हुए 4 विकेट खोकर 205 रन बना लिए। जवाब में खेलने उतरी पंजाब टीम ने 43 रन पर ही 4 विकेट गंवा दिए। नेहल वडेहरा और मैक्सवेल ने कुछ रन बनाए लेकिन यह जीत (155-9 रन) के लिए काफी नहीं थे। पंजाब की यह सीजन में पहली हार भी है। इससे पहले खेले गए दो मुकाबलों में उन्होंने गुजरात टाइटंस को 11 रन से तो लखनऊ सुपर जायंट्स को 8 विकेट से हरा दिया था। वहीं, राजस्थान की चार मैचों में दूसरी जीत है। उन्होंने हैदराबाद और कोलकाता के खिलाफ पहले दो मुकाबले गंवा दिए थे।

# भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में एक गोल्ड सहित जीते कुल छह पदक



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजों ने ब्राजील के फोज डू इगुआकू में आयोजित विश्व मुक्केबाजी कप में अपने अभियान का अंत छह पदक के साथ किया जिसमें हितेश का स्वर्ण पदक भी शामिल है। भारत विश्व मुक्केबाजी द्वारा आयोजित किसी शीर्ष स्तरीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पहली बार हिस्सा ले रहा था। हितेश विश्व मुक्केबाजी कप में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज बन गए हैं। उनके प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के ओडेल कामारा चोटिल हो गए थे और शनिवार को 70 किग्रा वर्ग के फाइनल के लिए रिंग में नहीं उतर सके। भारतीय मुक्केबाज अभिनाश जामवाल ने भी 65 किग्रा वर्ग के फाइनल में जगह बनाई लेकिन स्थानीय दावेदार यूरी रेइस को कड़ी टक्कर देने के बावजूद उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। भारत के जादुमणि सिंह मंदेंगबाम (50 किग्रा), मनीष राठौड़ (55 किग्रा), सचिन (60 किग्रा) और विशाल (90 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते। हितेश ने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय टूर्नामेंट से पहले ब्राजील में आयोजित 10 दिवसीय तैयारी शिविर को दिया जिससे उन्हें और टीम को बहुत मदद मिली। हितेश ने कहा, 'शिविर ने मुझे कुछ रणनीतिक बारीकियां सीखने में मदद की जिससे मुझे प्रतियोगिता में बहुत मदद मिली। इस टूर्नामेंट ने हमें उच्चतम स्तर का अनुभव प्रदान किया और मुझे खुशी है कि मैं स्वर्ण पदक जीत सका।' भारत ने विश्व मुक्केबाजी कप में 10 सदस्यीय दल उतारा था जो पेरिस ओलंपिक के बाद टीम का पहला बड़ा अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट था।

# राजस्थान रॉयल्स की सलामी जोड़ी अद्भुत : माइकल क्लार्क



**मुबंई।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और टीवी कमेंटेटर माइकल क्लार्क ने टाटा आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यशस्वी जायसवाल और संजू सैमसन की जोड़ी अदभुद है और यह किसी भी मैच में पासा पलटने की कुव्वत रखती है। कुहल फैन्स मैच सेंटर लाइव ऑन जियोहॉटस्टार पर क्लार्क ने कहा, 'जायसवाल ने आज शानदार प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि वह पहले के मैचों की तुलना में शुरुआत में थोड़ा ज़्यादा सतर्क थे। कुछ अच्छे शॉट्स ने उसे आत्मविश्वास दिया और वहीं से गति पकड़ी। अगर आप उसके वैगन व्हील को देखें, तो वह पार्क के चारों ओर शॉट मारता है। उसे लेग साइड पसंद है, लेकिन कीपर के ऊपर से ऊपर की ओर शॉट मारना और उसका कवर ड्राइव उसके पास सभी शॉट हैं। अगर वह खुद को बस कुछ गेंदें दे, यहां तक कि पहले ओवर में ज़मीन पर हिट करने की कोशिश करे, तो वह बहुत विनाशकारी हो सकता है।' उन्होने कहा, 'राजस्थान रॉयल्स एक अलग टीम है जब उनका ओपनिंग कॉम्बिनेशन आग उगलता है। वे बहुत शक्तिशाली हैं। रियान पराग के बारे में संजय मांजरेकर ने कहा, 'मुझे वाकई लगता है कि राजस्थान रॉयल्स के लिए रियान पराग की पारी और भी महत्वपूर्ण थी। हां, जायसवाल ने उन्हें अच्छी शुरुआत दी, लेकिन वह 14वें ओवर में आउट हो गए। उसके बाद, पराग ने अपना समय लिया और मुझे थोड़ी चिंता हुई कि शायद वह बहुत धीमी गति से खेल रहे हैं, लेकिन फिर उन्होंने धमाका कर दिया। अब वह जानते हैं और भरोसा करते हैं कि वह धीमी शुरुआत की भरपाई कर सकते हैं। पहली 13 गेंदों में उनका स्ट्राइक रेट 100 से थोड़ा ज्यादा था।

# धोनी के संन्यास पर कोच फ्लेमिंग ने तोड़ी चुप्पी



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के कप्तान और भारतीय क्रिकेट के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी (MS Dhoni) के संन्यास की अफवाहें एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बीच चेन्नई के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने धोनी के भविष्य को लेकर चल रही अटकलों पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। फ्लेमिंग ने साफ तौर पर कहा कि धोनी अभी भी शानदार फॉर्म में हैं और उनके संन्यास को लेकर कोई ठोस जानकारी नहीं है। हाल ही में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान फ्लेमिंग ने कहा कि मुझे नहीं पता, मैं बस उनके साथ काम करने का आनंद ले रहा हूं। वह अभी भी मजबूत हैं और मैं उनसे इन दिनों (भविष्य के बारे में) सवाल भी नहीं करता। फ्लेमिंग का यह बयान धोनी के प्रशंसकों के लिए राहत की खबर हो सकता है, जो लंबे समय से उनके संन्यास की खबरों से चिंतित थे। धोनी, जो 43 साल के हो चुके हैं, ने पिछले कुछ सालों में अपने प्रदर्शन से सभी को प्रभावित किया है। हालांकि, उनकी उम्र और शारीरिक स्थिति को लेकर सवाल उठते रहे हैं। कुछ समय पहले फ्लेमिंग ने यह भी कहा था कि धोनी की बॉडी और घुटने अब पहले जैसे नहीं रहे, जिसके चलते उनके लिए लंबे समय तक बल्लेबाजी करना मुश्किल हो सकता है।

### जी.डी. बिड़ला मेमोरियल मास्टर्स इंटर-क्लब बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सनसनीखेज विजयशाह चटर्जी, डिसूजा की विजयी बढ़त

**मुंबई।** बिबाश चटर्जी - राजेश डिसूजा की जोड़ी सह-मेजबानी बॉम्बे जिमखाना और बैडमिंटन गुरुकुल प्रायोजित जी.डी. बिरला मेमोरियल मास्टर्स इंटर-क्लब बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गई। सेमीफाइनल में चटर्जी-डिसूजा ने दूसरी वरीयता प्राप्त अयाज बिलावल और गौरम आश्रम को 21-10, 21-18 से हराया। फाइनल में इस जोड़ी का सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त नाहिद दिवेचा और शैलेश डागा से होगा, जिन्होंने आनंद विट्ठलकर और प्रिया आंबेकर को 21-4, 21-17 से हराया।

हालाँकि, बिलावल ने पुरुषों की 110+ डबल्स के इस सेमीफाइनल में पहुंचकर खुद को खिताब की दौड़ में शामिल कर लिया। राजेश डिसूजा के साथ शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने अनिल पांडे और विपुल शाह को 15-8, 15-11 से हराया।



**संक्षिप्त परिणामः एमडी 110+ - क्वार्टर फाइनल**

अयाज़ बिलावाला [1]/राजेश डिसूजा ने अनिल पांडे/विपुल शाह को 15-8, 15-11 से हराया; आनंद विट्ठलकर/विपुल पटेल ने केतन पटेल/सूरज अवत्रामणि को 15-13, 15-11 से हराया; जतिन अग्रवाल/नवल बीर कुमार ने राकेश राघवन/योगेश कुमार अरोड़ा को 15-11, 15-12 से, प्रशांत मुखर्जी/विलास कुवाले ने बिबाश चटर्जी [2]/योगेश सांघवी को 16-14, 15-10 से हराया।

**यूएनआई डबल्स - क्वार्टरफाइनल**

बिभाष चटर्जी/राजेश डिसूजा ने अंजलि परब/नरसिम्हन कस्तूरीकृष्णन को 15-7, 15-2 से हराया; सतिंदर मल्होत्रा/विपुल पटेल अयाज़बिलावाला [2]/गौतम अश्रा से 13-15, 15-12, 7-15 से हार गए।

**नी डबल्स - सेमी-फाइनल**

नाहिद दिवेचा [1]/शैलेश डागा ने आनंद विट्ठलकर/प्रिया अंबेकर को 21-4,21-17 से हराया; बिभाष चटर्जी/राजेश डिसूजा ने अयाज बिलावल [2]/गौतम अशरा को 21-10, 21-18 से हराया

**टीम चैम्पियनशिप**

राउंड 3ग्रुप ए - बॉम्बे जिमखाना ए ने एमसीएफए ए को 2-1 से हरायाग्रुप बी - एमआईजी क्रिकेट क्लब ने एमसीएफए बी को 2-1 से हरायाग्रुप सी - कैथोलिक जिमखाना ने डब्लूसीजी बी को 3-0 से हरायाग्रुप डी - गोरेगांव स्पोर्ट्स क्लब ने डब्लूसीजी ए को 2-1 से हरायाग्रुप ई - एमसीए ए ने बॉम्बे जिमखाना बी को 2-1 से हरायाग्रुप एफ - मास्टर्स स्पोर्ट्स क्लब एलएलपी ने गारवारे क्लब हाउस को 3-0 से हराया।

# पीएसजी ने 13वीं बार लीग-1 का खिताब जीता

## ला लिगा में रियल मैड्रिड हारा, बार्सिलोना को बेटिस ने रोका



**लंदन।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने अपना अजेय अभियान जारी रखते हुए शनिवार एंजर्स को 1-0 से हरा दिया। इसके साथ ही उसने छह मैच शेष रहते हुए ही फ्रांसीसी फुटबॉल लीग, जिसे लीग-1 भी कहा जाता है, उसका खिताब अपने नाम किया। पीएसजी का यह लीग-1 में 13वां खिताब है और इस तरह से उसने अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया। वहीं, विनीसियस जूनियर पेनल्टी पर गोल करने से चूक गए और इस वजह से रियाल मैड्रिड को स्पैनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने घरेलू मैदान पर वालेंसिया के हाथों 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, रियल मैड्रिड की चिर प्रतिद्वंद्वी टीम बार्सिलोना को रियल बेटिस ने 1-1 की बराबरी पर रोक दिया।

पीएसजी की यह जीत इसलिए भी खास है क्योंकि उसने चैंपियन बनने की राह तक एक भी मैच नहीं गंवाया। ट्रॉफी अपने नाम पर सुरक्षित करने के लिए उसको एंजर्स के खिलाफ केवल ड्रॉ की जरूरत थी, लेकिन युवा स्ट्राइकर डेसिरे डौए के गोल की मदद से उसने जीत के साथ जश्न मनाया।

# इंसान नहीं असल जिंदगी में 'सुपरमैन' हैं माधवन!

**वैसे तो आर. माधवन को हर कोई जानता है। नेशनल अवॉर्ड विनर आर. माधवन आज किसी परिचय के मोहताज नहीं। वह न सिर्फ दमदार एक्टर हैं, बल्कि डायरेक्शन में भी अपनी काबिलियत साबित कर चुके हैं। लेकिन इनके अंदर कई ऐसे हुनर हैं, जिन्हें जानकर आप उन्हें सलाम करेंगे।**



आर. माधवन ने अपनी जिंदगी में ऐसे-ऐसे कारनामे किए कि देश का नाम रोशन कर दिया। वह किसी 'सुपरमैन' से कम नहीं, पर बहुत से लोग उनके इन हुनर और कारनामों से अनजान होंगे। बेटे वेदांत माधवन और बीवी सरिता भी कम नहीं हैं। जहां बेटा स्वीमिंग में देश के लिए कई मेडल जीत चुका है, वहीं बीवी भी नेकदिली में आगे हैं। 'संडे सिनेमा' वीकली स्पेशल में आपको इस रील हीरो आर. माधवन की रियल लाइफ की ऐसी बातें बता रहे हैं, जिन्हें जानकर आप न सिर्फ नाज करेंगे, बल्कि सीना गर्व से चौड़ा हो जाएगा। आर. माधवन ने अपने करियर में हिंदी से लेकर तमिल, तेलुगू और मलयालम भाषा में कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। पर उन्हें आज भी 'रहना है तेरे दिल में' के लिए याद किया जाता है, जो हाल ही सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज की गई। लेकिन एक्टिंग के अलावा आर. माधवन में कमाल के हुनर भरे पड़े हैं। आर. माधवन का पूरा नाम रंगनाथन माधवन है और वह बिहार में पले-बढ़े। उनके पिता जमशेदपुर में टाटा स्टील में काम करते थे। वह चाहते थे कि माधवन की पढ़ाई पूरी करने के बाद टाटा स्टील के साथ ही काम करें। लेकिन आर. माधवन का सपना कुछ और ही था। यह सपना था आर्मी अफसर बनने का। वह कभी भी एक्टर नहीं बनना चाहते थे, पर किस्मत उन्हें इस फील्ड में ले आई, और वह यहां भी चमक उठे।

# 'चुड़ैल की तरह हंसती हैं श्रद्धा'



**बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की फिल्म स्त्री और स्त्री 2 दर्शकों को खूब पसंद आई। फिल्म में श्रद्धा कपूर की एक्टिंग की काफी सरहाना हुई। अब श्रद्धा कपूर के फैंस फिल्म प्रोड्यूस करने वाले दिनेश निजन से काफी खफा है। दरअसल, फिल्म के डायरेक्टर अमर कौशिक ने बताया कि दिनेश विजन ने कहा था कि श्रद्धा कपूर चुड़ैल की तरह हंसती हैं। इस वजह से ही फिल्म में उनकी कास्टिंग हुई। दिनेश विजन की इस बात से फैंस प्रोड्यूसर पर भड़के हुए हैं।**

कोमल नहाटा के साथ खास बातचीत में अमर कौशिक ने कहा, ₹श्रद्धा की कास्टिंग (का क्रेडिट) पूरी की पूरी दिनेश विजन को जाती है। वो श्रद्धा के साथ किसी फ्लाइट में आ रहे थे, और फ्लाइट में वो उनको मिली थीं। तो उन्होंने बोला, अमर वो हंसती हैं ना तो एकदम स्त्री की तरह, एकदम चुड़ैल की तरह हंसती है। सॉरी श्रद्धा, तो ऐसा कुछ बोला था उन्होंने। चुड़ैल बोला था या कुछ और , मैं श्योर नहीं हूं। तो मैं जब उन्हें मिला तो सबसे पहले मैंने उनको बोला हंसो। श्रद्धा कपूर के फैंस ने इस बात पर काफी नाराजगी जताई है। उन्होंने अमर कौशिक और दिनेश विजन को लेकर भड़ास निकाली है। एक यूजर ने लिखा- पहले आप उनके नाम पर फिल्म प्रमोट करो, करोड़ों कमाओ और फिर कूल दिखने के लिए इंटरव्यू में उनका मजाक उड़ाओ। वहीं, एक यूजर ने लिखा- ये मिसोजनिस्ट पुरुष कभी उनके काम और एक्टिंग की सरहाना नहीं करेंगे, लेकिन देखो ये कैसे बात कर रहे हैं। एक तीसरे यूजर ने लिखा- इस प्वाइंट पर वो उन्हें इस्तेमाल कर रहे हैं! वो इन लोगों के साथ बहुत अच्छी हैं।

# उर्फी जावेद ने जैकेट से छुपाया मुंह



सोशल मीडिया पर हमेशा ही अपने फैशन और ड्रेसिंग सेंस की वजह से चर्चा में रहने वाली उर्फी जावेद आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उर्फी हमेशा ही अपने अतरंगी फैशन की वजह से सुर्खियों में रहती हैं। हालांकि, उर्फी को अक्सर ट्रोलर्स का सामना भी करना पड़ता है। सोशल मीडिया एक तरफ जहां उर्फी को कई यूजर्स ट्रोल करते हैं तो दूसरी तरफ उन्हें पसंद करने वालों की भी कमी नहीं है। अब इसी बीच उर्फी जावेद का मुंबई एयरपोर्ट से एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वो अपना चेहरे जैकेट से छुपाती नजर आ रही हैं। इस वीडियो को देखकर यूजर्स लगातार कमेंट्स करते नजर आ रहे हैं। उर्फी जावेद का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में उर्फी ब्लू टॉप और जीन्स के साथ डेनिम जैकेट पहने नजर आ रही हैं।



इसके साथ एक्ट्रेस ने रेड कलर की टोपी पहनी है। उर्फी जैसे ही एयरपोर्ट से बाहर निकलती हैं पैपराजी उन्हें अपने कैमरे में कैद करने की होड़ में लग जाते हैं। पैप्स का देखते ही उर्फी जैकेट से अपना चेहरा छुपाने लगती हैं। यही नहीं उन्होंने काले रंग का चश्मा लगाया, इसके बावजूद अपनी आंखों को बालों ढकती दिखीं। इस वीडियो में उर्फी पैप्स से कह रही हैं, 'मेरी हालत देखो' और वह पैपराजी से अपनी तस्वीरें खींचने के लिए भी मना कर देती हैं। उर्फी जावेद का ये वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडिया पर यूजर्स के खूब कमेंट कर रहे हैं। इस पर कमेंट कर एक यूजर ने लिखा, 'लगता है कि प्लास्टिक सर्जरी करवाकर आई है।' एक दूसरा लिखता है, 'इसको एलर्जी हो गई है क्या?' एक ने लिखा, 'उर्फी जी अब क्या करवाया है आपने अपने चेहरे पर?' ऐसे कई और कमेंट्स उर्फी के इस वीडियो पर आ रहे हैं।

# जैकलीन फर्नांडिस की मां ने दुनिया को कहा अलविदा



**बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस पर दुखों का पहाड़ टूटा है। खबरों की मानें तो उनकी मां किम फर्नांडिस का निधन हो गया है। वह पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में भर्ती थीं। हालांकि, आज यानी 06 अप्रैल को उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया है। जैकलीन की मां हार्ट स्ट्रोक की वजह से मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती थीं।**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, जैकलीन फर्नांडिस की मां 24 मार्च को मुंबई के लीलावती अस्पताल और रिसर्च सेंटर में भर्ती हुई थीं। वो (इंटेंसिव केयर यूनिट) आईसीयू में एडमिट थीं। पिछले 13 दिनों से उनका इलाज चल रहा था, लेकिन आज उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। बता दें, इस खबर पर एक्ट्रेस की तरफ से अभी कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बता दें, 26 मार्च को राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच में गुवाहाटी में आईपीएल मैच में परफॉर्म करना था, लेकिन कहा जा रहा है कि मां की तबीयत के चलते एक्ट्रेस ने इवेंट में परफॉर्म नहीं किया था। जैकलीन के काम की बात करें तो उन्होंने साल 2009 में बॉलीवुड में डेब्यू किया था। उनकी पहली फिल्म का नाम था अलादीन। इस फिल्म में जैकलीन के साथ रितेश देशमुख नजर आए थे। जैकलीन हाउसफुल 2, मर्डर 2, किक, ब्रदर्स, ढिशूम और जुड़वा 2 जैसी कई फिल्मों में काम किया। हाल ही में वो सोनू सूद की फिल्म फतेह में भी नजर आई थीं।

# दिलजीत दोसांझ ने हॉलीवुड एक्टर विल स्मिथ से करवाया भांगड़ा



एक्टर, सिंगर दिलजीत दोसांझ अक्सर अपने स्टेज शोज के लिए देश से बाहर रहते हैं। दुनियाभर में उनके टैलेंट को पसंद किया जाता है। विदेश में सिंगर की जबरदस्त फैन फॉलोइंग हैं। अब सिंगर के फैंस की लिस्ट में विदेशी एक्टर विल स्मिथ का नाम भी जुड़ गया है। हाल में दिलजीत दोसांझ ने विल स्मिथ से मुलाकात की। दोनों की ये मुलाकात इतनी खास रही कि अब इनका डांस वीडियो वायरल हो रहा है। दिलजीत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वीडियो शेयर किया है। एक्टर्स ने कैप्शन में लिखा है, "पंजाबी आ गए ओए"। वीडियो में देखा जा सकता है कि विल स्मिथ अपने हाथों में फोन से सिंगर की तस्वीर दिखाते हैं और पीछे से दिलजीत सफेद कुर्ते-पायजामे और लाल पगड़ी पहने सामने आ जाते हैं। दोनों पंजाबी गाने पर एक दूसरे के डांस स्टेप फॉलो करते दिख रहे हैं। इस वीडियो पर नोरा फतेही ने कमेंट किया है। वहीं फैंस रियेक्ट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि विल स्मिथ को सिर्फ दिलजीत नचा सकते हैं।

इस वीडियो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'आज इंटरनेट पर सबसे खूबसूरत वीडियो', एक और यूजर ने लिखा, 'इसकी उम्मीद नहीं थी', एक और यूजर ने लिखा, 'य सबसे खास कोलैबोरेशन है'। दिलजीत और स्मिथ का ये वीडियो फैंस पसंद कर रहे हैं। बता दें, फरवरी में विल स्मिथ ने दिलजीत के एक पोस्ट पर फायर का कमेंट किया था, जिस पर एक्टर-सिंगर ने रियेक्ट किया था। अब दोनों को साथ में डांस करते देख एक्टर्स के फैंस पसंद कर रहे हैं। वैसे ये कोई पहला मौका नहीं है, दिलजीत अपने गानों पर प्रभास, दीपिका पादुकोण समेत कई सेलेब्रिटी को नचा चुके हैं।

# सनी देओल से मिलने फिल्म जाट के सेट पर पहुंचे बाहुबली प्रभास



बॉलीवुड गदर एक्टर सनी देओल इन दिनों अपनी फिल्म जाट को लेकर खबरों में बने हुए हैं। फिल्म इस शुक्रवार को दस्तक देने वाली है। इस बीच एक्टर की एक तस्वीर वायरल हो रही है जिसमें उन्हें बाहुबली स्टार सनी देओल के साथ देखा जा सकता है। ये तस्वीर सामने आने के बाद फैंस इन्हें फिल्म में साथ देखने की बात कर रहे हैं। दोनों स्टार की जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। इन्हें फिल्म में कब देखा जाएगा इसकी जानकारी नहीं लेकिन इनकी साथ तस्वीर देख फैंस खुश हैं। डायरेक्टर गोपीचंद ने ये तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, ₹हमारे जाट के सेट पर सबसे शानदार और सबसे पावरफुल सितारों, सनी देओल सर और प्रभास गारू के साथ कुछ यादगार पल शेयर करना एक कभी न भूलने वाला पल। फिल्म 10 अप्रैल को दुनिया भर में रिलीज हो रही है।₹हाल में जाट का शानदार ट्रेलर रिलीज किया गया था जिसे देखने के बाद फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा को विलेन बने देखना खास होगा। फिल्म को गोपीचंद ने डायरेक्ट किया है। ये उनकी पहली हिंदी डायरेक्टोरियल फिल्म है। फिल्म जबरदस्त एक्शन से भरपूर होने वाली है। जाट की कहानी एक खतरनाक विलेन राणातुंगा से बचाने के लिए जाट सनी देओल आते हैं।

# शिवसेना के लीडर ने किया सलमान खान को सपोर्ट



**बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म सिकंदर हाल ही में सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फैंस को उम्मीद थी कि सलमान खान की सिकंदर बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि, फिल्म ऐसा कर पाने में असफल रही है। सलमान खान की सिकंदर की जमकर आलोचना हो रही है। इस बीच शिवसेना लीडर और सलमान खान के दोस्त ने उनके लिए एक पोस्ट लिखा है। उनका कहना है कि सलमान खान किसी भी युग से बड़े हैं।**

शिवसेना (शिंदे गुट) युवासेना के जनरल सेक्रेटरी राहुल कनल ने एक्स हैंडल पर ट्वीट कर सलमान खान के लिए पोस्ट लिखा। उन्होंने लिखा- वो किसी भी युगया फेज से बड़े हैंक्योंकि वो रियल हैं। भगवान की दया से लोगों का बेस्ट नंबर बस औसत हैभाईभाई हैंफैंडम लोगों से होता हैऔर लोग भाई के साथ हैंप्यार से बढ़कर और कोई पी नहीं होता है। असल को कोई नकल की जरूरत नहींभगवान महान है।₹ राहुल कनल का ये पोस्ट सलमान खान की आलोचनाओं के बीच आया है। राहुल के पोस्ट पर एक यूजर मे कमेंट किया कि सलमान भाई को बोलो उनके फैंस चाहते हैं कि वो बड़े और सफल डायरेक्टर्स के साथ काम करें। हम फैंस और भाई खुद भी कुछ बेहतर डिजर्व करते हैं। एक दूसरे यूजर ने लिखा- सच बोलूं तो उन्हें अब रिटायर हो जाना चाहिए। उनका इस तरह की फिल्में करना उनके स्टारडम को कम कर रहा है। वहीं, एक ने लिखा- सलमान अपने फैंस की सुनिए।

# प्रियंका के हाथ लगी साउथ की एक और मूवी!



प्रियंका चोपड़ा लंबे समय से हॉलीवुड में काम कर रही थीं। बॉलीवुड के फैंस उनका हिंदी फिल्म में काम करने का इंतजार कर रहे थे। फिलहाल वो साउथ के फेमस डायरेक्टर एसएस राजामौली की फिल्म में महेश बाबू संग काम कर रही हैं। अब खबर है कि उनके हाथ एक और फिल्म लगी है। वो भी साउथ के डायरेक्टर की। वो और कोई नहीं, बल्कि एटली हैं, जिन्होंने शाहरुख खान की 'जवान' का निर्देशन किया था। खबर है कि एटली की फिल्म में प्रियंका को अल्लू अर्जुन के साथ देखा जाएगा। Allu Arjun बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने वाली फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज के बाद अब अगली मूवी को लेकर चर्चा में हैं। अफवाह है कि वो फेमस डायरेक्टर एटली संग काम करेंगे। अब अटकलें लगाई जा रही हैं कि मेकर्स एक और हाई-प्रोफाइल बॉलीवुड स्टार पर विचार कर रहे हैं।एटली पहले सलमान खान के साथ एक फिल्म का निर्देशन करने वाले थे, लेकिन ये प्रोजेक्ट ठंडे बस्ते में चला गया है। चर्चा है कि एक बॉलीवुड एक्ट्रेस इसमें कदम रखेगी। लेट्स सिनेमा की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा को इस प्रोजेक्ट के लिए फीमेल लीड के रोल में माना जा रहा है। अभी इसका नाम 'पैरेलल यूनिवर्स' रखा गया है, जो टेम्पेरेरी है। इसमें अल्लू अर्जुन डबल रोल में नजर आ सकते हैं। हालांकि, अभी तक इसपर ऑफशियली कोई बयान नहीं है। प्रियंका चोपड़ा इस समय राजामौली की जंगल एडवेंचर 'SSMB 29' (नाम तय नहीं) में महेश बाबू और पृथ्वीराज सुकुमारन संग एक्टिंग कर रही हैं। करीब 4 साल के गैप के बाद प्रियंका की इंडियन सिनेमा में वापसी होगी।

# दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने शेयर किया इमोशनल पोस्ट



**दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र का हाल ही में किया गया एक इंस्टाग्राम पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस पोस्ट में धर्मेंद्र ने अपने जिगरी दोस्त रहे मनोज कुमार को याद करते हुए अपने दिल की बात शेयर की है। बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र का हाल ही में किया गया एक इंस्टाग्राम पोस्ट सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।**

इस पोस्ट में धर्मेंद्र ने अपने जिगरी दोस्त रहे मनोज कुमार को याद करते हुए अपने दिल की बात शेयर की है। मनोज कुमार के निधन के बाद धर्मेंद्र बेहद भावुक हो गए हैं और उन्होंने इस बारे में एक भावुक पोस्ट भी साझा किया है। धर्मेंद्र ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पुरानी फोटो शेयर की, जिसमें वह और मनोज कुमार दोनों साथ में दिखाई दे रहे हैं। यह फोटो उनके जवानी के दिनों की है, जिसमें दोनों सुपरस्टार काफी स्मार्ट और खुश नजर आ रहे हैं। दोनों ने एक ही ट्रॉफी पकड़ी हुई है और उनके चेहरे पर मुस्कान साफ दिख रही है। धर्मेंद्र ने इस फोटो के साथ लिखा, 'मनोज, मेरे यार, तेरे साथ बीता हर पल बहुत याद आएगा।' मनोज कुमार का निधन 4 अप्रैल को मुंबई के लीलावती हॉस्पिटल में हुआ था। इस दुखद खबर के बाद धर्मेंद्र अपने दोस्त को आखिरी विदाई देने के लिए अस्पताल भी पहुंचे थे। धर्मेंद्र और मनोज कुमार ने साथ में कई सफल फिल्मों में काम किया था, जैसे 'शादी' और 'मैदान-ए-जंग'। दोनों के बीच गहरी दोस्ती थी, और ऐसे में धर्मेंद्र इस दुखद समय में काफी इमोशनल नजर आ रहे हैं।